फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 18 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 358, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी 16
करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू 15

# चुनावी बॉण्ड से भाजपा को सबसे अधिक 6,986 करोड़ रुपये मिले

## लाभ पाने में टीएमसी दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नए आंकड़े रविवार को सार्वजनिक किए। यह आंकड़े आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे थे। कोर्ट ने बाद में इन्हें आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि ये आंकड़े (विवरण) 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। अब रद हो चुके चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपये का दान दिया। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना के लागू होने के बाद से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) (1,322 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।





● निर्वाचन आयोग ने सार्वजनिक किए चुनावी बॉण्ड से संबंधित नए आंकड़े

ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद द्रमुक ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। गैर सरकारी संगठन, एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2018 से जनवरी 2024 तक 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड बेचे गए थे। दोनों आंकड़ों को मिलाकर अनुमान लगाया गया है कि योजना की पूरी अवधि के दौरान भाजपा को कुल 7,700 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनता दल (सेक्युलर) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिंग कंपनी 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड की सबसे बड़ी खरीदार थी, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़, राजद ने 56 करोड़, सपा ने 14.05 करोड़ प्राप्त किए। अकाली दल ने 7.26 करोड़, अन्नाद्रमुक ने 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 50 लाख रुपये के बॉण्ड भुनाए। आम आदमी पार्टी को 65.45 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि निर्वाचन आयोग में दी गई जानकारी के बाद उसे 3.55 करोड़ रुपये और मिलने का अनुमान है, जिससे कुल दान 69 करोड़ रुपये हो गया।

### बॉण्ड एक प्रयोग, कितना फायदेमंद रहा समय बताएगा

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है और वक्त आने पर पता चलेगा कि यह कितना फायदेमंद और प्रभावी रहा। चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जतायी जा रही चिंताओं और लाभ पाने के लिए इन्हें खरीदने के दावों के बारे में होसबाले ने कहा कि संघ ने अभी तक इसके बारे में चर्चा नहीं की है क्योंकि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि यह नियंत्रण और संतुलन के साथ किया गया और ऐसा नहीं है कि चुनावी बॉण्ड आज अचानक पेश किए गए, ऐसी योजना पहले भी लाई गई थी। जब भी कोई बदलाव होता है तो सवाल उठाए जाते हैं। जब ईवीएम लाई गई थीं तब भी सवाल उठाए गए थे। जब नयी चीजें आती हैं तो लोगों का सवाल उठाना स्वाभाविक है।

## अरुणाचल और सिक्किम में अब दो जून को मतगणना

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया गया है। दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच 28 मार्च, नाम वापसी 30 मार्च को और मतगणना दो जून को होगी।

## घोषणा पत्र की मंजूरी को सीडब्ल्यूसी की बैठक कल होगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) 19 मार्च को होने वाली अपनी बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र पर चर्चा करेगी और इसे अंतिम रूप देगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी 19 से 20 मार्च को बैठक होने की संभावना है जिसमें 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शेष उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह जानकारी दी।

### अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में बदलाव

# दत्तात्रेय होसबोले फिर बने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने तीन दिन के मंथन के बाद अहम प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए रविवार को दत्तात्रेय होसबोले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। बाद में उनकी ओर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समेत उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी कई परिवर्तन हुए हैं।

संघ में जनरल सेक्रेटरी (महासचिव) को सरकार्यवाह कहते हैं। सरसंघचालक (प्रमुख) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पद सरकार्यवाह का ही होता है। दत्तात्रेय होसबाले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। छह साल के अंतराल के बाद आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक 15 मार्च को मुख्यालय नागपुर में शुरू हुई थी। रविवार अपराह्न सरसंघचालक मोहन भागवत के पाथेय के बाद बैठक का समापन हुआ। संघ की कार्यकारिणी के पुनर्गठन में डॉ. मनमोहन वैद्य को सह सरकार्यवाह के पद से मुक्त कर दिया गया। जबकि छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं। पुनः सरकार्यवाह चुने गए दत्तात्रेय होसबाले द्वारा कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार को सह सरकार्यवाह नियुक्त किया गया है। दिल्ली प्रांत कार्यवाह भारत भूषण को अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है, जबकि अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामेश्वर को शामिल किया गया है। इसके अलावा नवल को अखिल भारतीय गौ सेवा और अनिल ओंक को अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख (अब केंद्र जयपुर होगा) बनाया गया है।

● तीन दिन चला मंथन, छह सह सरकार्यवाह भी नियुक्त





सरकार्यवाह चुने जाने पर होसबोले को बधाई देते सर संघ चालक मोहन भागवत।

### उत्तर क्षेत्र में यह बदलाव

जतिन को उत्तर क्षेत्र प्रचारक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भनवीर को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, रोशन लाल को क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, गेंदालाल को सह क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, योगेन्द्र को सह सम्पर्क प्रमुख, सुरेंद्र पाल को प्रांत प्रचारक हरियाणा, विजयानंद को प्रांत प्रचारक जोधपुर प्रांत, विशाल को सह प्रांत प्रचारक जयपुर प्रांत, धर्मेन्द्र को सह प्रांत प्रचारक चित्तौड़, विक्रांत को सह संघचालक जम्मू कश्मीर, अवतार को प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर, अजय को सह प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर नियुक्त किया गया है।

### हरीश रौतेला पदोन्नत, सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बने

संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से संबंधित भी कई बदलाव किए गए हैं। कृष्ण मोहन को क्षेत्र संघचालक, पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। इस दायित्व पर रहे सीए वीरेंद्रजीत को मुक्त कर दिया गया। अजय को क्षेत्र पर्यावरण प्रमुख पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। कानपुर वाले रमेश को सह-प्रांत प्रचारक कानपुर से प्रांत प्रचारक काशी बनाया गया है। प्रांत प्रचारक काशी रहे रमेश को अब प्रांत प्रचारक गोरक्ष (गोरखपुर) प्रांत बनाया गया है। युद्धवीर को क्षेत्र सेवा प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अनिल श्रीवास्तव को सह क्षेत्र कार्यवाह, रामकेश को प्रांत कार्यवाह कानपुर, सुभाष को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, मुनीश को सह प्रांत प्रचारक कानपुर बनाया गया है। ब्रज प्रांत के हरीश रौतेला को प्रोन्नति देकर सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बनाया गया। अवध प्रांत प्रचारक कौशल अवध प्रांत में ही रहेंगे, धर्मेंद्र ब्रज प्रांत के प्रचारक नियुक्त हुए हैं।



## एक नजर

### सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने दिया बेटे को जन्म

**बठिंडा।** लोकप्रिय दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता के घर रविवार को एक नन्हे मेहमान ने दस्तक दी। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की मां चरण कौर ने एक बालक को जन्म दिया है। पंजाब के मानसा जिले में करीब दो साल पहले मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर बेटे के जन्म की घोषणा की और कहा कि उनकी पत्नी चरण कौर ने मूसेवाला के छोटे भाई को जन्म दिया है।

### आठ लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के करकानार के जंगल में पुलिस के एक संयुक्त दल ने आठ लाख रुपये के एक इनामी नक्सली को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोयलीबेड़ा क्षेत्र के करकानार के जंगलों में डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम की कल नक्सलियों से जबरदस्त मुठभेड़ हुई, जिसमे पुलिस दल को एक बार फिर बड़ी सफ़लता हाथ लगी। जवानों ने नक्सलियों के मिलिट्री कंपनी पांच के प्लाटून कमांडर मनखेर को मार गिराया। इस पर शासन ने आठ लाख रुपये का इनाम घोषित का रखा था।

### सीयूईटी-स्नातक परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातक (सीयूइटी-यूजी) पूर्व घोषित कार्यक्रम 15 मई से 31 मई 2024 के बीच होगी और लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह घोषणा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने रविवार को की। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा के लिए समय-सारिणी जारी की जाएगी। यूजीसी प्रमुख ने कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया जा सकता है।

### यूट्यूबर एल्विश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने यहां एक पार्टी में नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल की जांच के संबंध में यूट्यूबर एल्विश यादव को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यादव पिछले साल तीन नवंबर को यहां सेक्टर-49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद छह आरोपियों में से एक हैं। मामला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रावधानों और आईपीसी धारा 120बी के तहत दर्ज किया गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) मनीष मिश्रा ने बताया कि जांच कर रही सेक्टर-20 थाने की एक टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ रिपोर्ट

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। लगभग एक साल से अधिक समय से महादेव एप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। महादेव एप के दो मुख्य प्रवर्तक छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते हैं।

ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने कहा कि ईडी मामले की जांच कर रही है और राज्य की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर चार मार्च को यहां ईओडब्ल्यू थाने में बघेल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल, एप प्रवर्तकों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल तथा 14 अन्य को प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।



● महादेव सट्टा एप मामले में 18 अन्य के खिलाफ एफआईआर

### कोविड के समय प्रतिमाह कमाए 450 करोड़ रुपये

प्राथमिकी में दावा किया गया है कि कोविड-19 के कारण 2020 में लॉकडाउन लागू होने के बाद प्रवर्तकों और एप से जुड़े पैनल संचालकों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से प्रति माह लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए। प्राथमिकी के मुताबिक, एप के प्रवर्तकों एवं पैनल संचालकों ने अवैध रूप से प्राप्त धन के लेन-देन के लिए फर्जी दस्तावेज पर बैंक खाते खोले थे। पैनल संचालकों ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में प्रवर्तकों को अवैध धन हस्तांतरित किया। एप के प्रवर्तकों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं को मोटी रकम दी थी।

# ईडी ने केजरीवाल को दिल्ली जल बोर्ड मामले में भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। केजरीवाल (55) को सोमवार 18 मार्च को एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने और बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

धनशोधन रोधी कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है जिसमें केजरीवाल को बुलाया गया है। इससे पहले, उन्हें दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में समन जारी किए गए हैं। नौवां समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। डीजेबी मामले में, ईडी ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार के विभाग द्वारा दिए गए ठेका में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। ईडी का मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है।



● पूछताछ के लिए आज अपने दिल्ली कार्यालय में बुलाया

## तीरंदाज शीतल बनीं निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय दूत

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ और दिल्ली जिला क्रिकेट संघ के साथ मिलकर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे।



**योजना में पेच** शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के दिए निर्देश

# बिना प्रमाणीकरण गांवों में 'हर घर जल'

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रमाणीकरण में फंसी है। यह कार्य जल निगम (ग्रामीण) ने कंपनियों को दिया है। स्थिति यह है कि 66 जिलों पर फेज-2, 3 व 5 में 88,637 राजस्व ग्रामों में फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं।

यानी इतने गांवों के 100 फीसदी घरों पर कनेक्शन देकर नलों से जलापूर्ति की गई है। लेकिन, इसके सापेक्ष 16,902 ग्राम ही कनेक्शन धारकों के आधार कार्ड लेकर पोर्टल पर चिह्नित हो पाए हैं। जबकि प्रमाणीकरण 5,545 ग्रामों का हुआ है। अब तक 2,66,20,859 घर के सापेक्ष 2,12,11,102 फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं। शासन ने डीएम व सीडीओ को शीर्ष 10 जिलों में 100 फीसदी प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए हैं।

**88,637**
राजस्व ग्रामों में 16,902 चिह्नित और 5,545 प्रमाणित

**100**
फीसदी कनेक्शन व आपूर्ति करने के बाद प्रगति खराब

### सबसे खराब प्रगति

| | |
|---|---|
| ● उन्नाव - | 21.33 फीसदी |
| ● फिरोजाबाद - | 27.37 फीसदी |
| ● आगरा - | 30.53 फीसदी |
| ● मथुरा - | 32.33 फीसदी |
| ● बलिया - | 33.17 फीसदी |

**9723 ग्रामों का मांगा प्रमाण, 92 को मिली भूमि:** 9723 ग्रामों जल निगम कनेक्शन कर चुका है। शासन ने सभी पूर्ण कार्य के साथ प्रमाण मांगा है। ग्राम सभाओं में परियोजनाएं हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, विभिन्न पाइप लाइन योजना के लिए 92 भूमि यानी स्थलों के आवंटन और विवाद का समाधान नहीं हुआ है।





**रमजान मुबारक**

**18 मार्च, इफ्तार**
सुन्नी- 6 बजकर 29 मिनट
शिया- 6 बजकर 36 मिनट

**19 मार्च सहरी**
सुन्नी- 4 बजकर 49 मिनट
शिया- 4 बजकर 49 मिनट

**नोट-** क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।




# नौ घंटे ठप रही पहाड़ी गेट की बिजली

## सुबह 10 से शाम सात बजे तक कराया गया खंभे-तार बदलने का काम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में सीमेंट के खंभे लगाने और तार डालने का काम किया जा रहा है। इसके चलते कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रविवार को शहर के पहाड़ी गेट बिजलीघर से नौ घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही।

विद्युत निगम की ओर से रिवैंप योजना के तहत नवीनीकरण का काम कराया जा रहा है। इसमें लोहे के खंभों को बदलकर सीमेंट के खंभे लगा दिए गए है। कई जगह अभी भी खंभों को बदला जा रहा है। इसी के तहत रविवार को पहाड़ी गेट क्षेत्र में सीमेंट के खंभे लगाने का कार्य कराया गया। इसके चलते सुबह 10 से शाम सात बजे तक बिजलीघर के सभी फीडरों से आपूर्ति बंद करा दी गई। मोहल्ला मस्जिद झब्बू खां, चाह खजान खां, तालाब मुल्ला एरम, पक्का बाग, पुराना गंज, बिलासपुर गेट क्षेत्र के मोहल्ला घेर तोगा, शुतरखाना समेत कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। रोजेदार और आमजन को पानी की दिक्कत हुई। बिजली जाने पर कई घरों में मोटर न चलने की वजह से पानी की समस्या खड़ी हो गई। नौ घंटे तक बिजली नहीं आने से लोग पानी की समस्या से जूझते रहे। इसके अलावा शहर के और भी कई क्षेत्रों में जर्जर और पुराने खंभों को बदलने का कार्य कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि शहरवासियों को निर्बाध रूप से आपूर्ति दिलाने के लिए कार्य कराया जा रहा है। जो लाइनें जर्जर होकर लटक रही हैं, उन्हें उतरवाकर नए खंभे लगाए जा रहे हैं। ताकि लाइनों में ज्यादा बड़ी खराबी न आ सके।



खंभे की मरम्मत करते विद्युतकर्मी। ● अमृत विचार

### दिन ढलते ही घरों में छा गया अंधेरा

रविवार की सुबह 10 से शाम सात बजे तक बिजली नहीं आने से दिन ढलने पर घरों में अंधेरा छा गया। लोगों के घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। नौ घंटे तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया तो वह सिर्फ जल्द ही बिजली दिलाए जाने का आश्वासन देते रहे। लेकिन सप्लाई रात बजे ही सुचारु हुई।

### आठ फीडरों से 17,000 उपभोक्ताओं को मिल रही बिजली

पहाड़ी गेट बिजलीघर में आठ फीडर है। इसमें मस्जिद झब्बू खां, चाह खजान खां, तालाब मुल्ला ऐरम, पक्का बाग, पुराना गंज, बिलासपुर गेट, घेर तोगां के फीडरों से 17,000 उपभोक्ताओं को बिजली मिल रही है। रविवार को पुराने खंभे और तारों को बदलने की वजह से उपभोक्ताओं को नौ घंटे तक बिजली नहीं मिल पाई। इसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

> रिवैंप योजना के तहत खंभे और तारों को बदलने का कार्य कराया जा रहा है। इसके चलते उपभोक्ताओं की असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए ठेकेदार को जल्द ही कार्य को पूरा कराए जाने को कहा गया है। -**इमरान खां,** एक्सईएन प्रथम नवाबगेट

## मकान स्वामी की अनुमति के बिना राजनीतिक दल नहीं लगा सकेंगे पोस्टर

**रामपुर, अमृत विचार :** चुनाव आते ही शहर के मकानों की दीवारें राजनैतिक पोस्टर से ढक जाया करती थीं। इससे रंग-रोगन किए मकान की शोभा खत्म हो जाती थी। इस चुनाव से शासन ने इस प्रथा पर रोक लगाने की पहल शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने आचार संहिता के अनुपालन में निर्देश जारी किया है कि इस बार चुनाव में पोस्टर चिपकाने से पहले मकान स्वामी की अनुमति लेनी जरूरी होगी। कोई भी राजनैतिक दल बिना अनुमति के किसी की भूमि, भवन, परिसर की दीवार आदि पर झंडा नहीं लगा सकते। बैनर भी अनुमति बगैर भी नहीं लटका सकते हैं। कोई राजनीतिक सूचना, प्रचार एवं नारा लिखने के लिए मकान स्वामी से अनुमति अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि राजकीय कर्मचारी किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि, प्रचार-प्रसार आदि में संलिप्त नहीं होंगे। राज्य सरकार व जिला प्रशासन के अधिकारी निर्वाचन दौरे पर केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रियों की प्रोटोकाल के तहत अगुवाई या विदाई नहीं करेंगे।

# दसवीं की 10,000 व बारहवीं की 8000 कापियों का हुआ मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के दो विद्यालयों में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से शुरू हो गया। रविवार को रजा इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 8,936 और मुर्तजा इंटर कॉलेज में दसवीं की 10,000 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। मूल्यांकन सोमवार को भी जारी रहेगा।

जिले में 22 फरवरी से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हुई थीं। नौ मार्च को परीक्षाओं का समापन हो गया था। इसके बाद शनिवार से कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया। राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। रविवार को रजा इंटर कॉलेज में 8,936 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। मुर्तजा इंटर कॉलेज में 10,000 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। बोर्ड परीक्षा की तरह मूल्यांकन भी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में किया जा रहा है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर अधिकारी लगातार सक्रिय हैं। डीआईओएस भी निरीक्षण कर रहे हैं।

### 160 शिक्षकों पर होगी कानूनी कार्रवाई

राजकीय रजा इंटर कॉलेज में शनिवार से कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। इसमें करीब 300 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें से 160 शिक्षक कॉपियां चेक करने नहीं आ रहे हैं। रजा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अभिलाष कुमार ने बताया कि इन शिक्षकों के खिलाफ बोर्ड के नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।

**▸▸ राजकीय रजा इंटर कॉलेज और मुर्तजा इंटर कॉलेज में चल रहा मूल्यांकन कार्य**

> रविवार को भी यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। हाईस्कूल की राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज और राजकीय रजा इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। -**मुन्ने अली,** जिला विद्यालय निरीक्षक

## ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.



# शिविर में किया रोगियों का परीक्षण




शिविर में रोगी का परीक्षण करतीं डा. फरहीना शेख। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** टैक्सी स्टैंड स्थित एचसीआरएस हास्पिटल की ओर से निशुल्क शिविर में 92 रोगियों का परीक्षण किया गया। इसमें जनरल फिजिशियन डा. दिनेश कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डा. फरहीना शेख, दंत रोग विशेषज्ञ डा. क्षमा अग्रवाल ने रोगियों का परीक्षण किया। शिविर में रोगियों की शुगर की जांच भी कराई गई।

रोटरी अस्पताल के कन्वीनर डा. संजीव सिंघल ने बताया कि सोमवार को रोटरी क्लब द्वारा रोगियों को मुफ्त में दवा दी जाएंगी। कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस में शाम चार से सात बजे तक निशुल्क शुगर जांच, ब्लड प्रेशर एवं वजन की सुविधा दी जाएगी। बताया कि बीमारियों से बचने के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर थोड़े-थोड़े अंतराल पर लगाएंगे। इस अवसर पर संजीव सिंघल, दिनेश जैन, प्रदीप अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, धीरेंद्र अग्रवाल, शलभ गोयल, मंयक अग्रवाल, सीपी अरोरा, तीरथ सिंह, प्रदीप बंसल, पुष्पेंद्र अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## किसानों ने भाकियू टिकैत का दामन थामा

**मिलक, अमृत विचार :** रविवार को भाकियू टिकैत की भंवरका गांव में रईस दूल्हा के आवास पर सदस्यता अभियान के तहत पंचायत हुई। इसमें ब्लॉक अध्यक्ष राम बहादुर सिंह यादव के नेतृत्व में तमाम किसानों को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की सदस्यता ग्रहण कराई गई।

इस दौरान इम्तियाज अहमद को ग्राम भंवरका तथा रईस अहमद को ग्राम भंवरकी का ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी प्रकार क्षेत्र के कल्यानपुर में भी हुई बैठक में कल्लू खां ने अपने साथियों के साथ सदस्यता ग्रहण की।

कल्लू खां को ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल, शाहिद खान, सुहेल अहमद, अब्दुल रजाक, रंजीत गंगवार, राजेंद्र सिंह यादव, भूदेव आदि मौजूद रहे।

# होली को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, खरीदारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली नजदीक आते ही बाजार भी गुलजार हो गए हैं। दुकानों पर लोगों की भीड़ जुट रही है। कपड़े, कास्मेटिक, खाद्य पदार्थों, रंगों व पिचकारियों की दुकानों पर चहल-पहल है। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को लुभाने के लिए परंपरा के साथ आधुनिकता का भी ध्यान रखा है।

कपड़ा बाजार में महिलाओं व युवतियों के लिए हर किस्म के परिधान हैं। साड़ियों में बनारसी, गुजराती, सिल्क साड़ियों की काफी मांग है। चिकन व सलवार सूट, लेडीज जींस, टीशर्ट व प्लाजो, नायरा, सूट, कुर्ती, पैंट डिजाइनर साड़ी की बिक्री भी खूब हो रही है। पुरुषों के लिए में जींस टी शर्ट, पैंट शर्ट के साथ विभिन्न रंगों और डिजाइन में कुर्ता और पायजामा भी हैं। होली में पहनी जाने वाली टोपी, अबीर-गुलाल और रंग की दुकानों पर भी काफी भीड़ है। रविवार को शहर के पुराना गंज, मिस्टनगंज, सिविल लाइंस और ज्वालानगर आदि में लोगों की भीड़ लगी रही। कपड़ा बाजार में नए कपड़ों के साथ होली खेलने के लिए सफेद टीशर्ट भी खूब खरीदी गई। दुकान पर कपड़े खरीदने पहुंच रहे बच्चे ज्यादतर टी शर्ट पसंद कर रहे हैं। बाजार में परंपरागत पकवानों के साथ चिप्स, पापड़, दाल मोठ, बेकरी के आइटम, सूखे मेवे और मिष्ठान आदि के स्टॉल लग गए है। विशेष आर्डर भी दुकानदार ले रहे हैं।



दुकानों पर रखीं रंग-बिरंगी पिचकारी, स्प्रे कलर। ● अमृत विचार

**▸▸ पुराना गंज, मिस्टनगंज सिविल लाइंस, ज्वालानगर आदि क्षेत्रों में सजी दुकानें**

### ग्राहकों को लुभा रही स्पार्कल गन व पटाखे

बाजारों में होली का रंग चढ़ना शुरू हो गया है। होली शुरू होने में बस कुछ ही दिन शेष हैं। इसकें लिए बाजारों में दुकानें सज चुकी हैं। दुकानों पर तरह-तरह की पिचकारियां, मास्क, टोपियां, गुलाल और कई तरह के रंग उपलब्ध है। स्पार्कल गन, सिलेंडर बम, फैन बम, अनार बम, कलर फॉग सहित कई अन्य आकर्षक वस्तुएं ग्राहकों का लुभा रही हैं। स्पार्कल गन में गुलाल की कार्ट्रेज इस्तेमाल की जाती है। जो एक झटके में काफी प्रेशर से गुलाल फेंकती हैं। युवाओं में इसकी काफी मांग है। गन में दो छोटे सेल लगते हैं। मिस्टनगंज में होल सेलर विक्रेता मनोज कुमार ने बताया कि 100 से लेकर 600 रुपये तक रंग-बिरंगी पिचकारियां हैं। बच्चों के लिए गुलाल के पटाखे भी हैं। स्पार्कल गन 400-500 रुपये की है। गुलाल की पिचकारी 300 रुपये की हैं। स्पार्कल गन में लगने वाला गुलाल का पैकेट 600 रुपये का है।

## शहर में आज

- ☞ यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रजा इंटर कॉलेज में सुबह 10:30 बजे।
- ☞ भमरौआ मंदिर के परिसर में भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक प्रात: 5:15 बजे।

## एक नजर

### त्योहारों के मद्देनजर एसपी ने क्षेत्र में की पैदल गश्त

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने आगामी त्योहारों, लोकसभा चुनाव व अपराध नियंत्रण के मद्देनजर शहर में पैदल गश्त की। रविवार को शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त की। पैदल गश्त के दौरान बच्चों से प्यार भी किया। इस मौके पर कई थानों के प्रभारी भी मौजूद रहे।

### पुलिस ने चाकू के साथ आरोपी को पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादनगर पुलिस चाकू के साथ आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने कल्लू निवासी मगरमऊ थाना शहजादनगर को दबका तिराहे से चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

# केमिकल युक्त रंगों ने ली टेसू की फूलों की जगह

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** रंग और उमंग का त्योहार होली अपने प्राकृतिक रूप से दूर होता जा रहा है। कभी टेसू के फूलों और प्राकृतिक रंगों से होली खेली जाती थी। इसी जगह अब खतरनाक केमिकल युक्त रासायनिक रंगों ने ले ली है।

बाजार में उपलब्ध सस्ते केमिकल युक्त रंगों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे रंग लगने से त्वचा और आंखों से संबंधित कई रोग हो सकते हैं। होली से पहले लोगों को खतरनाक रंगों से सावधान रहने के लिए परिवार के बुजुर्ग हिदायत देते हैं, पर मस्ती में युवा इन नसीहतों को भूल जाते हैं। हानिकारक केमिकल से तैयार किए गए हरे रंग का खुद उपयोग करते हैं और दूसरों से भी ऐसा ही रंग लगवाते हैं। इससे आंखों में जलन, खुजली, सिरदर्द आदि की समस्याएं पैदा हो जाती हैं। रंग भरे गुब्बारे फेंकने से लोगों को चोट तो आती ही है, कभी कभार उसका रंग आंखों में जाने से आंखों की रोशनी जाने का भी खतरा बना रहता है। डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि खुशियों और उमंग के त्योहार होली पर रासायनिक रंगों का प्रयोग न करके अबीर और गुलाल का ही प्रयोग करें।

### रंग खेलने से पहले लगा लें चिकनाई



होली वाले दिन रंग खेलने से पहले शरीर पर क्रीम या तेल लगा लें। इससे हानिकारक रंगों का असर कम हो जाता है। सांस के मरीज रंगों से परहेज करें। एक-दूसरे की आंखों में रंग डालने से बचें। घटिया रंग से त्वचा पर जलन हो सकती है। इसलिए घर में रखे देसी घी को सबसे पहले त्वचा पर लगाएं, इससे आराम मिलेगा। घर में एंटी एलर्जिक दवाएं भी रखें। ज्यादा दिक्कत होने पर तत्काल डॉक्टर को दिखाएं। -**डॉ. मोहम्मद सालिम,** जनरल फिजिशियन

### आंखों का रखें खास ख्याल



आंखों में रंगों के पड़ जाने पर घबराएं नहीं, बल्कि आंखों को साफ पानी से 10-15 मिनट तक अच्छी तरह धोएं। आंखों को बिल्कुल न रगड़ें। इससे रंग आंखों में फैल सकता है। इससे और अधिक समस्या बन सकती है। होली के खेलने के लिए हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें। रासायनिक रंगों के प्रयोग से बचें। -**डॉ. मनोज कुमार सिंह,** नेत्र रोग विशेषज्ञ

## भवन से उतर जाएगी राजनेताओं की तस्वीर

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने की अवधि तक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री एवं अन्य राजनीतिक पदाधिकारी (जिनमें से कोई सार्वजनिक जीवन में अभी भी सक्रिय हैं और चुनाव लड़ रहे हैं) उनकी फोटो सरकारी भवन अथवा परिसर में प्रदर्शित नहीं होनी चाहिए।

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जो विज्ञापन व होर्डिंग परिवार नियोजन, सामाजिक कल्याण योजना आदि पर लोगों को जानकारी देने के लिए सरकार ने लगाई थीं, उन्हें प्रदर्शित किया जा सकता है। परंतु इनमें किसी भी जीवित राजनेता, पदाधिकारी या दल की उपलब्धियों की उपलब्धि का जिक्र है या जिस पर उनकी तस्वीर, नाम या पार्टी का प्रतीक लगा हुआ है, उन्हें तत्काल हटा देना चाहिए। अब सरकारी वेबसाइट के माध्यम से प्रचार नहीं किया जा सकता है।

# 11 दिन तक लगातार ड्यूटी करने वालों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली के पर्व को देखते हुए परिवहन निगम की ओर चालक-परिचालकों के लिए 22 मार्च से एक अप्रैल तक के लिए प्रोत्साहन राशि देने के आदेश कर दिए गए हैं। लगातार 11 दिन तक ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को 3300 किमी का सफर तय करने पर 4400 रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस योजना के जरिए निगम पर्व को भुनाने की तैयारी कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि होली का पर्व 25 मार्च को मनेगा। इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए दूसरे जिलों में काम कर रहे लोग होली से चार पांच दिन पहले अपने घरों को लौटने लगते हैं। ताकि वह परिवार के साथ त्योहार मना सके। इसके चलते रोडवेज बसों में काफी भीड़ हो जाती है। इस मौके को भुनाने के लिए परिवहन निगम भी पीछे नहीं रहना चाहता है। इसी को देखते हुए परिवहन निगम ने चालक और परिचालकों के लिए 22 मार्च से एक अप्रैल तक प्रोत्साहन राशि योजना चलाई है। इसमें डिपो कर्मचारियों को 11 दिन तक लगातार ड्यूटी करनी होगी।

डिपो के चालक-परिचालकों व संविदा से लेकर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को प्रोत्साहन योजना के जरिए सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा। 11 दिन लगातार ड्यूटी करते हुए 3300 किमी का सफर तय करने वाले चालक-परिचालकों को 4400 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं 10 दिन ड्यूटी कर 3000 किमी बस चलाने वालों को 3500 रुपये दिए जाएंगे। इससे ज्यादा बस चलाने पर प्रति किमी 55 पैसे के हिसाब से अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

> प्रोत्साहन योजना को लेकर निगम की ओर से दिशा-निर्देश जारी हो गए हैं। 22 मार्च से एक अप्रैल तक बसों का विशेष संचालन कराया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं। -**दीपचंद जैन,** एआरएम

### वर्तमान में रामपुर डिपो के पास हैं 72 बस

रामपुर डिपो के पास इस समय 72 बसें हैं। होली का त्योहार नजदीक आते ही रोडवेज के कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। बसों में मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। ताकि 22 मार्च से शुरू हो रही प्रोत्साहन राशि के मद्देनजर चालक और परिचालक ज्यादा से ज्यादा बसों के फेरे लगाएं। जिससे विभाग को फायदा हो सके।

**सहूलियत** प्रत्येक स्कूल में खाना बनाने के लिए कोई भी खरीद सकता है सामान

# रसोई का सामान खरीदने को मिले 12 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मध्याह्न भोजन योजना के तहत शासन की ओर से प्रत्येक स्कूल में रसोई घर का सामान लाने के लिए 700 रुपये भेजे गए हैं। इसमें रसोइया एप्रन, ग्लब्स सहित अन्य सामग्री खरीद सकते हैं। ताकि बच्चों को स्कूल में मिलने वाले भोजन में किसी प्रकार की परेशानी न आए। इससे रसोइया काफी खुश हैं।

उल्लेखनीय है कि शासन की ओर से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दोपहर का भोजन दिया जाता है। इसके लिए स्कूलों में रसोईघर भी बना है। इसमें तैनात रसोइया बच्चों के लिए खाना बनाते हैं। ताकि बच्चों को सही मात्रा में प्रोटीन मिलता रहा है। इसी के चलते शासन की ओर से अब रसोई घर में सामान खरीदने के लिए 700 रुपये प्रत्येक स्कूल को दिए गए हैं। मौजूदा समय में जिले के 1666 स्कूलों को एप्रन, ग्लब्स, बर्तन, डिब्बे, साबुन, तोलियां खरीदने के लिए पैसे दिए गए हैं। इस तरह से जिले को करीब 11,66,200 रुपये दिए हैं। इससे जिले के परिषदीय विद्यालयों को फायदा मिलेगा।

कई बार औचक निरीक्षण में यह बात सामने आई थी कि रसोइया बिना सुरक्षा के मानक पूरे करते हुए भोजन पका रहे हैं। विभाग बजट न होने की बात कहता रहा है। अब यह समस्या दूर हो गई है। रसोइया भोजन बनाते समय सुरक्षा के सभी उपाए पूरे करेंगे। रसोइयों को ग्लब्स, हाथ धोने का साबुन, लेखन सामग्री खरीदने के लिए बजट मिल गया है।

### सरकारी स्कूलों के बच्चों का सरकार रख रही ध्यान

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का सरकार पूरी तरह ध्यान रख रही है। ताकि, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो सके। इसे देखते हुए बच्चों के लिए समय-समय पर आदेश जारी किए जाते हैं। कुछ दिन पहले ही बच्चों को पैंसिल, रबर आदि खरीदने के लिए पैसा आया था। अब रसोइया के लिए 700 रुपये आए हैं।

> प्रत्येक रसोई घर के लिए शासन की ओर से 700 रुपये आए हैं। इसमें रसोई में उपयोग होने वाले बर्तन, डिब्बे, गिलास, तोलियां आदि खरीदा जा सकता है। ताकि बच्चों को सही से दोपहर का भोजन मिल सके। -**राहुल सक्सेना,** जिला समन्वयक, मिडे डे मिल

## अल्पसंख्यकों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**बिलासपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद नेताओं के साथ आम लोगों का भी पार्टियों में आना-जाना शुरू हो गया है।

रविवार को हुरमतनगर गांव के अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोग राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पहुंचे। उन्होंने राज्यमंत्री से मुलाकात कर भाजपा में अपनी आस्था जताई और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने फूलमालाएं व पार्टी का पटका पहनाकर और मुंह मीठा कराकर उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा नेता जसपाल सिंह गंगवार के नेतृत्व में आए इन लोगों में मौअज्जम खां, जावेद खां, भूरा मलिक, इल्याज अंसारी, शफी अहमद, मोहम्मद रफीक, सईद अहमद, मंजूर हुसैन, बब्बू खां, महफूज खां, मुर्तजा खां, फैज खां, खलील अंसारी, साबिर अली आदि शामिल रहे।

# निपुण घोषित 180 विद्यालयों के शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने शिक्षक-छात्र आत्मीय संबंध में अपने प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बंधित व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि बचपन में वह जिस विद्यालय में पढ़ते थे, वहां के अध्यापक उन्हें अपनी साइकिल पर बैठाकर स्कूल ले जाते थे। उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में शिक्षकों का बड़ा योगदान है।

जिला सहकारी बैंक सभागार में डीएलएड प्रशिक्षुओं के आकलन में जिले में निपुण घोषित 180 विद्यालयों के शिक्षकों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर है। आगे भी जनपद इसी प्रकार तरक्की और उन्नति करता रहे। अपने अध्यापक की अमिट छाप आज भी उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ती है। कंपोजिट विद्यालय मॉडल मोंटेसरी स्कूल घाटमपुर के छात्रों ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने निपुण विद्यालय के शिक्षकों से अपने आसपास के विद्यालयों को भी निपुण बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा, वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, निपुण प्रकोष्ठ के प्रभारी दिवाकर यादव, प्रवक्ता राजेश कुमार, पुष्पा देवी, प्रेमचंद, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, समस्त एसआरजी, समस्त एआरपी, समस्त संकुल शिक्षक प्रधानाध्यापक आदि उपस्थित रहे। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार के द्वारा अपने संबोधन से कार्यक्रम का समापन किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद डीएम एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

**▸▸ बोले डीएम : अपनी साइकिल पर बैठाकर स्कूल ले जाते थे अध्यापक**

## एक नजर

### शराब लेकर जा रहे दो लोगों को रास्ते से दबोचा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया पुलिस ने कच्ची शराब लेकर जा रहे दो लोगों को रास्ते से दबोच लिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि वेदपुर गांव के मोड़ वाली पुलिया से अहरो गांव निवासी कैलाश को पकड़ लिया गया। वह प्लास्टिक जरीकेन में 20 लीटर कच्ची शराब लेकर जा रहा था। वहीं, अहरो गांव के रहने वाले जमुना प्रसाद को गांव की साप्ताहिक बाजार स्थित मजार के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से भी प्लास्टिक की जरीकेन में भरी 10 लीटर कच्ची शराब मिली। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामले दर्ज कराए गए हैं। दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया है।

### बलिदान दिवस मनाएगा आरएसएस का विद्यार्थी विभाग

**बिलासपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विद्यार्थी कार्य विभाग की बैठक नगर भाजपा कार्यालय पर हुई। सह खंड संचालक सुखदर्शन सिंघल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 23 मार्च को भगत सिंह, सुखदेव सिंह व राजगुरु का बलिदान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। यह कार्यक्रम नगर की पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य वक्ता पश्चिमी क्षेत्र के धर्म जागरण प्रमुख ईश्वर दयाल व मुरादाबाद विभाग के प्रचारक वतन कुमार शामिल होंगे। तहसील प्रचारक गगन कुमार, कार्यक्रम संयोजक देवांग अग्रवाल, सह संयोजक गौरव कुमार, अभिषेक भारत, समर्थ अग्रवाल, ऋषभ, किशन, शगुन, रोहित, राजेश, अमित, अनिल आदि मौजूद रहे।

### अवैध रूप से देशी शराब बेचता युवक गिरफ्तार

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी पुलिस ने अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके पास से 24 पव्वे देशी शराब मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग सरकारी शराब के ठेके से भारी मात्रा में शराब खरीदकर ले जाते हैं। इसके बाद इसे अपनी दुकान पर ओवररेट में बेचते हैं। शनिवार की रात मसवासी चौकी पुलिस को क्षेत्र के गांव मोतीपुरा में अवैध रूप से देशी शराब के पव्वे ओवर रेट पर बेचने की सूचना मिली। चौकी पुलिस ने मोतीपुरा गांव में धर्मेंद्र की दुकान पर छापामारा। इस दौरान देशी शराब के 24 पव्वे मिले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# मसवासी में युवक की गोली मारकर हत्या, सनसनी

## करीमपुर गांव के जंगल में मिला शव, पोस्टमार्टम को भेजा, परिजनों का रोते-रोते हुआ बुरा हाल

संवाददाता, रामपुर/मसवासी



**अमृत विचार :** करीमपुर के जंगल में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया गया। सुबह मजदूर गन्ने की छिलाई करने पहुंचे तो युवक का शव देख सन्न रह गए। सूचना मिलने के बाद एसपी मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी ली। इसके बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी होरीलाल पाल का 26 वर्षीय पुत्र जॉनी पाल काशीपुर की गत्ता फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह शनिवार की शाम से घर से लापता था। रात भर परिजनों ने उसे तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला। रविवार की सुबह गांव के कुछ मजदूर नजदीक के ही राणा फॉर्म पहुंचे और गन्ने की कटाई शुरू कर दी। सुबह लगभग नौ बजे उन्होंने जॉनी पाल का शव गन्ने के खेत में पड़े देखा। उसके शरीर में गोलियां लगी थीं। इसे देख मजदूरों को होश उड़ गए। आनन-फानन में उन्होंने गांव में पहुंचा दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव शिनाख्त जॉनी पाल के रूप में की। मृतक के परिजनों का कहना है कि उनके बेटे की किसी से दुश्मनी नहीं थी। वह शाम को किसी काम से निकला था, लेकिन फिर लौटकर नहीं आया। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस करीबियों को भी तलाश रही है। सूचना पाकर स्वार कोतवाल संदीप त्यागी, चौकी इंचार्ज रोहित कुमार सहित मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। परिजनों ने किसी रंजिश से इनकार किया है। इस बीच सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी घटना स्थल पर पहुंच गए और सीओ और एएसपी से घटना के बारे में जानकारी की। मृतक के पिता होरीलाल पाल ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।


करीमपुर में युवक की मौत के बाद गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

> मसवासी में युवक की हत्या कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है।
>
> –राजेश द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक


घटना की जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

### दो वर्ष पूर्व दलपतपुर से आकर बसा था जॉनीपाल का परिवार

**मसवासी, अमृत विचार :** युवक की हत्या से पूरा गांव अचंभित है। दो वर्ष पूर्व ही यह परिवार दलपतपुर के गांव खरक से आकर यहां बसा था। जॉनीपाल और उसके भाई की शादी दो माह बाद होनी थी। मगर अब सारी खुशियां काफूर हो गई। होरीलाल पाल का परिवार दो वर्ष पहले ही गांव करीमपुर में आकर बसा था। गांव के बाहरी छोर पर अपना घर बनाकर भेड़–बकरियों को चराकर परिवार पालन पोषण करता था। जॉनी पाल काशीपुर की गत्ता फैक्ट्री में मजदूरी करने शाम को जाता था और सुबह को लौट आता था। शनिवार की शाम वह मजदूरी करने नहीं गया था। शाम के समय खाना खाकर घर से निकल गया था। देर रात तक वापस नहीं आने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसका मोबाइल नंबर मिलाया मगर वह स्विच ऑफ मिला। रविवार सुबह कोसी नदी के समीप एक गन्ने के खेत में उसका शव मिला। जॉनी पाल की पीठ और सीने पर गोलियों के घाव थे। पुलिस सूत्रों का कहना है कि युवक को 12 और 315 बोर के हथियार से गोलियां मारी गईं। युवक का मोबाइल भी घटनास्थल पर नहीं था। माना जा रहा है कि हत्यारे उसका मोबाइल भी अपने साथ ले गए।


अस्पताल में रोते विजय के परिजन। ● अमृत विचार

# ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर 8वीं के छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ पटवाई थाना क्षेत्र का मामला परिवार में मचा कोहराम



**अमृत विचार :** ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर कक्षा आठ के छात्र की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लदौरा निवासी मोतीराम का 10 वर्षीय पुत्र विजय कक्षा आठ का छात्र था। रविवार की सुबह करीब 10 बजे वह घर के बाहर साइकिल चला रहा था। तभी सामने से आई ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। इस दौरान छात्र पहिये के नीचे आ गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद परिजन विजय को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही परिजन बुरी तरह बिलखने लगे। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आजम खां समेत चारों दोषियों पर आज होगा सजा का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने शनिवार को दोषी करार दिया था

**अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आलेहसन को दोषी करार दिया था। इस मामले में चारों को आज सजा सुनाई जाएगी।

गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व डकैती के आरोप में सपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने सभी मामलों में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही थी।

आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक मामले शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में आजम खां सीतापुर जेल से पहुंचे थे। जबकि पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर खां बिजनौर से आए थे। उसके बाद कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, बरकत अली, पूर्व सीओ आलेहसन खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां को आईपीसी की धारा 452, 427, 504, 506 एवं 120बी में दोषी करार दिया था। जिबरान नासिर, फरहान नासिर और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया था।

## नगदी और जेवर लेकर किशोरी फरार, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी मौका पाकर घर में रखे 52,000 रुपये और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गई। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला कलकत्ता निवासी गुलनाज बी का कहना है कि कुछ दिन पहले वह अपने देवर से बातें कर रही थी। इस दौरान उसकी 16 साल की बेटी घर में रखे 52,000 रुपये और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गई। जानकारी मिलने के बाद महिला के होश उड़ गए। इसके बाद उसने बेटी को हर जगह तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। तब उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कबाड़ के गोदाम में लगी आग

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में कबाड़ के गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दो वाहनों से करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अभी आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

नगर के मोहल्ला भट्टी टोला निवासी अकील अहमद का मोहल्ला बिशारदनगर में रामनगर रोड पर कबाड़ का गोदाम है। यहां अकील व उसका भाई कय्यूम अहमद बैठते हैं। गोदाम पर चौकीदार की ड्यूटी लगाई गई है। शनिवार की मध्यरात्रि चौकीदार सहरी खाने के लिए गया तभी गोदाम में पड़े कबाड़ में आग लग गई। रविवार को आग की लपटों को देख फज्र की नमाज के लिए उठे लोगों में हड़कंप मच गया। आसपास के इलाकों के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। उधर गोदाम मालिक भी परिवार सहित वहां पहुंच गया। आग की लपटों को देख चीख-पुकार मच गई। उन्होंने अग्निशम विभाग और कोतवाली पुलिस को मामले से अवगत कराया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। तब दूसरे फायर टेंडर को बुलाया गया। तब कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया, लेकिन नुकसान का अभी आंकलन किया जा रहा है। आग लगने का कारण भी अभी स्पष्ट


कबाड़ के गोदाम में लगी आग से उठता धुंआ। ● अमृत विचार

▸▸ फायर ब्रिगेड के दो वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

▸▸ आसपास रहने वाले लोगों ने धुआं उठता देख मचाया शोर

### कुछ देर के लिए धुएं से काला हो गया क्षेत्र का आकाश

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की भंयकर लपटें और काला धुआं आसमान की ओर तेजी से बढ़ रहा था। कुछ देर के लिए उस क्षेत्र का आकाश धुएं से काला हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोदाम में आग की यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी दो बार भीषण आग लग चुकी है और लाखों का माल जल चुका है। लोग इंश्योरेंस व रंजिश मानकर चर्चा कर रहे हैं।

# कथा वाचिका पर जेवर और नकदी चुराने का आरोप

संवाददाता, मिलक

▸▸ मिलक थाना क्षेत्र का मामला, जांच शुरू

**अमृत विचार :** कथा के अंतिम दिन कथावाचिका पर सोने के आभूषण व नकदी चुराने का आरोप लगा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर निवासी लक्ष्मी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने अपने गांव में भागवत कथा का कार्यक्रम किया था। इसमें जनपद शाहजहांपुर निवासी महिला को को कथा वाचन के लिए बुलाया था। आठ दिन तक चली कथा के दौरान कथावाचिका उसके घर पर ही रही। शनिवार को भी कथा समापन के बाद कथावाचिका उनके घर में सो गई थी। सुबह होते ही उसने अपना सामान पैक कर लिया। इस बीच जब लक्ष्मी ने अपने घर पर देखा तो उसका सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायल और 5000 रुपये गायब थे। रविवार की सुबह लक्ष्मी ने कथा वाचक से अपना बैग दिखाने को कहा। मगर उसने इनकार कर दिया।

उसने अपने पिता को फोन करके बताया कि उसका अपहरण किया जा रहा है। इस पर उसके पिता ने डायल 112 को फोन कर दिया। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने कथा वाचक को मिलक ले जाकर बस में बैठा दिया। इसके बाद लक्ष्मी ने कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपी को बुलाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। कथावाचिका के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री को नौ दिन की कथा करने के लिए 10,000 रुपये में बुलाया था। आयोजक रुपये देने में आनाकानी कर रहे थे। तब पुलिस को बुलाया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दो दिन पूर्व इंतेजाम अली निवासी ग्राम यूसुफ के खिलाफ उसकी बेटी से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया था। इसकी तफ्तीश कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस को आरोपी की तलाश थी। लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था। रविवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी इंतेजाम अली अपने घर पर आया हुआ है। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।



टांडा पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी इंतेजाम अली। ● अमृत विचार

### पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**सैदनगर, अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। खेत से चारा लेने गई गांव की किशोरी के साथ पड़ोस के ही युवक ने दुष्कर्म किया था। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम साक्ष्य एकत्र किए हैं। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। गांव निवासी किशोरी खेत से चारा लेने गई थी। वहां गांव के ही राकेश ने किशोरी को अकेला पाकर दुस्साहस किया। आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी धमकाते हुए मौके से फरार हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने राकेश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नमूने एकत्र किए। शनिवार की शाम पुलिस ने राकेश को जिठनिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी पर सख्त कार्रवाई होगी।

## पिटबुल ने आठ साल के बालक को किया जख्मी

**रामपुर, अमृत विचार :** पिटबुल कुत्ते ने आठ साल के बालक को काटकर जख्मी कर दिया। परिजन उसका जिला अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। पीड़ित ने आरोपी कुत्ते मालिक के खिलाफ तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला फर्राशान निवासी लक्ष्मण यादव का कहना है कि उसका आठ साल के बेटे केशव को पास के ही रहने वाले चंद्र मोहन दुआ के पिटबुल कुत्ते ने बुरी तरह काट कर जख्मी कर दिया। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने चंद्र मोहन दुआ के खिलाफ तहरीर दी। इसके बाद पुलिस कुत्ते के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित का कहना है कि दो साल के अंदर यह कुत्ता कई लोगों को काट चुका है। इसको जल्द से जल्द पकड़ा जाए।

# कैंटर हड़पा, पिता-पुत्र को दी जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ थाना कोतवाली में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** चार लोगों ने स्वार के रहने वाले युवक से खरीदने के नाम पर कैंटर हड़प लिया। पैसे मांगने पर पिता-पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी मोहम्मद अहमद का कहना है कि उसका बेटा आसिफ कैंटर का मालिक है। आसिफ कैंटर को बेचना चाहता था। इसके लिए पिता-पुत्र ने टांडा थाना क्षेत्र के गांव सूरजपुर निवासी नवेद से संपर्क किया। नवेद ने पिता-पुत्र को कुछ दिन पहले मोरी गेट पर बुलाया था। वहां हसीन खां, सलीम, हाजी इनाम अली से मिलाया। कहा कि हम लोग कैंटर खरीदना चाहते हैं। उसके बाद सौदा तय हो गया। 21 फरवरी 2024 को 25,43,640 रुपये में कैंटर बेच दिया गया। जमानत के तौर पर आरोपी ने आसिफ 2,85,000 रुपये का चेक दिया था। 21 फरवरी को कैंटर हसीन खां को दे दिया गया। लेकिन हसीन खां ने न तो पैसे दिए और न ही कैंटर लौटाया। सात मार्च को पीड़ित पिता-पुत्र ने अटरिया मोड़ कैंटर को रोक लिया।

उन्होंने कैंटर पर फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थी। उन्होंने आरोपियों से पैसे मांगे तो मना कर दिया। गाली-गलौच करते हुए चले गए। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी नवेद, हसीन खां, सलीम व हाजी इनाम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**दशहत** | सांई विहार में दिन भर घरों के आसपास बैठे रहते हैं कुत्तों के झुंड, गली-मोहल्ले में फैलाते रहते हैं गंदगी

# कुत्तों के डर से घरों से निकलने में घबरा रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** साईं विहार में कुत्तों से लोगों में दहशत है। अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की जा चुकी है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से लोग परेशान हैं। अधिकारी आज और कल करके टाल देते हैं। कुत्ते कई बच्चों पर हमला करके जख्मी कर चुके हैं।

ज्वालानगर के मोहल्ला साईं विहार में करीब 15,000 लोग निवास करते हैं। कुछ समय से यहां कुत्तों के झुंड इधर-उधर घूमते रहते हैं। यह आने-जाने वालों पर हमला भी कर देते हैं। इससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। कुत्तों के झुंड दिन भर घरों के दरवाजों पर बैठे रहते हैं। मोहल्लेवासी अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से कई बार अवगत करा चुके हैं लेकिन उसके बाद भी इन्हें पकड़वाने के लिए अभियान नहीं चलाया गया। कुत्तों का क्षेत्र में जबरदस्त आतंक है। दहशत में आए लोग अपने बच्चों को घर के बाहर अकेला भेजने में डरने लगे हैं। लोगों का कहना है कि यह कुत्ते सड़क पर खड़ी कारों के कवर तक फाड़ चुके हैं। रोजाना कोई न कोई नुकसान कर रहे हैं। जहां-तहां गंदगी फैलाते रहते हैं।


मोहल्ले में बैठे कुत्ते। ● अमृत विचार

> लोगों की इस समस्या का जल्द ही हल निकाला जाएग। इसके तहत ठेकेदार को भेजकर इन कुत्तों को पकड़वाया जाएगा। शहर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।
>
> –दुगेश्ववर त्रिपाठी, नगर पालिका ईओ



> मोहल्ले में काफी समय से कुत्तों के झुंड दिन भर घूमते रहते है। वह कारों और बाइकों के पीछे दौड़ लगा देते है। हादसे होने का खतरा बना रहता है। कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
>
> – नंद किशोर लोधी



> मोहल्ले में कुत्तों की दहशत है। दिन भर घर के आसपास रहते हैं। दरवाजे पर बैठे होने के कारण बचकर निकला जाता है। ताकि काटकर घायल न कर दें।
>
> – डा. कुलदीप चौहान



> क्षेत्र में काफी समय से कुत्तों का आतंक है। यह दिन भर दरवाजों के आसपास घूमते रहते हैं। भागने पर काटने के लिए दौड़ पड़ते हैं। दरवाजे पर खड़े होते हुए भी डर लगता है।
>
> – गौरव कुमार



> कुत्तों के झुंड ने दरवाजे पर खड़ी कार का कवर फाड़ दिया है। इतना ही नहीं कार के ऊपर बैठकर छत को भी पिचका दिया है। कई बार नुकसान कर चुके हैं।
>
> – रमेश कुमार

## दसवीं का छात्र लापता गुमशुदगी दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में दसवीं का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों में खलबली मच गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस छात्र की तलाश में जुट गई है।



क्षेत्र के नवदिया गांव निवासी गौरव कुमार ने कोतवाली में पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराई है। बताया कि उसका 17 वर्षीय पुत्र अनिरुद्ध सिंह शाम चार बजे घर से खेलने निकाला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी खोजबीन की। आस पड़ोस एवं रिश्तेदारियों में भी पता किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। तब पुलिस को सूचना दी। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। अनिरुद्ध ने इस वर्ष कक्षा 10 की परीक्षा दी है।

# मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने को चलेगा अभियान, पांच टीम गठित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** देर से ही सही लेकिन जिला प्रशासन ने मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। मिलावट पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलेगा। इसके लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने पांच टीमों का गठन किया है।

चंद रुपयों के खातिर मिलावटखोर खाद्य पदार्थों में मिलावट करके लोगों की जिंदगी में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। इन पदार्थों का सेवन करने से लोग तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। सबसे ज्यादा मिलावट दूध में हो रही है। होली पर गुझिया और तरह तरह की मिठाई बनाने में मावे की खपत अधिक होती है। इसीलिए लोग मिलावट करने में सक्रिय हो गए है। इसीलिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने पांच टीमों का गठन किया है। तहसील सदर में अशोक कुमार, टांडा में मनोज कुमार, शाहबाद में राहुल शुक्ला, स्वार में अजरा बी, बिलासपुर व मिलक में रामप्रताप को तैनात किया है। सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में छापेमारी करेंगे। इसके अलावा शहर को तीन जोन में विभाजित किया गया है। जोन प्रथम के लिए अजरा बी, जोन द्वितीय अशोक कुमार और जोन तृतीय मनोज कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### वर्ष 2023 में लिए 326 नमूने, 197 में मिली मिलावट

वर्ष 2023 में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल में 326 खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। जिसमें 197 नमूने फेल हुए है। 142 दुकानदारों के खिलाफ एडीएम कोर्ट में वाद दायर किए गए है। 197 दुकानदारों पर 35 .36 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। लेकिन इसके बाद भी मिलावटखोर सक्रिय है। जोकि खाद्य पदार्थों में धड़ल्ले से मिलावट कर रहे हैं।

> त्योहार के अलावा समय समय पर छापेमारी की जाती है। खाद्य पदार्थों में संदिग्धता पाए जाने पर नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे जाते हैं। होली पर्व को ध्यान में रखते हुए विभाग पूरी तरह सक्रिय है।
>
> –सुनील कुमार शर्मा, अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन

▸▸ शहर को तीन जोन में किया गया है विभाजित

## एक नजर

### पुलिस ने हटवाए राजनीतिक पार्टियों के होर्डिंग

**भोट, अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही पुलिस-प्रशासन हरकत में आ गया है। शनिवार की शाम पुलिस की टीम सड़कों पर उतरी। रविवार की दोपहर तक राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर व होर्डिंग उतरवाने का कार्य किया। पुलिस टीम ग्रामीण क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने में जुटी रही। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि चुनावों की तिथियों की घोषणा के साथ ही निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। क्षेत्र में भी आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

### रेडिको खेतान और मीट फैक्ट्री पर धरना देंगे दिव्यांग

**रामपुर, अमृत विचार :** आल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली खां ने कहा कि दिव्यांगों को पांच प्रतिशत आरक्षण के आधार नौकरी दिलाई जाए। इस समस्या को लेकर पूर्व में रेडिको खेतान, फेयर एक्सपोर्ट के खिलाफ प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं। उसके बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जब तक दिव्यांगों को पांच प्रतिशत आरक्षण के आधार पर नौकरी दिलाई जाएंगी तक तक फैक्ट्री के बाहर धरना जारी रहेगा।

### चाकू के साथ एक पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने गश्त के दौरान शक होने पर एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस को तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू मिला। उस पर कार्रवाई कर दी है। मिलक पुलिस ने आरोपी पप्पू पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम हल्दुआ थाना मिलक को एक चाकू के साथ ग्राम हल्दुआ मोड़ से गिरफ्तार किया। उसका चालान कर दिया गया है।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** मंडी के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उन्होंने घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली निवासी मनोज किसी काम से खौद जा रहा था। मंडी के पास कार ने उसकी बाइक को टक्कर दी। इसमें मनोज घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देख आरोपी कार समेत फरार हो गया। लोगों ने घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया।

# मंदिर के सौंदर्यीकरण में बाधक बने खंभों को हटाया जाए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मंदिर के रास्ते में खड़े बिजली के खंभे।

**अमृत विचार :** महाभारत कालीन भमरौआ महादेव मंदिर श्री पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट की तरफ से मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से शिकायत की गई।

मंदिर के प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने बताया कि विद्युत निगम खंड तीन ने सिंचाई विभाग की अनुमति के बिना मनमाने तरीके से भमरौआ मंदिर के मोड़ पर खंभा लगा दिया है। यह भमरौआ महादेव मंदिर को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल स्थापित कराने, विकसित कराने एवं आर्थिक विकास में बहुत बड़ी बाधा है। खंभे के न हटने से नहर खंड विभाग द्वारा अपर कोसी नहर के ऊपर पुलिया का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इसके कारण राष्ट्रीय पर्यटन का आर्थिक विकास नहीं हो पा रहा है। श्री पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट की ने इस खंभे को हटवाने की मांग की है। ताकि महाभारत कालीन भमरौआ महादेव मंदिर के राष्ट्रीय पर्यटन एवं रामपुर के विकास को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर मंदिर के सेवादार उपेंद्र गुप्ता, सत्य प्रकाश, मास्टर रोशन लाल, विष्णु हरि गुप्ता, जतिन गुप्ता, विष्णु कश्यप, अमित गुप्ता मौजूद रहे।

## फज्र की नमाज पढ़ रहे रोजेदार की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** फज्र की नमाज के दौरान रोजेदार की गिरकर मौत हो गई। परिजन रोजेदार को डॉक्टर के पास ले गए। डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रोजेदार की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव सींगनखेड़ा निवासी हामिद हुसैन उर्फ नन्हें (60) रविवार सुबह फ्रज की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में गए थे। वुजू करने के बाद रोजेदार जमात के साथ नमाज अदा करने लगे। जमात की नमाज के दौरान वह अचानक फर्श पर गिर गए। सलाम फेरने के बाद अन्य नमाजियों ने बुजुर्ग को जमीन पर गिरा देखा तो घरवालों को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के यहां ले गए। लेकिन तब तक बुजुर्ग रोजेदार की मौत हो चुकी थी। बुजुर्ग की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

## एक खजूर और एक गिलास पानी से भी कराया जा सकता है इफ्तार

# इफ्तार कराने से अल्लाह अता करता है सवाब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- इफ्तार करते समय गरीबों की भूख और प्यास का भी करें अहसास
- रमजान में गरीबों की मदद करने से अल्लाह होता है खुश



**अमृत विचार :** माहे रमजान में रोजेदार को इफ्तार कराना और गरीब-बेसहारा की मदद करने से अल्लाह बहुत खुश होता है और अपने बंदों को इसका इनाम देता है। यूं तो रमजान का पूरा महीना ही बरकतों वाला है। लेकिन कुछ खास चीजों का एहतराम किया जाए तो रोजेदारों को बेशुमार सवाब मिलता है। जब बंदा रोजा रखता है तो ईमान की पुख्तगी ही खाने-पीने से बचाती है। रमजान के महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और झूठी बातों से बचें।

काजी-ए-शहर मौलवी सैयद खुशनूद मियां बताते हैं कि मुकद्दस रमजान में जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है अल्लाह उसे बेशुमार सवाब देता है। हदीस में इस बात का जिक्र किया गया है कि जो लोग रोजेदारों को इफ्तार कराते हैं, कयामत के दिन नबी ए करीम मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम उसके इनाम के लिए सिफारिश करेंगे। नबी-ए-करीम ने कहा कि इफ्तार का मतलब यह नहीं है कि किसी को भर पेट खिलाया जाए बल्कि रोजेदार को एक खजूर या एक घूंट पानी पिला देगा तब भी उसे वही दर्जा मिलेगा। मैं तो उसकी सिफारिश करूंगा ही साथ ही अल्लाह तआला भी उसे बेशुमार सवाबों से नवाजेगा। अल्लाह तआला के दरबार में कोई अमीर-गरीब नहीं होगा।

कहा कि यह ईमान की पुख्तगी है कि रोजेदार खुद ही खाना पीना छोड़ देता है। उसका जेहन खुद ब खुद अल्लाह की तरफ हो जाता है। रोजेदार की पूरी कोशिश होनी चाहिए कि रमजान के महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करे और झूठी बातों से बचे। रोजेदार भूखे प्यासे इंसान की हालत बेहतर समझ सकता है। इसलिए उसके अंदर गरीबों एवं मुफलिसों के प्रति हमदर्दी का जज्बा पैदा होता है।

### दुकानों पर कराया जाता है लोगों को इफ्तार

इफ्तार के लिए कहीं दर्जनों किस्म की पकौड़ी, चना, छोला तो कहीं खीर और जलेबी बनाए जाते हैं। सबसे ज्यादा डिमांड कबाब, शीरमाल और बिरयानी की होती है। तरावीह की नमाज खत्म करने के बाद घंटों रोजेदार चाय की दुकानों और होटलों पर खूब जायके ले रहे हैं। रमजान के इस मुबारक महीने में दुकानदार भी नेकी कमाने में पीछे नहीं रहना चाहते। इफ्तार का वक्त होने पर सामान खरीदने आए ग्राहकों को सिर्फ मुसलिम दुकानदार ही नहीं बल्कि हिंदू दुकानदार भी खुशी से इफ्तारी कराते हैं। रामपुर में यह सिलसिला वर्षों से चला आ रहा है।

# होलाष्टक शुरू, 24 मार्च तक नहीं हो सकेंगे मांगलिक कार्य

## न करें मकान, जमीन खरीदने जैसे कोई भी शुभ कार्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार से होलाष्टक लग जाने के कारण सारे शुभ काम बंद हो गए हैं। यह होलाष्टक 24 मार्च को होली जलने के बाद समाप्त हो जाएंगे। इस दौरान मकान, दुकाना या जमीन आदि खरीदने जैसा कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि होलिका दहन 24 मार्च को होगा। इससे एक सप्ताह पहले यानि रविवार से होलाष्टक शुरू हो गए हैं। 17 से 24 मार्च तक कोई भी विशेष कार्य शुरू करना अच्छा नहीं माना जाता है। होली हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को होलिका दहन होता है। अगले दिन चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि के दिन होली खेली जाती है। होली के आठ दिन पहले होलाष्टक लग जाते हैं। होलाष्टक का समापन होलिका दहन के साथ ही होता है। इस अवधि में शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। पंडित संदीप कौशिक का कहना है कि रविवार से होलाष्टक लग गए हैं, जो 24 मार्च तक चलेंगे। उसके बाद ही शुभ कार्य शुरू होंगे।

### होलाष्टक लगने के यह हैं कारण

पंडित विश्वनाथ मिश्रा बताते हैं कि कामदेव ने भोलेनाथ की तपस्या भंग कर दी थी। इससे नाराज होकर भगवान शिव ने कामदेव को फाल्गुन अष्टमी के दिन भस्म कर दिया था। जब कामदेव की पत्नी रति ने शिवजी की उपासना की और कामदेव को फिर से जीवित करने की प्रार्थना की तब शिव जी को उस पर दया आई। इसके बाद शिवजी ने कामदेव में फिर से प्राण भर दिए। तभी से होलाष्टक मनाने की परंपरा चली आ रही है। कहा जाता है कि होलिका दहन के साथ ही होलाष्टक का अंत हो जाता है।

### रंग की एकादशी 20 मार्च को

होली से पांच दिन पहले रंग की एकादशी होती है। एकादशी तिथि के दिन स्नान, दान और व्रत से सहस्त्र गोदान के समान शुभ फल प्राप्त होता है। 20 मार्च को फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन रंगभरी एकादशी मनाई जाएगी। भगवान शिव के साथ श्री हरि विष्णु की भी पूजा और व्रत रखा जाएगा।

होलाष्टक लगने के बाद न करें यह काम, होलाष्टक में शादी-विवाह, मुंडन और नामकरण नहीं करना चाहिए। होलाष्टक में भवन निर्माण, वाहन, प्रॉपर्टी खरीदना या बेचना भी शुभ नहीं माना जाता। होलाष्टक में भूलकर भी यज्ञ और हवन जैसे कार्य न करें, होलाष्टक में नई दुकान शुरू न करें।

## ओपीडी बंद होने पर इमरजेंसी में पहुंचे रोगी

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को जिला अस्पताल की ओपीडी बंद होने पर रोगी इमरजेंसी में पहुंचे। इसमें 10-12 रोगी सांस और दिल से जुड़ी बीमारी से पीड़ित थे। विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने की वजह से मरीजों को बेहतर उपचार नहीं मिल सका। अधिकांश मरीज को रेफर करना पड़ा।

मोहल्ला खारी कुआं निवासी मौला बख्श को सांस फूलने की शिकायत थी। कुछ ही दिन पहले उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वस्थ होने पर डॉक्टरों ने उन्हें घर भेज दिया था। रविवार की सुबह 10 बजे उन्हें दोबारा सांस लेने में परेशानी हुई। इसके बाद परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। ओपीडी बंद होने पर इमरजेंसी में दिखाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनका ब्लड प्रेशर और पल्स रेट चेक किया। इसमें बढ़ोत्तरी दिखाई पड़ने पर प्राथमिक उपचार किया गया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने अन्यत्र दिखाने को कहा। पहाड़ी गेट के शाहिद खां को भी सांस लेने में कठिनाई होने पर इमरजेंसी में भर्ती कराया। इसके अलावा जमरत जहां को भी सांस लेने में परेशानी की शिकायत पर घरवाले इमरजेंसी में लेकर आए थे।



अग्रवाल समाज की बैठक में शामिल सांसद घनश्याम सिंह लोधी। ● अमृत विचार

# सांसद ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। तमाम सियासी दल अब चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। लोकसभा सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने भी रविवार को जनसंपर्क किया। भाजपा नेताओं ने अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करने का जनता से आह्वान किया।

सांसद घनश्याम सिंह लोधी बिलासपुर में अग्रवाल समाज की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने दो साल के विकास कार्यों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में जो भी चुनावी वादे किए उसे साकार करके दिखाया है।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्रा, उपाध्यक्ष रामाधार अग्रवाल, विनय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सोरंग अग्रवाल, शगुन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, गिरिराज किशोर, अतिन अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, गौरव लाठे, घन्नूमल बंसल एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष व्यापार मंडल आदि उपस्थित रहे।

## जानलेवा साबित हो रहा चाइनीज मांझा

**रामपुर,अमृत विचार :** शहर के लोग चाइनीज मांझे से पतंगबाजी कर रहे हैं। यह लोगों के साथ विद्युत निगम पर भी भारी पड़ रहा है। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि जब यह मांझा बिजली की लाइन पर गिरता है तो फंस जाता है। इसे निकालने के चक्कर में लाइनों में फॉल्ट होता है।

दूसरी और चाइनीज मांझा लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। इसकी बिक्री पर रोक लगाने के लिए कई सामाजिक संगठन प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं। इससे कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से चार वर्षीय मुस्कान की मौत हो चुकी है। मुस्कान बिलासपुर गेट के निकट अपने पिता की बाइक पर आगे बैठकर ननिहाल जा रही थी। रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। इसके अलावा भोट निवासी युवक और एक छात्र की जान जा चुकी है। इसके बाद भी इस पर रोक नहीं लग पा रही है। जानकारों का कहना है कि चाइनीज मांझे में लोहे के तार पर शीशे का मिश्रण चढ़ा होता है। यह मांझा बिजली के तारों पर गिरने से लाइन में फॉल्ट भी कर देता है।

# सहकारिता से जुड़कर अधिक लाभ लें किसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कोठा जागीर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि। ● अमृत विचार

- कोठा जागीर, मिलक मिर्जानूरपुर में गोदाम का किया शिलान्यास
- सहकारी समितियों का गठन कराकर संख्या में वृद्धि की जाएगी

**अमृत विचार :** बिलासपुर के कोठा जागीर, मिलक में बी मैक्स के 100-100 मैट्रिक टन क्षमता के दो गोदामों का निर्माण कराया जाएगा। इनका वर्चुअल शिलान्यास सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने लखनऊ से किया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों एवं आमजन को अधिक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सहकारी समितियों का गठन कराकर संख्या में वृद्धि की जाएगी। ताकि अधिक से अधिक किसान सहकारिता से जुड़कर लाभ लें सकें।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत प्रदेश में 100 मैट्रिक टन के 43, 250 के 11 गोदाम एवं पीसीएफ के नौ गोदाम का वित्तीय 2023-24 में कार्यदायी संस्थाओं यूपीआरएनएसएस, यूपीसीएलडीएफ से निर्माण कराया जा रहा हैं। इसी के तहत बिलासपुर में बी पैक्स के कोठा जागीर, मिलक में मिर्जानूरपुर में दो गोदामों का शिलान्यास वर्चुअल के जरिए सहकारिता मंत्री ने किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी, ब्लाक प्रमुख कुलवंत औलख, रविंद्र सिंह यादव, बैंक के डायरेक्टर वीर विक्रम सिंह, उपायुक्त एवं निबंधक सहकारिता मुरादाबाद मंडल डा. गणेश गुप्ता, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक श्री प्रकाश त्रिपाठी, मुख कार्यपालक अधिकारी ज्ञानदेव गंगवार आदि शामिल रहे।

# एसडीएम और ईओ ने उतरवाए राजनीतिक दलों के होर्डिंग-बैनर

पेकार्यालय संवाददाता, रामपुर

- चुनाव की घोषणा होने के बाद आदर्श आचार संहिता हुई लागू
- होर्डिंग उतारने के दौरान लगी तमाशबीनों की भीड़

**अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन सतर्क हो गया। रविवार को एसडीएम सदर मोनिका सिंह और अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने शहर में लगे होर्डिंग व बैनर उतरवाए। दीवारों पर लिखे राजनीतिक विज्ञापनों पर पेंट कराया।

रविवार को विभिन्न स्थानों पर लगे पोस्टर एवं दीवारों पर लिखे विज्ञापनों को प्रशासनिक अधिकारी सुबह से ही हटवाने में जुट गए। एसडीएम मोनिका सिंह एवं ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी दीवार पर लिखे राजनीतिक विज्ञापन, खंभों पर लगे पोस्टर हटवाने में जुट गए। इस दौरान तमाशबीन लोगों की भीड़ लग गई। कुछ लोगों ने प्रशासनिक अमला आने से पहले ही अपने मकान व दुकान पर लगे होर्डिंग उतार लिए। सरकारी भवनों पर लगे होर्डिंग भी उतरवाए गए। गांधी समाधि रोड, रेलवे स्टेशन, चाकू चौक, किला, कोयले वाली मस्जिद, सिविल लाइंस आदि स्थानों से पोस्टर व होर्डिंग हटाए गए। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने आदेश दिया कि आचार संहिता के अनुपालन में चुनाव की घोषणा के 24 घंटे के अंदर राजकीय संपत्ति पर सभी प्रकार की वॉल राइटिंग, पोस्टर-पेपर, कटआउट होडिंग, बैनर, झंडे इत्यादि हटवा दिया जाएं। यदि सार्वजनिक संपत्ति या सार्वजनिक स्थान पर लगाए गये हैं तो उन्हें चुनाव घोषणा के 48 घंटे के अंदर हटवा दिया जाए।

# एसडीएम ने पढ़ाया आचार संहिता का पाठ

संवाददाता, बिलासपुर



राजनीतिक पार्टियों के पोस्टर हटवाते अधिकारी। ● अमृत विचार

- कई जगह खंभों पर लगे मिले जनप्रतिनिधियों के फ्लैक्सी बोर्ड

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही अधिकारियों ने सक्रियता दिखाते हुए नगर व केमरी कस्बे का भ्रमण किया। इस दौरान नागरिकों को आदर्श आचार संहिता का पाठ पढ़ाया।

रविवार की दोपहर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय राजस्व, पुलिस व पालिका की संयुक्त टीम के साथ नगर के केमरी तिराहे पहुंचे। उन्होंने चुनाव की घोषणा के बाद राजस्व व पालिका टीम द्वारा जनप्रतिनिधियों की प्रचार सामग्री हटवाने को लेकर चलाए गए अभियान का निरीक्षण किया।

इस दौरान वह तहसीलदार निश्चय कुमार के साथ रामपुर रोड, मुख्य चौराहा, माठखेड़ा रोड, नैनीताल रोड व अहरो तिराहा पहुंचे। इस दौरान एसडीएम को कई जगह खंभों पर जनप्रतिनिधियों के फ्लैक्सी बोर्ड लगे मिले। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए फ्लैक्सी बोर्ड अपने सामने उतरवा कर पालिका के सचल वाहन में भरवाए। इसके बाद में पालिका व राजस्व टीम को बस्तियों से भी प्रचार-सामग्री हटवाने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने बताया कि शनिवार शाम ही जनप्रतिनिधियों की प्रचार सामग्री उतरवा या ढकवा दी गई है। इस मौके पर बीआरसी रोहित सक्सेना, अनिल सक्सेना, कमल सक्सेना, रूपेश सक्सेना, प्रताप कुमार, विजय अनार्य आदि मौजूद रहे।

उपलब्धि | आठ साल में केंद्र में भर्ती हुए 960 बच्चे, कुपोषण को मात देकर हो रहे ठीक

# जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र में 950 बच्चे हुए स्वस्थ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चे और माता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में पोषण पुनर्वास केंद्र में आठ साल में 950 बच्चों ने कुपोषण को मात दी है। कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए मां भी केंद्र में रुकती है। उन्हें भी भत्ता दिया जाता है।

कुपोषण से बच्चों को बचाने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिला अस्पताल में 2015 में पोषण पुनर्वास केंद्र की शुरूआत की गई थी। यहां 10 बेड, रसोईघर, आरओ और गीजर की भी व्यवस्था है। यहां बच्चों को 14 दिन तक रखकर उपचार किया जाता हैं। आठ वर्ष में पोषण पुनर्वास केंद्र में 960 बच्चे भर्ती हुए। इनमें से 941 बच्चे स्वस्थ होकर घर लौट गए और सामान्य जीवन जी रहे हैं।

केंद्र प्रभारी डा. हैदर अली ने बताया कि एनआरसी में बच्चों को उपचार दिया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों का वजन किया जाता है। इससे कुपोषित और स्वस्थ बच्चों का पता चल पाता हैं। केंद्र में 941 बच्चे ठीक हो चुके हैं।

> पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती किया जाता है। यहां चिकित्सकों के निर्देशानुसार बच्चों को उपचार दिया जाता है। बच्चे के साथ उसकी मां को खाना और 50 रुपये प्रतिदिन भत्ता दिया जाता है।
>
> -डा. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्साधीक्षक

### बच्चों को दिया जाने वाले आहार का मेन्यू

जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र में रविवार को सुबह 10 बजे सूजी का हलवा, दोपहर दो बजे सोयाबीन मिक्स खिचड़ी, शाम छह बजे मूंग की दाल की खिचड़ी। सोमवार को सुबह 10 बजे दलिया, दोपहर दो बजे चने की दाल की खिचड़ी, शाम छह बजे सोयाबीन मिक्स खिचड़ी। मंगलवार को सुबह 10 बजे बेसन का हलवा, दोपहर दो बजे मूंग की दाल की खिचड़ी, शाम छह बजे मिक्स वेज खिचड़ी। बुधवार को सुबह 10 बजे साबूदाने की खीर, दोपहर दो बजे मूंग की दाल की खिचड़ी, शाम छह बजे सोयाबीन मिक्स खिचड़ी। गुरुवार सुबह 10 बजे चावल की खीर, दोपहर दो बजे मिक्स वेज खिचड़ी, शाम छह बजे चने की दाल की खिचड़ी। शुक्रवार सुबह 10 बजे साबूदाने की खीर, दोपहर दो बजे सोयाबीन मिक्स खिचड़ी, शाम छह बजे मूंग की दाल की खिचड़ी। शनिवार की सुबह 10 बजे चावल की खीर, दोपहर दो बजे मिक्स वेज खिचड़ी और शाम छह बजे सोयाबीन मिक्स खिचड़ी बच्चों को परोसी जाती है।

### केंद्र में मिलती हैं यह सुविधाएं

पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को निशुल्क भर्ती किया जाता है।

खाने की व्यवस्था चिकित्सक की सलाह के अनुसार की जाती है।

बच्चों के साथ मां को भी खाना दिया जाता है।

भर्ती के दौरान बच्चे की मां को 50 रुपये प्रतिदिन भत्ता मिलता है।

बच्चे को चार बार अस्पताल लाने पर मां को दैनिक भत्ता सौ रुपये मिलता है।

## वर्कशॉप में मीटरों का टोटा अधिकारियों को भेजी रिपोर्ट

**रामपुर,अमृत विचार:** शहरी क्षेत्र में कई उपभोक्ताओं के घरों में मीटर नहीं लग पा रहे हैं। नवाब गेट डिवीजन से उपभोक्ताओं को जमा शुल्क की रसीद नहीं मिलने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का कहना है मीटर लगवाने के लिए लगातार वर्कशाप के चक्कर काट रहे हैं। मगर इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। यह स्थिति तब है जब वह कनेक्शन के लिए आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर चुके है। सरकारी शुल्क भी अदा कर चुके हैं।

मीटर के लिए जब नवाबगेट बिजलीघर जाते हैं तो उन्होंने वर्कशाप भेज दिया जाता है। वर्कशाप में तैनात कर्मचारियों का कहना है कि मीटरों के लिए मेरठ को लिखा गया है। उम्मीद है कि तीन से चार दिन में मीटर आ जाएंगे। इसके बाद ही मीटर मिल सकेंगे। फिलहाल वर्कशॉप में मीटर नहीं हैं।



अजीमनगर थाना क्षेत्र में पैदल मार्च करते एएसपी और फोर्स। ● अमृत विचार

# पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया पैदल मार्च

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने ड्रोन कैमरो से पोलिंग बूथ के आसपास संदिग्ध स्थानों की निगरानी भी की।

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो चुकी है। इसके बाद पुलिस-प्रशासन शांतिपूर्वक चुनाव कराने की तैयारी में लग गया है। चुनाव आयोग से मिली गाइडलाइन का पालन कराने के लिए पुलिस सड़कों पर उतर आई है। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पैदल मार्च किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने ग्रामीणों से शांतिपूर्वक मतदान करने की अपील की। पुलिस ने ड्रोन कैमरे की मदद से पोलिंग बूथ के आसपास घर की छतों पर निगरानी की। इस दौरान पुलिस ने आपराधिक छवि वाले व्यक्तियों के घर जाकर चेतावनी भी दी।

## एक नजर

### मानदेय मिलने पर खिले कर्मचारियों के चेहरे

**रामपुर,अमृत विचार :** किला, डूंगरपुर बिजलीघर में निविदा कर्मचारियों को मानदेय मिलने पर चेहरे खिल गए। शुक्रवार को मानदेय नहीं आने पर कर्मचारियों ने डूंगरपुर बिजलीघर में कार्य बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन किया था। इसके बाद गुस्साए कर्मचारियें ने एसडीओ, एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा था। समस्या को देखते हुए शनिवार को 39 कर्मचारियों को मानदेय मेहर इंटरप्राइजेज कंपनी द्वारा मिल गया है। मानदेय मिलने पर कर्मचारी अपनी डयूटी के लिए तैनात हो गए। मानदेय मिलने के बाद अब वह परिवार के साथ होली ठीक से मना सकेंगे।

### पार्लर प्रबंधन के प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आरसेटी द्वारा मार्च माह के अंत में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जाना है। आरसेटी के निदेशक अभिषेक आर्या ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रशिक्षण ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत निशुल्क दिया कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत दूरवर्ती अभ्यर्थियों के लिए बोर्डिंग एवं लॉजिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

### ई-रिक्शा की वजह से लगता है जाम

**रामपुर,अमृत विचार :** सिविल लाइन थाने के पास रोजाना सुबह ई-रिक्शा खड़ी होने के कारण जाम लग जाता है। इसके बाद भी पुलिस इन्हें नहीं हटा रही है। शहर में काफी संख्या में ई-रिक्शा हैं। दिन भर कहीं न कहीं पर इनकी वजह से जाम लग जाता है। लेकिन पुलिस इन पर लगाम नहीं लगा पा रही है। रविवार को काफी ई-रिक्शा सिविल लाइन थाने के सामने खड़ी होने कारण बसों को वर्कशाप से निकलते समय मोड़ने में परेशानी आई। इससे जाम लग गया था।

### मालगोदाम तिराहे पर जाम से परेशानी

**रामपुर, अमृत विचार :** मालगोदाम तिराहे पर ठेलों की वजह से रोजाना जाम लगता रहता है। इससे लोगों को काफी परेशानी होती हैं। मालगोदाम के पास दो-तीन फलों के ठेले लगते हैं। इसके कारण वाहन सही तरह से मुड़ नहीं पाते और जाम लग जाता है। कुछ दूरी पर बैठे पुलिस कर्मी भी उन ठेलों को हटवाने का प्रयास नहीं करते हैं। शाम के समय जब ट्रक उधर से गुजरते है तो और जाम लग जाता है।

# पाबंदी के बाद भी बोया साठा धान

## उप जिलाधिकारी ने तहसीलदार बिलासपुर को दिए जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के आदेशों को किसान हवा में उड़ा रहे हैं। किसानों ने बिलासपुर क्षेत्र में साठा धान की पौध बो दी है। बिलासपुर के उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने तहसीलदार को जांच के आदेश दिए हैं। एक किलो साठा धान पैदा करने में 4800 लीटर पानी खर्च होता है। इसके कारण भू गर्भ जल स्तर गिर जाता है।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कुछ दिन पहले कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर साठा धान पर पाबंदी लगाने के निर्देश दिए थे। लेकिन बिलासपुर क्षेत्र के किसानों ने जिलाधिकारी के निर्देशों को हवा में उड़ाते हुए साठा धान की पौध बो दी। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने तहसीलदार बिलासपुर को निर्देशित किया कि कुछ किसानों ने साठा धान बोया है। उन्होंने बताया कि तहसील बिलासपुर के ग्राम अलीपुर ठेका में सुखवंत सिंह, गुरपाल सिंह, रहमत अली और ग्राम सदराखेड़ा में प्रताप सिंह व मनकरा पुलिस चौकी के पास जुल्फिकार अली और पंजाबनगर में दिल्ली वालों के खेत में एवं अमरदीप होटल के पीछे कुछ किसानों ने साठा धान की पौध बोई है। इस संबंध में तहसीलदार बिलासपुर को स्थलीय जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### साठा धान की फसल से गिरता है जलस्तर

साठा धान से भू-गर्भ जलस्तर तेजी से नीचे गिरता है। जिले के शाहबाद, सैदनगर, मिलक और चमरौआ ब्लॉक डार्क जोन में आ गए थे। लेकिन, तत्कालीन जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने भू गर्भ जल स्तर को ऊपर उठाने के लिए काफी कार्य किया। परिणामस्वरूप चारों ब्लॉक सामान्य श्रेणी में आ गए हैं। साठा धान की पुन: बुआई करने से एक बार फिर भू गर्भ जल स्तर गिरने का खतरा मंडराने लगेगा। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने शासनादेश के बाद जिले में साठा धान की बुआई पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे में कृषि विभाग मक्का, उड़द, मूंग, कद्दूवर्गीय फसलें या चारा आदि के उत्पादन को बढ़ावा रहा है। यह फसलें उसी अवधि में और आधी लागत में तैयार हो जाती हैं। किसान सहफसली के रूप में उत्पादन कर सकते हैं। उड़द का बीज सरकार अनुदान पर देती है। प्रति एकड़ 37 क्विंटल मक्का आसानी से पैदा हो जाती है। इसके लिए किसानों को निरंतर साठा न लगाने के लिए जागरुक एवं अन्य फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उप कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार के अनुसार मक्का को मार्च के अंतिम सप्ताह से 10 अप्रैल तक बो सकते हैं।

- जलस्तर गिरने की वजह से डीएम ने दिए थे साठा धान की खेती नहीं करने के निर्देश
- एक किलो साठा धान पैदा करने में खर्च होता है 4800 लीटर पानी

उल्लेखनीय है कि पहले किसान जायद की फसल में साठा धान लगाता था। जिलाधिकारी के निर्देश पर साठा धान की बुआई पर प्रतिबंध लगा है। इसकी खेती को रोकने के लिए कृषि विभाग मक्का, उड़द, मूंग आदि फसलों को प्रोत्साहन दे रहा है। मक्का में साठा धान की अपेक्षा दसवां हिस्सा भी पानी नहीं लगता है। जबकि मुनाफा दोगुना हो जाता है। इसी के मद्देनजर कृषि विभाग अब मक्का बोने पर उड़द के बीज भी अनुदान पर देता है।



मक्का से बेबीकॉन सब्जी, पॉपकॉर्न, भुट्टा, आटा के अलावा अपशिष्ट से पशु व मुर्गी के लिए चारा भी मिलता है। वैज्ञानिक व बुजुर्गों का कहना है कि अन्न वाली फसल के बाद दलहनी फसल लगानी चाहिए। इससे भूमि को शक्ति मिलती है। मक्का की जड़ उथली होती है। इससे खेत भुरभुरा हो जाता है। मक्का में पानी कम खर्च होता है। इसलिए मक्का बोने में ही लाभ है। किसान साठा धान की बुआई न करें।

**- नरेंद्र पाल**
**जिला कृषि अधिकारी**

# एक साल में मात्र 257 महिलाओं को ही योजना का लाभ दिला सका डाक विभाग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डाकघर लोगों को योजानाओं का लाभ देने के लिए होता है। लेकिन मुख्य डाकघर महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है। डाक विभाग एक साल में महिला सम्मान बचत पत्र योजना में मात्र 257 महिलाओं को ही लाभ दिला सका है। जबकि जिले में करीब 27 लाख की आबादी है। डाकघर के अधिकारी सरकार की योजनाओं को आम आदमी तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं।

शासन की ओर से डाकघर में खाते खुलवाने से लेकर कई प्रकार की योजनाएं चलाई जाती हैं। लेकिन मुख्य डाकघर के अधिकारियों की लापरवाही के कारण योजनाएं फाइलों में ही दम तोड़ रही हैं। मार्च 2023 डाकघर में महिलाओं के लिए में महिला सम्मान बचत पत्र योजना आई थी। लेकिन डाकघर के अधिकारी इस योजना का लाभ दिलाने की बजाए योजनाओं की खानापूर्ति करने में लगे हैं। जिले में मौजूदा समय में लगभग 27 लाख की आबादी है। मगर डाकघर के अधिकारी एक साल में जिले में मात्र 257 महिलाओं को ही इस योजना का लाभ दिला सके हैं।

इससे डाकघर के अधिकारियों की लापरवाही उजागर होती है। योजना का पर्याप्त प्रचार-प्रसार पर्याप्त नहीं होने कारण आधी आबादी को इसकी जानकारी ही नहीं है।

### मुख्य डाकघर में महज 56 महिलाओं ने खुलवाया खाता

महिला सम्मान बचत पत्र योजना 2023 में कोई भी महिला खाता खोलकर न्यूनतम 1000 से अधिकतम दो लाख रुपये पर सालाना के हिसाब से 7 .5 प्रतिशत ब्याज ले सकती है। इसकी अवधि दो वर्ष है। मजे की बात है कि इस योजना का लाभ शहर में भी मात्र 56 महिलाओं को ही मिल सका। जबकि शहर में साढ़े तीन लाख आबादी है। इससे जाहिर है कि गांव के साथ शहर में भी डाकघर के अधिकारी सक्रिय नहीं हैं।

इस योजना का प्रचार न होने से खाते कम खुले हैं। खासकर ग्रामीण महिलाओं ने अभी विशेष रुचि नहीं ली है। **-सुरेंद्रपाल सिंह, मुख्य पोस्टमास्टर, प्रधान डाकघर**

- एक साल पहले शुरू हुई थी महिला सम्मान बचत पत्र योजना
- अधिकारियों की लापरवाही से फाइलों में ही दम तोड़ रही हैं योजनाएं

### दो वर्ष में बचत योजना में मिलेगा इतना लाभ

- 1000 रुपये जमा करने पर 1,160 रुपये
- 5000 रुपये जमा करने पर 5,801 रुपये
- 10,000 रुपये जमा करने पर 11,606 रुपये
- 50,000 रुपये जमा करने पर 58,011 रुपये
- 1 लाख रुपये जमा करने पर 1,16,022 रुपये
- 2 लाख रुपये जमा करने पर 2,32, 044 रुपये

# किसानों से अच्छा व्यवहार करे प्रशासन : गंगवार

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में किसान कृषि मेला रठौंडा में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन किसानों के साथ अच्छा व्यवहार करे। कहा कि प्रशासनिक अधिकारी किसानों से बात नहीं करते। ऐसे अधिकारियों के कार्यालयों के समक्ष बेमियादी धरने पर बैठेंगे।

जिलाध्यक्ष ने सैकड़ों किसानों के साथ रठौंडा शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। कृषि मेला में मौजूद प्रदर्शनी को देखा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाकियू अराजनैतिक लगातार किसानों की सेवा कर रही है। किसानों ने बताया है कि बिलासपुर में साठा धान की खेती हो रही है। जिला प्रशासन इस पर अपनी मंशा साफ करे। जिला प्रशासन कुछ चुनिंदा किसानों से ही साठा धान की खेती कराना चाहता है। कोई और किसान यह खेती करेगा तो उस पर पाबंदी लगाई जाएगी, यह सरासर गलत है। जिला प्रशासन जल्द ही सुनिश्चित करे कि कोई भी जिले में साठा धान की खेती न करे। उन्होंने कहा कि भाकियू अराजनैतिक यह बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेगी। जिले के सभी किसानों को एक समान दर्जा दिया जाना चाहिए। जलाभिषेक में प्रेम पाल सिंह, अजीत सिंह, लखविंदर सिंह,लक्ष्मी, वीरेंद्र गंगवार, ज्ञान पाल यादव, हरिशंकर, अमित गंगवार, महेश बाबू गंगवार, राजेंद्र मौर्य, नरेश आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

- साठा धान की खेती पर लगाई पाबंदी हटाए प्रशासन

# पोस्टर या बैनर फाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों को निर्देश दिया है कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभा और जुलूस में बाधा नहीं डालेंगे।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता या समर्थक अन्य राजनीतिक दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक सभा में सवाल पूछकर या अपने दल के पर्चे बांटकर बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। किसी दल द्वारा उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहां अन्य दल की सभाएं आयोजित हो रही हैं। किसी दल के कार्यकर्ता अन्य दल के कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए पोस्टर नहीं हटाएंगे। यदि किसी प्रत्याशी या उसके समर्थक द्वारा पोस्टर या बैनर फाड़े या हटवाए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिले में 152 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

# कुरआन की तिलावत से मिलती है तनाव से मुक्ति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर की मोती मस्जिद में छठवीं नमाज-ए-तरावीह में कुरआन-ए-करीम मुकम्मल हुआ। कारी ख्वाजा अहमद ने तकरीर में कहा कि कुरआन अल्लाह की किताब है। इसका जितना अधिक पाठ किया जाए उतना ही अधिक आनंद मिलता है। उन्होंने मुसलमानों से अपील की वह ज्यादा से ज्यादा कुरआन की तिलावत करें। कहा कि रमजान में अल्लाह इबादत का सवाब सत्तर गुना कर देता है।

तोपखाना रोड स्थित मोती मस्जिद में कारी ख्वाजा अहमद खां ने तरावीह के दौरान रोजाना साढ़े पांच सिपारे सुनाए। जबकि सामां के फराइज अब्दुल बासित ने अदा किए। इसके बाद कारी ख्वाजा अहमद खां और सामां अब्दुल बासित की लोगों ने गुलपोशी की। इस मौके पर कारी ख्वाजा अहमद खां ने कहा कि मुसलमानों को अपनी जिंदगी में कुरआन को मजबूती से पकड़े रहना चाहिए। हर मुसलमान को कलमा-ए-तय्यबा का जिक्र हर वक्त करते रहना चाहिए। जब कोई मोमिन पूरे महीने रोजा रखता है और फिर ईद की नमाज अदा करता है तो अल्लाह उस बंदे के सिर से लेकर पैर तक के सारे गुनाह माफ कर दिया करता है। अल्लाह का बंदा ऐसा हो जाता है जैसे वह आज ही मां के पेट से पैदा हुआ है। कहा कि कुरआन को पढ़ना, सुनना, देखना और छूना भी बहुत सवाब है। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



कुरआन मुकम्मल होने पर कारी ख्वाजा अहमद की गुलपोशी की गई।

- मोती मस्जिद में कुरआन-ए-करीम मुकम्मल, हुई दुआ
- रोजाना साढ़े पांच सिपारे की हुई तिलावत



आलिम हसन व अकरम हसन।

### आलिम और अकरम ने रखा पहला रोजा

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला मडैयान नादिर बाग अली मस्जिद निवासी आलिम हसन और अकरम हसन ने पहला रोजा रखा। दोनों बच्चों के पहला रोजा रखने पर परिजनों, रिश्तेदारों ने उपहार दिए। इसके अलावा इफ्तार और सहरी का सामान लेकर पहुंचे। रविवार की शाम आलिम हसन और अकरम के ददिहाल और ननिहाल के लोगों का इफ्तार कराया। बच्चों के पहला रोजा रखने पर घर में खुशी का माहौल है। आलिम और अकरम ने बताया कि वह इसके बाद रमजान के सभी रोजे रखेंगे और कुरआन मजीद की तिलावत के अलावा तरावीह भी अदा करेंगे।

# नक्शा पास नहीं कराने पर जिला पंचायत ने जारी किया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में अनियोजित निर्माण प्रतिबंधित है। इसके लिए जिला पंचायत द्वारा काफी समय से ग्रामीणों को विभिन्न माध्यम से बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में अनियोजित निर्माण न कराएं। निर्माण कराने से पूर्व नक्शा अवश्य पास करा लें। ताकि किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके बावजूद ग्रामीण बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिला पंचायत विभाग ने कई अनियोजित निर्माण करने वालों को नोटिस जारी कर दिया है। तत्काल नक्शा पास न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

प्रभारी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नीरज रस्तोगी ने बताया कि तहसील टांडा के ब्लॉक सैदनगर के ग्राम सूरतसिंहपुर उर्फ नया गांव के इश्तियाक प्रधान ने कृषि भूमि पर बैंक्वेट हाल बनवाया है। लेकिन जिला पंचायत से इसका नक्शा पास नहीं कराया। इसी क्रम में ग्राम रजानगर निवासी अख्तर अली, ग्राम काशीपुर घास मंडी निवासी मोहम्मद परवेज वारसी, तहसील स्वार निवासी परवेज खां और ग्राम महूनागर निवासी सलीम को अनियोजित भवन निर्माण कराए जाने पर नोटिस जारी किया गया है।

जिला पंचायत कार्यालय ने निर्माणाधीन कार्य को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया और समस्त अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत कर नक्शा स्वीकृत कराने का आदेश दिया। ऐसा नहीं कराने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

- नक्शा स्वीकृत न कराने पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई

# स्वार का नाम बदलने का प्रस्ताव स्थगित

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई नगर पालिका बोर्ड की बैठक में स्वार का नाम बदलने का प्रस्ताव स्थगित कर जलकर की स्वीकृति प्रदान कर सभी प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गए।

नगर पालिका के सभागार में पालिकाध्यक्ष रेशमा परवीन अंसारी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें सर्व प्रथम पालिका लिपिक शफीक अहमद ने सभासदों को एजेंडा पढ़कर सुनाया। वार्षिक आय-व्यय 2024- 25 का ब्योरा रखा गया। इसमें 22,20,50,000 की आय व 22,08,60,000 रुपये व्यय का बजट पेश किया। बैठक में स्वार का नाम बदलने व हाउस टैक्स लगाने पर चर्चा हुई। इसे पालिकाध्यक्ष ने अग्रिम बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद नगर में होम्योपैथिक अस्पताल बनाने, स्वार-बाजपुर मार्ग पर डिवाइडर बनवाने, नाला सफाई समेत अन्य प्रस्ताव पालिकाध्यक्ष की अनुमति से पास कर दिए गए। इस दौरान विधायक एवं पालिका के पदेन सदस्य शफीक अहमद अंसारी, ईओ सुरेन्द्र केसरवानी, सभासद हाजी असलम टीपू, शावेज खां, हंसा, हबीब कुरैशी, अकील खां, शमीम जहां, युनूस अंसारी, लइक अहमद, मोनिका उर्फ अलीशा नाज, पूनम सक्सेना, आशा, प्रीति, अरबाज आलम, मोहम्मद गुलवेज, मोहम्मद असलम, रेशमा परवीन, रईसा बेगम, हसीना, निसार अंसारी, मोहम्मद इकराम समेत समस्त सभासद मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने बताया की स्वार का नाम बदलने एवं हाउस टैक्स लागू करने के प्रस्ताव अग्रिम बैठक तक स्थगित कर बाकी सभी प्रस्तावों को पास कर दिया है।



बोर्ड की बैठक में पालिकाध्यक्ष के साथ पदेन सदस्य विधायक शफीक अंसारी।

- पालिकाध्यक्ष ने बोर्ड की बैठक में प्रस्तावों को दी मंजूरी
- पालिकाध्यक्ष ने अगली बैठक में प्रस्ताव पेश करने को कहा

# निजी जीवन और धर्म पर टिप्पणी करने से करें परहेज

**रामपुर, अमृत विचार :** कोई दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जिससे भिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद अधिक गंभीर हो सकते हैं। इससे परस्पर नफरत या तनाव पैदा हो सकता है।

राजनीतिक दल की आलोचना में उनकी नीति, कार्यक्रम, गत रिकॉर्ड व कार्य तक ही सीमित रखा जाए। दल व अभ्यर्थियों को अन्य दल के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सार्वजनिक गतिविधियों से असंबद्ध निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना होगा। असत्यापित आरोप या मिथ्या कथन के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना करने से बचना होगा। मत प्राप्त करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी।

# मसवासी में सरपट दौड़ रहे अवैध खनन लदे वाहन

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** सख्ती के बाद भी अवैध खनन के वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। जिलाधिकारी के सख्त आदेश के बाद भी टीम अवैध खनन को रोकने में कामयाब नहीं हो रही है।

रविवार की शाम एसडीएम स्वार अवनीश कुमार ने अवैध खनन से लदे दो डंपर पड़कर पुलिस के हवाले कर दिए। इनके खिलाफ सीज कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने अवैध खनन के वाहनों की धरपकड़ के लिए टीमों का गठन कर रखा है। टीमों की निष्क्रियता के चलते अवैध खनन के वाहन क्षेत्र में धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। तहसील प्रशासन के अधिकारी लगातार इन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर रहे हैं। इसके बावजूद अवैध खनन के वाहन थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार को एसडीएम अवनीश कुमार ने पट्टीकला कोसी नदी क्षेत्र से रेत भरकर ला रहे दो डंपर पड़कर पुलिस के हवाले कर दिए। पुलिस ने दोनों डंपरों के खिलाफ सीज कार्रवाई की है।



मानपुर स्थित चेक पोस्ट पर खड़े रेत से भरे सीज हुए डंपर। ● अमृत विचार

- एसडीएम ने दो डंपर पड़कर पुलिस को सौंपे, सीज

**खेतीबाड़ी** — गर्मी में बोआई करके 25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर ले सकते अनाज का

# कंगनी बोकर किसान उठा रहे चार गुना लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कंगनी अत्यंत पौष्टिकता से भरपूर खाद्यान्न के साथ मुनाफा देने वाली उपज है। सौ दिन में पैदा होने वाली कंगनी के सेवन से मधुमेह रोग पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। अनाज के साथ भूसा भी बेचकर किसान अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। लेकिन इसका बाजार न मिलने के कारण किसान उत्पादन से पीछे हटते हैं।

कृषि विभाग ने पिछले वर्ष से कंगनी का बीज मुफ्त उपलब्ध कराना शुरू किया। विभाग इस सीजन में बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करेगा। पिछले वर्ष जिले में केवल दो किसान ही इसकी फसल उगाने को तैयार हुए। उन्होंने इसके अनाज के साथ भूसा बेचकर लागत से चार गुना अधिक लाभ कमाया।

पांच दशक पूर्व बहुतायत में उगाए जानी वाली फसल की मांग न होने से किसान घाटा उठाने को तैयार नहीं होते हैं। कृषि विभाग के प्रोत्साहन पर पिछले वर्ष ब्लॉक बिलासपुर के ग्राम संकरा में रहने वाले अहमद नबी और उनके भाई मेहंदी हसन ने मिलकर तीन एकड़ में कंगनी बोई थी। एक एकड़ में छह-सात किलो के अनुपात में मिली कंगनी जून में लगाई और सितंबर माह में कटाई की। उन्हें नौ क्विंटल की उपज हासिल हुई। इसमें 12 क्विंटल भूसा भी मिला। इसके दाने का भाव 4000 रुपये क्विंटल है। दोनों भाइयों ने दानों से 32 हजार रुपये और भूसे से 10 हजार रुपये कमाए। इस प्रकार उनहें 40 हजार रुपये का मुनाफा मिला। उन्होंने बताया कि यह अनुपजाऊ जमीन में भी पैदा हो जाती है।

### कंगनी पौष्टिक धान्यों में सबसे पुराना

कंगनी सभी पौष्टिक धान्यों में सबसे पुराना है। चार दशक पूर्व इसे मूल भोजन के रूप में सेवन किया जाता था। इसका स्वाद अखरोट जैसा मिठास लिए होता है। इसकी उपज 20-25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर और भूसा 30-40 क्विंटल प्रति हेक्टयर होता है। इसमें फाइबर, विटामिन, खनिज, प्रोटीन, आयरन भरपूर पाए जाते हैं। रक्त शर्करा व कोलेस्ट्राल नियंत्रित होता है। जोड़ों के दर्द व रक्त अल्पता में लाभकारी है।

कंगनी की फसल बोने के लिए किसानों को जागरूक कर रहे हैं। इस बार जिले में अधिक से अधिक कंगनी की बुआई के लिए प्रयास किया जाएगा। मई से किसानों को कंगनी का बीज मुफ्त दिया जाएगा। **-नरेंद्र पाल, जिला कृषि अधिकारी**

# भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिलईबड़ा गांव में हुए गोलीकांड में महापंचायत होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। इसके बाद रामपुर सीमा में भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर को गिरफ्तार करने के बाद अमरोहा भेज दिया। इसके चलते पूर्व घोषित महापंचायत 17 मार्च को सिलईबड़ा गांव में नहीं हुई।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले डॉ. भीमराव आंबडेकर का शाइन बोर्ड हटाने को लेकर सिलईबड़ा गांव में बवाल हो गया था। इस दौरान गोली लगने से कक्षा 10 के छात्र सुमेश की मौत हो गई थी। उसके बाद काफी संगठनों के लोग धरना प्रदर्शन कर रहे थे। एक-दो दिन से भीमसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर ने भी सिलईबड़ा गांव में महापंचायत करने का ऐलान किया था। इसके बाद से पुलिस विभाग सतर्क हो गया था। पुलिस उनकी तलाश में थी। रविवार को रामपुर सीमा में घुसने के बाद पुलिस ने भीमसेना प्रमुख सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया था। उन्होंने जबरन दरवाजे खोलकर गाड़ी को कब्जे में ले लिया। तंवर समेत भीम सेना की पूरी टीम को जबरन गिरफ्तार कर लिया गया। इसके चलते उनकी महापंचायत नहीं हुई। पुलिस इस मामले में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जबकि, सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में इंस्पेक्टर अजय पाल सिंह उनका हाथ पकड़ते दिखाई दे रहे हैं। वहीं एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि किसी को गिरफ्तार करने का कोई मामला नहीं है।

- सिलईबड़ा गांव में नहीं हुई पूर्व घोषित महापंचायत

# भक्तों ने धूमधाम से मनाया नंद उत्सव

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** नगर के जनता इंटर कॉलेज के मैदान में डा. हुकुम सिंह सांगा की स्मृति में डॉ. उमा सांगा के नेतृत्व में 21 मार्च तक चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को कथावाचक पंडित गोविंद आचार्य ने भगवान कृष्ण के जन्म के बारे में विस्तार से बताया।

कथा वाचक पंडित गोविंद आचार्य ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य को अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। सेवा से हृदय को शांति और पुण्य मिलता है। कथा के दौरान नंद उत्सव भी मनाया गया। कथा सुनने के लिए भाजपा सांसद घनश्याम सिंह लोधी, भाजपा के जिला प्रचारक अजीत सिंह, जिला कार्यवाह पुनीत भी पहुंचे। इनके अलावा राकेश जोशी, डॉक्टर आशुतोष सांगा, विष्णु गुप्ता, बालकिशन जोशी, आशुतोष शर्मा, वीरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।



कथा के दौरान आशीर्वाद लेते भक्त। ● अमृत विचार

### रात भर माता के भजनों पर झूमते रहे भक्त

**भोट, अमृत विचार :** क्षेत्र के पीपलगांव स्थित प्राचीन मां चामुंडा देवी स्थान पर मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद शनिवार की रात माता के जगराते का आयोजन किया गया। रात नौ बजे महंत पर्व गिरि महाराज के नेतृत्व में आचार्य रमेश, पंडित मोहन लाल शर्मा व विशाल भारद्वाज ने विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया। गणेश वंदना के साथ जगराते की शुरूआत हुई। बाहर से आए गायक कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालुओं से रात भर पंडाल खचाखच भरा रहा। माता रानी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। रविवार भोर में महाआरती व प्रसाद वितरण के बाद जगराते को विराम दिया गया। व्यवस्था में राजकिशोर सैनी, ओमवीर सिंह, चुन्नी लाल, डोरी लाल, सुन्दर लाल, नरेश दिवाकर, रोशन लाल यादव, रामकिशोर लोधी, नन्हे, बुद्धसैन लोधी, ओमप्रकाश दिवाकर आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### होली महोत्सव मनाया भजनों पर झूमे श्रद्धालु

मुरादाबाद, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की ओर से पुष्प होली महोत्सव कार्यक्रम एक बैंक्वेट हाल में संपन्न हुआ। इसमें अमित शर्मा ने प्रभु भजन प्रस्तुत किए। जिस पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश महामंत्री गौरव राघव मौजूद रहे। अध्यक्षता गुरप्रीत ने की। कार्यक्रम में रोहन सक्सेना, वंदना शर्मा, गौरव सैनी, विभाग जय किशन, स्वाति राज, अर्पित सक्सेना, प्रियांक शर्मा, दीनदयाल प्रजापति, दीप खुराना, अमन सैनी आदि मौजूद रहे।

### आरोग्य मेला के नाम से मिलेगा मरीजों को इलाज

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के दृष्टिगत हर रविवार को स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री जनआरोग्य आयुष्मान मेला अब आरोग्य मेला के नाम से किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इस संबंध में शासन से निर्देश प्राप्त होने पर नाम में बदलाव करके मेला लगाया गया। स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मेले के पुराने नाम वाले पोस्टर, बैनर हटा दिए। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रत्येक शनिवार को हेल्थ वेलनेस सेंटरों व रविवार को सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला के अंतर्गत मरीजों को स्वास्थ्य की जांच व इलाज की सुविधा निशुल्क मिलना जारी रहेगा।

### एसयूसीआई (सी) के लोस प्रत्याशी होंगे हरकिशोर

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इण्डिया (कम्युनिस्ट) के पश्चिम उत्तर प्रदेश राज्य सांगठनिक कमेटी के पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेसवार्ता में मुरादाबाद से हरकिशोर सिंह को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 5 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। इस दौरान सचिव कामरेड विजयपाल सिंह, अविनाश सक्सेना, मोहम्मद गोरी आदि मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं ने कला प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस स्थित कल्पतरू स्कूल के प्रांगण में एक दिवसीय कला-एकीकृत परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्र- छात्राओं द्वारा बनाई गई विभिन्न विषयों पर आधारित कलाकृतियां और मॉडल प्रदर्शित किए गए। एक दिवसीय प्रदर्शनी का आरंभ स्कूल की डायरेक्टर ममता मेहरोत्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुखप्रीत कौर, संगीता कथूरिया, सुखलीन कौर व नवदीप कौर ने किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने सेव वाइल्ड लाइफ व प्रिजर्व विलेज को लेकर जागरुकता का संदेश दिया।

# लोस चुनाव: दो चरण में होगा जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान

## पहले चरण में मतदान को 20 से 27 मार्च तक चलेगा नामांकन, 19 को पड़ेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान पहले चरण में 19 अप्रैल को होगा। इसके लिए 20 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 20-27 मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। मुरादाबाद लोकसभा सीट का चुनाव प्रथम चरण में कराया गया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिसूचना 20 को जारी होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को और नाम वापसी 30 तक हो सकेगी। मतदान 19 अप्रैल और मतगणना 4 जून को कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शामिल मुरादाबाद जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों कुन्दरकी और बिलारी का चुनाव तृतीय चरण में सम्पन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी अधिसूचना 12 अप्रैल को संभल जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 19 अप्रैल है। नाम निर्देशन पत्र की जांच 20 को की जाएगी। जबकि नाम वापसी 22 तक होगी। मतदान 7 मई और मतगणना 4 जून को एकसाथ होगी।



हरथला में रंग फैक्ट्री के बराबर में खंभे पर लगी फ्लेक्सी। ● अमृत विचार

### सड़कों से उतारी प्रचार सामग्री, कहीं होर्डिंग्स चिढ़ा रहे मुंह

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले में चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद दूसरे दिन भी सड़कों व भवनों पर लगी राजनीतिक प्रचार सामग्री हटाई गई। नगर निगम की टीमों द्वारा जगह-जगह प्रचार सामग्री के रूप में लगे बैनर, होर्डिंग्स, फ्लैक्स आदि को हटाकर दीवारों पर लिखे नारे आदि को भी धुलवाया। चेतावनी दी कि यदि कोई नियमों का उल्लंघन कर दोबारा ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं कई जगह अभी भी पोस्टर बैनर लगे हैं जिसे टीमों ने नहीं हटवाया है। कांठ रोड पर स्थित रंग फैक्ट्री के पास एक राजनीतिक दल के नेताओं की नव वर्ष की शुभकामना वाली होर्डिंग आचार संहिता को मुंह चिढ़ा रही हैं।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए डीएम मानवेंद्र सिंह सम्मानित



मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में बेहतर प्रबंधन व उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारी (जिला निर्वाचन अधिकारी) मानवेंद्र सिंह को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के अधिकारियों ने बधाई देकर उनके मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता के साथ कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता सूची प्रबन्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने प्रशस्ति पत्र मिलने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ कराने को प्रतिबद्ध हूं। इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है।

# बज गई डुगडुगी, चुनावी दंगल में वोटरों को प्रत्याशियों का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**लोकसभा चुनाव**
- पहले चरण में मुरादाबाद सीट पर 19 अप्रैल को होगा मतदान 20 मार्च से नामांकन
- भाजपा, सपा ने अभी तक घोषित नहीं किए उम्मीदवार, बसपा ने इरफान सैफी को बनाया प्रत्याशी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बज गई है। देर है तो बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के चुनावी दंगल में उतरने की। जिले में लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए 20 से 27 मार्च तक नामांकन कार्य चलेगा। लेकिन भाजपा, सपा, आम आदमी पार्टी आदि दलों ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

नये साल की शुरुआत से ही लोकसभा चुनाव लड़ने के दावेदारों की ओर से शुभकामनाओं का दौर शुरू हो गया था। इसके बहाने उन्होंने जनता के बीच अपने चेहरे दिखाकर शुभकामनाएं दीं। मार्च में चुनाव की तारीखों की घोषणा से दावेदारों का यह इंतजार तो खत्म हो गया लेकिन, अभी भाजपा, सपा, आम आदमी पार्टी आदि की ओर से प्रत्याशियों के नाम का ऐलान न होने से सस्पेंस बरकरार है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को लेकर शनिवार को बुद्धि विहार स्थित मैदान में हुई जनसभा में भी कौतूहल रहा। मंच से पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह को बाघ कहकर मुख्यमंत्री के द्वारा संबोधन से लोगों को कुछ इशारा तो मिला लेकिन, मंच पर मौजूद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने टिकट वितरण पर एक शब्द भी न बोलकर सस्पेंस बनाए रखा। हालांकि पार्टी के गलियारे में दो पूर्व सांसद के अलावा दो सिने अभिनेत्रियों के नाम भी चर्चा में है।

यही हाल समाजवादी पार्टी का है। वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन हैं जो लोकसभा में पार्टी की नुमाइंदगी कर रहे हैं लेकिन, पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने अभी किसी को प्रत्याशी बनाने की घोषणा न कर उनको भी संशय में डाल रखा है। वहीं दूसरे दावेदार इससे खुश हैं कि उनका दावा बरकरार है। टिकट देने में सबसे आगे बहुजन समाज पार्टी है। उसने इरफान सैफी को प्रत्याशी बनाने की घोषणा कर लीड ली है। अब जबकि 20 मार्च से लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू होनी है। ऐसे में दावेदारों के दिलों की धड़कनें तेज होने लगी हैं। वहीं मतदाता भी चुनावी दंगल के पहलवानों के चेहरे स्पष्ट होने की राह देख रहे हैं।

# चुनाव में जीत को निभाएं जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



भाजपा की देहात विधानसभा क्षेत्र की चुनाव संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते वक्ता व उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- भाजपा की देहात विधानसभा क्षेत्र की संचालन समिति की कार्य योजना बैठक

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली देहात विधानसभा क्षेत्र की चुनाव संचालन समिति की बैठक रविवार को लोकसभा संगठन कार्यालय स्क्वायर वन परिसर रामचौक पर हुई। मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता और देहात विधानसभा प्रभारी सुरेश सैनी रहे।

लोकसभा संयोजक ने कहा कि 19 अप्रैल को प्रथम चरण में मुरादाबाद लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। आप सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी है। मीडिया, सोशल मीडिया प्रबंधन, वाहन व प्रचार वाहन व्यवस्था के साथ सभी मंडलों में घूमना, बैठक, सम्मेलनों की व्यवस्था करना है।

देहात विधानसभा प्रभारी ने कहा कि अपना बूथ सबसे मजबूत की रणनीति पर हमें कार्य करना हैं। बूथ स्तर पर सभी मतदाताओं से संपर्क कर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं, कार्यों व उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करें।संगठन की ओर से चुनाव प्रबंधन के लिए जो जानकारी दी गई है उसे पूरा करें। जिन कार्यकर्ताओं के इस चुनाव संचालन समिति में नाम है वह यह मानकर चलें कि उन्हें विशेष कार्य के लिए चुना गया है। उन्हें मतदाताओं को बूथ पर भेजकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, संचालन अमित शर्मा ने किया। बैठक में प्रदीप शर्मा, पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष चंद्र प्रजापति, मनीष गुर्जर, अजय वर्मा, शशि किरण, मंडल अध्यक्ष आलोक सैनी, रजनीकांत जाटव, प्रदीप सक्सेना, रंजना शर्मा, पिंकू गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नामांकन के दौरान रहेगी तीसरी आंख की नजर

मुरादाबाद, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में हर तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। नामांकन के दौरान नियमों के उल्लंघन करने वालों की गतिविधियां तीसरी आंख की नजर में रहेंगी। जिला प्रशासन के अधिकारी 20 मार्च से नामांकन के लिए सभी प्रबंध करने में जुट गए हैं।

आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए सचल दल गठित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारी लोकसभा क्षेत्र में घूमकर आदर्श आचार संहिता के पालन कराने में लग गए हैं। वहीं नगर निगम की टीम महानगर क्षेत्र में राजनीतिक पार्टियों की प्रचार सामग्री उतारने में लगी है। लोगों से कहा है कि राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री बिना अनुमति के न लगने दें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद का कहना है आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

# पुलिस ने थानावार गठित की टीमें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद पुलिस अलर्ट में है। आवासीय होटल एवं लॉज से लेकर अन्य संदिग्ध स्थलों पर पहुंचकर वहां ठहरे लोगों के बारे में जानकारी ली, साथ ही उनके निवास प्रमाण पत्र आदि की जांच की। यही नहीं, रेलवे जंक्शन, बस स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर जांच की। इसी क्रम में पुलिस ने जिले में शांतिपूर्ण वातावरण तैयार करने के लिए थाना वार सर्विलेंस टीमों का गठन कर दिया है। प्रमुख मार्गो के चौराहा-तिराहा पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए थानावार स्थाई व अस्थाई स्टेटिक सर्विलांस टीमों का गठन कर दिया है। इनका सुपरविजन सर्किल के क्षेत्राधिकारी करेंगे। स्थाई स्टेटिक सर्विलांस टीम थाने में रहकर काम करेगी, जबकि अस्थाई टीमें क्षेत्र में घूमकर निगरानी करेंगी। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि शनिवार शाम से रविवार पूरे दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स ही हटवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रामपुर दोराहा के पास काशीपुर तिराहा पर बैरियर भी लगाया गया है। यहां संदिग्ध वाहनों और उस पर सवार लोगों पर नजर रखी जाएगी। इसी तरह मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि दिल्ली रोड पर और आसपास क्षेत्र में चुनाव आचार संहिता के अनुपालन के तहत निर्वाचन सामग्री को हटवाया गया है। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि उनके क्षेत्र में भी रविवार को पूरे दिन अभियान चलाकर चुनाव सामग्री हटवाई गई है। इसमें नगर निगम की टीमों ने भी सहयोग किया है। जिला प्रशासन की टीमें भी पुलिस के साथ मौजूद रही हैं।


फोर्स के साथ बाजार में भ्रमण करतीं कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक।

# यूपी बोर्ड: 13 प्रतिशत कापियां जांची

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

| मूल्यांकन केंद्र | आवंटित उत्तर पुस्तिकाएं | मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं |
|---|---|---|
| महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज | 10,9997 | 10210 |
| चित्रगुप्त इंटर कालेज | 81794 | 13339 |
| जीजीआईसी | 92653 | 9795 |
| आरएन इंटर कालेज | 86135 | 16050 |
| पारकर इंटर कालेज | 12884 | 14421 |
| हैविट मुस्लिम इंटर कालेज | 100235 | 9307 |
| योग | 5,99,654 | 77831 |

- दूसरे दिन 49,638 उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन 77,831 कापी जांची गईं
- महानगर में उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए बनाए गए हैं छह मूल्यांकन केंद्र

अमृत विचार: यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का छह केंद्रों पर किया जा रहा है। रविवार को दूसरे दिन 49,638 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। अब तक 12.98 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। शनिवार को पहले दिन 28,191 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ था।

शनिवार से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य महानगर के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज और हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में चल रहा है। अभी तक सभी केंद्रों को मूल्यांकन के लिए 5,99,654 उत्तर पुस्किाएं प्राप्त हुई हैं। इसमें पहले दिन शनिवार को 28,191 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। रविवार को 49,638 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। अब तक 77,831 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। जबकि 52,1823 पुस्तिकाएं जांच के लिए अवशेष हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मूल्यांकन केंद्र के उप नियंत्रक, उप प्रधान परीक्षकों व परीक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### आचार संहिता लागू नहीं हटे बैनर-पोस्टर

मैनाठेर, अमृत विचार: क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मगर मैनाठेर पुलिस क्षेत्र में राजनीतिक दलों के दीवारों पर लगे बैनर-पोस्टर नहीं हटवा पाई है। गांव एवं नगर में दीवारों व अन्य स्थानों पर प्रचार करते बैनर व पोस्टर दीवारों पर लगे हैं ।

शनिवार को निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों को घोषणा कर दी। इसके साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। इसमें सार्वजनिक स्थानों राजनीतिक दलों की प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई जानी है, मगर जिम्मेदारों का अब तक इस ओर ध्यान नहीं गया है। असालत नगर वघा और मैनाठेर, फरीदपुर, लालपुर, फतेहपुर खड़ंजा के पास, ताहरपुर, नानकार के बस अड्डे पर दीवारों पर लगी प्रचार सामग्री आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है।

# परिचय सम्मेलन में पांच जोड़ों ने लिए सात फेरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



वैवाहिक परिचय सम्मेलन में उपस्थित युवतियां। ● अमृत विचार

अमृत विचार: अग्रवैश्य प्रगतिशील वैवाहिक जन कल्याण समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ। इसमें परिचय सत्र, संपर्क सत्र व गठबंधन सत्र आयोजित हुए। इस आयोजन के माध्यम से 20 रिश्ते तय हुए। साथ ही पांच जोड़ों ने आयोजन स्थल पर मंडप में ही गठबंधन सूत्र में बंधने का निर्णय लिया। जिन्हें मंत्रोचार के उपरांत वैदिक रीति से परिणय सूत्र बंधन में बांध दिया गया।

आयोजन का आरंभ गणपति वंदना के साथ किया गया। परिचय सत्र में नवीन पंजीकृत व कल न आ सकने वाले पंजीकृत युवक-युवतियों का परिचय मंच के माध्यम से कराया गया। इसके बाद संपर्क सत्र में प्रत्याशियों ने सपरिवार पारस्परिक विवरण प्राप्त किया। अपने लिए उपयुक्त जीवन साथी की तलाश को पूर्णता प्रदान की और रिश्ता पक्का किया। उनमें से 10 युवक- युवतियों ने रविवार को ही मंडप में सात फेरे लेकर जन्म-जन्मांतर तक एक-दूजे का साथ स्वीकार किया। इस दौरान चांदपुर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष कृष्ण अवतार अग्रवाल व शोभा गुप्ता ने दहेज का सामान दिया। इस अवसर पर प्रमिला मित्तल, शुभम अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, रजत अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, महेंद्र रस्तोगी, आशीष अग्रवाल, आशीष गुप्ता, पवन, विनोद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, नेहा गुप्ता, रचना अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, अभिनव गोयल, आरती अग्रवाल, एकता गुप्ता, नीतू गुप्ता, नीरू अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, रश्मि गोयल, मीनाक्षी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, विवेक गोयल, संजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

**सलाह** सही समय पर इलाज से कुष्ठ रोगी के विकलांग होने की संभावना होती है कम : सीएमओ

# निजी चिकित्सक भी निभाएं अपना कर्तव्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामंजस्य कार्यशाला का आयोजन रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में किया गया। जिसमें शहर के जाने-माने चर्म रोग विशेषज्ञ शामिल हुए।

लखनऊ से आए डब्लूएचओ के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. तनुज शर्मा ने कहा कि कुष्ठ रोग को पूर्ण रूप से समाप्त करने में प्राइवेट प्रेक्टिशनर अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जिसे प्राप्त करने के लिए सरकार ने 2027 का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि कुष्ठ रोगी को सही समय पर उपचार मिल जाने से उसमें विकलांगता की संभावना बहुत कम की जा सकती है। जिसमें प्राइवेट प्रेक्टिशनर आगे आकर अपना सहयोग प्रदान करें। एसीएमओ डॉ. भारत भूषण ने कहा कि वर्तमान में जिले में कुष्ठ रोग की व्यापकता दर 10000 की जनसंख्या पर एक से कम है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में चर्म रोग विशेषज्ञों ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक नए कुष्ठ रोगी के परिवार के सभी सदस्यों के दवा की एकल खुराक देने का प्रावधान सरकार द्वारा किया गया है। यदि प्राइवेट प्रेक्टिशनर्स के पास कोई भी कुष्ठ रोग का मरीज आए तो उसे अवश्य ही निकुष्ठ पोर्टल पर रजिस्टर करवा दें। इस अवसर पर कुष्ठ रोग विशेषज्ञों को सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कुष्ठ कार्यकर्ताओं को कुष्ठ रोगी खोजी अभियान में विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नितिन यादव, जिला नाभिक टीम के रामानंद वाजपेई, विनोद कुमार पाल एवं राहुल भटनागर का योगदान रहा। कार्यशाला में डॉ. सचिन अग्रवाल डॉ. रुचि पटवर्धन, डॉ. अमित गोयल, डॉ. अलीशा खान, डॉ. ऋचा गर्ग, आदि चर्म रोग विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।



राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यशाला में जानकारी देते चिकित्सक व उपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह व अन्य चिकित्साधिकारी।

### बंद मकान से नकदी, जेवर समेत 70,000 की चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ दिया। मकान स्वामी के मुताबिक, उसके घर से चोरों ने नकदी और आभूषण समेत करीब 70 हजार का माल पार कर दिया है।

थाना कटघर के बलदेवपुरी निवासी सुनील कुमार मंडी समिति स्थित कैंटीन पर काम करता है। सुनील ने बताया कि शनिवार को भाई के यहां जागरण था। पत्नी सुनीता और बच्चों के साथ पूरा परिवार वहां गया था। रविवार सुबह जब सुनील घर लौटा तो मेन गेट का ताला टूटा मिला। अंदर कमरे में सामान बिखरा था। सुनील के अनुसार चोर घर से तीन हजार रुपये की नकदी, सोने के कुंडल, अंगूठी, तीन जोड़ी पाजेब समेत करीब 70,000 रुपये का माल चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित के अनुसार उसने रिपोर्ट दर्ज कराने को थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 391 महिलाओं ने दी नव साक्षरता परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


विद्यालय में नव साक्षरता परीक्षा देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- महानगर में दो केंद्रों पर साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया
- उत्तीर्ण प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय देगा प्रमाण पत्र

अमृत विचार: निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए नगर में दो केंद्रों पर साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 391 महिलाएं शामिल हुई। शिक्षाधिकारियों ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

विभागीय निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त 9 विकासखंडों में नव साक्षरता परीक्षा का आयोजन कराया गया। इसमें नगर क्षेत्र के दो केंद्रों दांग स्कूल और मझोला में भी परीक्षा हुई। इस परीक्षा में 15 साल आयु वर्ग से ज्यादा के लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। परीक्षा में कुल 707 चिह्नित प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित साक्षरता परीक्षा में 316 पुरुष प्रतिभागियों और 391 महिला प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया। सभी प्रतिभागियों ने परीक्षा में प्रश्नों को उचित उत्तर दिया।

बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि इसके बाद परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय द्वारा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

# 26 अप्रैल को 1486 बूथों पर होगा मतदान

## नामांकन प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू होगी, कलेक्ट्रेट में होगी बैरिकेडिंग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए जिले में 910 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जबकि 1486 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जहां मतदान होगा। 28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जो चार अप्रैल तक चलेगी। जबकि 26 अप्रैल को वोट डाले जाऐंगे। नामांकन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। कहां-कहां बैरिकेडिंग होनी है इसको लेकर खाका तैयार कर लिया है।

लोकतंत्र के महापर्व आम चुनाव के लिए जिले में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिले के 17 लाख से अधिक मतदाता अपना सांसद चुनेंगे। आचार संहिता लगने के बाद प्रशासन ने चुनाव को निष्पक्ष कराने को लेकर कमर कस ली है। नामांकन प्रक्रिया से मतदान को लेकर चल रहे कार्यों में सभी जगह तेजी आ गई है। सभी बूथों पर व्यवस्थाओं को चाक चौबंद किया जा रहा है। पेयजल, बिजली से लेकर अन्य व्यवस्थाएं पूरी की जा रही हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए जिले में 910 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जबकि 1486 पोलिंग बूथ हैं, जिन पर 17 लाख 13 हजार 154 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। जबकि लोकसभा में शामिल गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के तीन लाख 52 हजार 343 मतदाता हापुड़ में अपना मत का प्रयोग करेंगे। उधर, नामांकन प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी रणनीति बना ली है। लोकसभा चुनाव के लिए 28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। जो चार अप्रैल तक चलेगी। 40 दिन के भीतर नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतदान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। चार अप्रैल नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख होगी। इसके बाद पांच व छह अप्रैल को नामांकन प्रपत्रों की जांच होगी। इसके बाद आठ को नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। इसके बाद 26 अप्रैल को मतदान होगा। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के लिहाज से कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिंग कराई जाएगी।

### विधानसभा क्षेत्रों में तीन-तीन टीमें करेंगी निगरानी

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के लिए फ्लाइंग स्क्वायड व स्टेटिक स्क्वायड टीमों का गठन कर दिया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हर विधानसभा क्षेत्र में फ्लाइंग स्क्वायड की तीन टीमें व स्टेटिक स्क्वायड की तीन टीमें निगरानी रखेंगी। टीमों की अलग अलग समय पर डयूटी लगाई गईं है। जिससे की 24 घंटे निगरानी की जा सके। यदि कोई व्यक्ति, राजनीतिक दल या उम्मीदवार आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करता है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। इन सभी टीमों के साथ वीडियोग्राफर की डयूटी भी लगाई गई है।

### लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा वार मतदाता

| विधानसभा क्षेत्र | मतदाना |
|---|---|
| अमरोहा | 311651 |
| नौगावां सादात | 330935 |
| मंडी धनौरा | 347793 |
| हसनपुर | 370432 |
| गढ़मुक्तेश्वर | 352343 |



“ फ्लाइंग स्क्वायड व स्टेटिक स्क्वायड की तीन-तीन टीमें हर विधानसभा क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी करेंगी। टीमों को गठन कर दिया गया है। कोई भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल का पदाधिकारी अथवा कार्यकर्ता आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कार्रवाई की जाएगी।
**-राजेश कुमार त्यागी,** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी, अमरोहा

## एक नजर

### तमंचे सहित एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रहरा, अमृत विचार :** थाना अध्यक्ष रहरा रमेश सहरावत ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक पकड़ा। गंगवार गांव में बने मदरसे के निकट खड़े युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम नदीम पुत्र मेहरबान निवासी गंगवार बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोठ प्रभारी बने राजवीर

**बुरावली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस (पश्चिमी) जोन के प्रभारी अनुसूचित जाति पुष्पांकर देव के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें रहरा थाना क्षेत्र के गांव बरतौरा निवासी



राजवीर सिंह मरोठिया कांग्रेस अनुसूचित जाति का प्रभारी हसनपुर मनोनीत किया गया। राजवीर सिंह मरोठिया प्रभारी मंडल, जिला, विधानसभा स्तरीय अनुजाति से संबंधित मामलों को मीडिया के माध्यम से प्रमुखता से उठाने का काम करेंगे।

### अली खान ने कुरान मुकम्मल किया

**अमरोहा, अमृत विचार :** आठ साल की उम्र में मोहल्ला कोट के निवासी अली खान ने कुरान-ए-पाक का पाठ मुकम्मल कर लिया। कुरान का पाठ पूरा करने पर



दुआ का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें अरमान को बुजुर्गों और परिजनों ने दुआओं से नवाजा। उनके पिता मुजाहिद खान ने बताया कि यह उनके खानदान व रिश्तेदारों के लिए खुशी का मौका है।

### दुकानों के शटर तोड़कर सामान ले गए चोर

**डिडौली, अमृत विचार :** कोतवाली से मात्र 200 मीटर की दूरी पर चोरों ने तीन दुकानों के शटर तोड़कर नकदी सहित हजारों का सामान समेट लिया। पीड़ित दुकानदारों ने चोरी की घटना की तहरीर थाने में दे दी है। कस्बे में शानू पुत्र कल्लू की सैलून की दुकान है। शनिवार रात किसी समय चोरों ने शानू की दुकान का शटर तोड़कर सामान साफ कर लिया। दूसरी घटना अब्दुल कादिर की दुकान में हुई। चोरों ने नीलीखेडी के सामने पेट्रोल पंप के पास चाय के खोखे के शटर तोड़ दिए, लेकिन पेट्रोल पंप कर्मी के शोर मचाने पर चोर सामान नहीं ले जा सके। इस मामले में पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** पुलिस डींगरा क्षेत्र में शनिवार की रात में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर ने एक व्यक्ति को कच्ची शराब के साथ आने की सूचना दी। पुलिस ने युवक को सामने से आता देख तो पुलिस ने युवक को रोककर तलाशी ली, तो उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम जितेन्द्र पुत्र सतपाल निवासी ग्राम डींगरा थाना मंडी धनौरा बताया। थानाध्यक्ष रविंद्र प्रताप ने बताया कि पकड़े गए युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया।

## आर्य समाज मंदिर में हुआ साप्ताहिक यज्ञ

**हसनपुर, अमृत विचार :** आर्य समाज में साप्ताहिक यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें भारत सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने पर हर्ष जताया गया।

आर्य समाज के मंत्री सुरमित कुमार गुप्त ने कहा महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज को अंधविश्वास और पाखंड को समाप्त कर समाज में प्रकृति, पर्यावरण एवं धर्म के प्रति जागरूक करने का काम किया। महर्षि दयानंद सरस्वती के द्वारा रचित सत्यार्थ प्रकाश एवं संस्कार विधि का अध्ययन एवं अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा सीएए के लागू होने से पाकिस्तान, बांग्लादेश में दोयम दर्जे की जिंदगी जी रहे हिंदू समाज के लोगों को भारत में नागरिकता मिलेगी। वेद प्रकाश वियोगी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। साप्ताहिक यज्ञ के मुख्य यजमान रोहतास आर्य एवं पुरोहित मिलन आर्य रहे। इस मौके पर इंद्रपाल आर्य, अमित शर्मा, अमित कुमार, सूर्यकांत, ज्ञानेंद्र रस्तोगी, इन्द्रा आर्या, सरोज रस्तोगी, प्रबोधिनी अग्रवाल, कंचन गुप्ता, ब्रह्मशिला आदि मौजूद रहे।




आर्य समाज मंदिर परिसर में मतदान की शपथ लेते लोग। ● अमृत विचार

# लोगों को लोकसभा चुनाव में मतदान की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▶▶ आर्य समाज में यज्ञ के बाद लोगों को मतदान का महत्व भी समझाया

**अमृत विचार :** आर्य समाज अमरोहा के प्रधान अभय आर्य ने सभी से मतदान करने और परिचितों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

रविवार को आर्यसमाज की यज्ञशाला में आचार्य सोमेश शास्त्री के ब्रह्मत्व में यज्ञ का आयोजन किया। उसके बाद अंतरंग सभा की बैठक हुई। इसमें होली का पर्व धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया गया। अंत में स्वीप सदस्य डॉ. दीपक अग्रवाल ने सभी को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर विनय आर्य, हेतराम सागर, नत्थू सिंह, विनय त्यागी, संजीव रस्तोगी, अंकुर अग्रवाल, डॉ. अनिल रायपुरिया, मनोहर लाल खुराना, सुभाष दुआ, यशवंत सिंह, अनिल जग्गा, डॉ. जगत सिंह, राजीव यादव, शिवम रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# कार ने सामने से स्कूटी में मारी टक्कर, चालक घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर नगर से सामान लेकर जा रहे स्कूटी सवार को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर में स्कूटी चालक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर घायल को मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया।

शनिवार देर रात कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी फकीरचंद पुत्र लाल सिंह नगर से घरेलू सामान लेकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। गजरौला मार्ग पर जैसे ही उनकी स्कूटी आलू मिल के निकट पहुंची तो सामने से आ रही कार से स्कूटी की टक्कर हो गई। स्कूटी चालक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों के द्वारा घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर घायल को मेरठ रेफर कर दिया। चालक घटनास्थल पर कार छोड़कर फरार हो गया। घायल के परिजनों ने कार चालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

### घायल युवक की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** हादसे में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान रविवार को मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। हादसा 12 मार्च को गजरौला-तिगरी मार्ग पर हुआ था। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के फंदेहड़ी गांव निवासी राजपाल 12 मार्च को बेटी प्रीति के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने के लिए शाहपुर उर्फ साहबपुर आया था। लौटते समय गजरौला-तिगरी मार्ग पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें बाइक सवार पिता-पुत्री घायल हो गए थे। रविवार को राजपाल की मौत हो गई।

## केंद्र और प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के करा रहीं विकास कार्य

**कैसरा, अमृत विचार :** कैसरा स्थित भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुर्जर के कैंप कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें युवा नेता देव गुर्जर ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। जिसमें भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया।

उन्होंने कहा केंद्र और प्रदेश की सरकार सभी लोगों का ध्यान रख रही है। लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। किसानों को भी मुफ्त में बिजली मिलेगी। लोगों को मुफ्त राशन का वितरण कराया जा रहा है। रसोई गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के दाम भी कम किए गए हैं। महिलाओं के लिए भी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस मौके पर सुमित गुर्जर, प्रशांत कुमार, जयप्रकाश, हरपाल सिंह, चंद्रशेखर, फारूक, रिहान आदि मौजूद रहे।

# महिला के मायके व ससुराल पक्ष में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** महिला के मायके व ससुराल पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों पक्षों के 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र कस्बा के मोहल्ला बुध बाजार का है। यहां के रहने वाले शाहिद रजा की शादी आठ साल पहले मोहल्ले की निवासी शाजिब फात्मा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ही दंपती के बीच विवाद हो गया। लिहाजा महिला मायके में आकर रहने लगी। महिला व उसके मायके वालों का आरोप है कि ससुराल में उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है। इसी बात को लेकर शनिवार की रात दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जिसके बाद दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और विवाद बढ़ता चला गया। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई और लाठी-डंडे चले। शाजिब फात्मा की ओर से खुद शाजिब फात्मा व उसके भाई गयाज हैदर व अब्बास हैदर घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से शाहिद रजा, वसीम, मंसूर, फरहा नाज, राजो, तूबा व महजबीन घायल हुए। बीच-बचाव कराकर मोहल्ले के लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

### बाइक और दो लाख न मिलने पर दिया तलाक

**अमरोहा, अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में कस्बा जोया की मदनी कालोनी निवासी मसरूर अहमद ने अपनी बेटी शगुफ्ता की शादी 19 जुलाई को मेरठ जिले के किला परिक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सौंदत निवासी इस्लाम के बेटे इकरार के साथ की थी। आरोप है कि दहेज ससुराल वालों को कम लगा। जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा शगुफ्ता को प्रताड़ित किया जाने लगा। उस पर मायके से बाइक और दो लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाया जाता था। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। 10 अक्तूबर को उसे घर से निकाल दिया गया तो पीड़िता मायके आकर पिता के साथ रहने लगी। दोनों पक्षों में कई बार समझौता का प्रयास भी हुआ लेकिन ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। आरोप है कि 23 जनवरी 2024 को पति इकरार व उसके परिजन मायके आए। बातचीत के दौरान दहेज की मांग को दोहराया। इनकार करने पर पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता ने शिकायत एसपी कुंवर अनुपम सिंह से की थी। मामले में एसपी के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने पति इकरार, सास खातून, देवर इसरार, जेठ इकबाल, ननद भोली, हशमत व शाईन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाकियू की बैठक में सरकार पर लगाए आरोप

**गजरौला, अमृत विचार :** भाकियू चढ़ूनी की किसान बैठक रविवार को ढकिया भूड़ में कोशिंदर सिंह की आवास पर हुई। बैठक में किसानों ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताया।

जिला अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि 10 साल पहले प्रधानमंत्री ने झूठ की जो पोटलियां खोली थीं। वह भाजपा से नहीं समेटी गईं। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने का जो वादा किया था वह अब तक पूरा नहीं हुआ है। नरेश चौधरी ने कहा कि भाकियू चढ़ूनी जिले के किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पंचायत में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर का विरोध किया। इस अवसर पर जगदेव सिंह, संजीव चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, जिला सचिव रवि चौधरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष कोसिंदर सिंह, ग्राम प्रधान भ्रम सिंह, विजेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, कमल सिंह, सुरेश चौधरी, चौधरी चरण सिंह आदि मौजूद रहे।

# लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताएं

संवाददाता, नौगांवा सादात

**अमृत विचार :** रजबपुर एवं नौगांवा सादात मंडल की संगठनात्मक बैठक रजबपुर मंडल के शक्ति केंद्र संयोजक नवनीत चौधरी के आवास गुलडिया में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी ने कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों को दें।

उन्होंने चुनाव को लेकर विस्तार से जानकारी दी और कहा सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव में जुट जाएं। चुनाव 26 अप्रैल को होगा, समय कम है इसलिए सभी कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताएं। नौगांवा सादात मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने कहा हमारी सरकार बिना भेदभाव के काम कर रही है। मुफ्त में राशन वितरण और कोरोना काल में मुफ्त में कोरोना वैक्सीन लगाई गई। बैठक में सुरेश यादव, कपिल चौधरी, संदीप चौधरी, सुरेंद्र सिंह चौहान, चित्र चीमा, अनुज त्यागी, रोबिन सिंह, करतार सैनी, विनीत जाटव, भानु प्रकाश, हुकम सिंह चौहान, रामपाल सिंह, शिव कुमार, विजय सिंह, ओमपाल सिंह, सुभाष जाटव, सुनील कुमार, यशराज सिंह यादव, महिपाल सिंह सैनी, जितेंद्र कुमार, भोलू, जयकरन सिंह, महिपाल सिंह, दीपक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, अतुल चौधरी, राजीव चौहान आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता रजबपुर मंडल अध्यक्ष रामनिवास गोला ने की और संचालन विपिन चौधरी ने किया।



नौगांवा सादात में बैठक में बोलते लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी।

▶▶ कहा, डोर टू डोर जाकर लोगों से मिलें पार्टी कार्यकर्ता

▶▶ एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में जुटने का किया आह्वान

## जमीन के कागज मांगने पर भाई व पत्नी को पीटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** जमीन के कागजात मांगना छोटे भाई को महंगा पड़ गया। बड़े भाई ने दो बेटों के साथ मिलकर छोटे भाई पर हमला कर दिया। बचाव में आई उसकी पत्नी को पीटा। तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्रों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव गजस्थल की है। यहां पर शहीद और रहीस दोनों भाईयों का परिवार रहता है। शहीद का आरोप है कि शनिवार शाम बड़े भाई रहीस से अपनी जमीन के कागज मांगे तो उसने मना कर दिया। वजह जानने पर गाली-गलौज करने लगे और बेटे शुऐब व अयान को बुलाकर हमला कर दिया। मारपीट में शहीद के अलावा बचाव में आई पत्नी शबनम भी घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रहीस के अलावा उसके बेटे शुऐब व अयान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

# महज दिखावा बनी डिडौली में पानी की टंकी, लोगों को नहीं मिल रहा पेयजल

संवाददाता, डिडौली

▶▶ 13 साल पहले बनी टंकी से अब तक लोगों को सुचारू रूप से आपूर्ति नहीं हो सकी

**अमृत विचार :** लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की टंकी लगवाई गई थी। जिससे ग्रामीणों को साफ-सुथरा पानी मिल सके। इसके तहत करोड़ों की लागत से डिडौली में भी पानी की टंकी बनाई गई, लेकिन जल निगम की अनदेखी के चलते टंकी शोपीस बनकर रह गई है।

लगभग 13 वर्ष पूर्व 2011 में जल निगम ने करोड़ों की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया था। तब लोगों को शुद्ध पेयजल मिलने की आस जगी थी। उस समय जल निगम के कर्मचारियों ने पाइपों के माध्यम से घर-घर टोटियां भी लगा दी थीं। कुछ समय तक तो यहां के लोगों को सुबह को लगभग आधा घंटा पानी मिला, लेकिन आधा घंटे मिले पानी को यहां की जनता ने स्टॉक करके जैसे तैसे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के प्रयास किए। लेकिन धीरे-धीरे इन टोटियों ने आधा घंटा तक मिलने वाला पानी भी बंद कर दिया। अब गर्मी में पानी की आवश्यकता बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में यदि टंकी से पानी की आपूर्ति नहीं हुई तो यहां के लोगों के लिए पानी की चिंता जरूर बनेगी। ग्रामीणों ने मांग की कि पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से कराई जाए। क्षेत्रीय नागरिक रामवीर प्रजापति, राहुल ठाकुर, एजाजुल हसन, ठाकुर पोपाल ने मांग की है कि टंकी से पानी की आपूर्ति कराई जाए। जिससे ग्रामीणों को साफ-सुथरा पानी मिल सके।




डिडौली में बनी पानी की टंकी।

निरीक्षण | परीक्षा मूल्यांकन केंद्र की डीआईओएस ने जांच की

# लापरवाही पर एक परीक्षक को कार्यमुक्त करने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरतने पर डीआईओएस ने एक परीक्षक को कार्यमुक्त करने के आदेश दिए। उन्होंने मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन भी किया।

जिले के चार केंद्रों राजकीय इंटर कालेज, जेएस हिंदू इंटर कालेज, आईएम इंटर कालेज और एकेके इंटर कालेज में हाईस्कूल और इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है। मूल्यांकन केंद्रों को 4,09,852 उत्तर पुस्तिकाओं का आंवटन किया हैं। जिसमें से 3,46,531 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हो गई हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह ने जगदीश सरन हिंदू इंटर कालेज मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने एक परीक्षक के ओवरराइटिंग करने और नंबरिंग में गड़बड़ी करने पर उसे कार्यमुक्त करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओवरराईटिंग न की जाए, प्रश्नों के हर खंड पर नंबर दिया जाए, एक साथ नंबर न दिए जाएं। साथ ही परीक्षकों को समझाया कि अगर किसी उत्तर का कुछ अंश भी ठीक है तो उस पर अंक दिए जाएं। अंकों को स्पष्ट लिखा जाए ताकि किसी को समझने में परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि हर परीक्षक से निर्धारित उत्तर पुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन कराया जाए। उन्होंने कुछ परीक्षकों के कार्य की प्रशंसा भी की। इस दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार त्यागी, मूल्यांकन केंद्र के उप नियंत्रक/प्रधानाचार्य डॉ. जीपी सिंह भी मौजूद रहे।



मूल्यांकन कार्य का जायजा लेते डीआईओएस। ● अमृत विचार

### दूसरे दिन 44,491 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं

**अमरोहा, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। जिले के चार केंद्रों पर चल रहे मूल्यांकन कार्य के दूसरे दिन 44,491 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। शनिवार को 732 परीक्षक मूल्यांकन के दौरान मौजूद रहे। रविवार को करीब 653 से अधिक परीक्षक मूल्यांकन कार्य पर नहीं पहुंचे। रविवार को चार केंद्रों पर 44,491 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई। रविवार को डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह चारों केंद्रों पर पहुंचकर मुल्यांकन कार्य का जायजा लिया। डीआईओएस ने बताया कि मूल्यांकन से नदारद रहने वाले परीक्षकों से स्पष्टीकरण लिया जा रहा है।

## शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर युवक ने पड़ोस की महिला से शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी महिला को लेकर कुछ समय के लिए बाहर चला गया। उसने महिला का कई महीने तक शारीरिक शोषण किया।

महिला ने इसका विरोध किया तो शादी करने से मना करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामला थाना आदमपुर की दढ़ियाल पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव का है। पीड़िता महिला ने कहा कि करीब एक वर्ष पूर्व पड़ोस के रहने वाले रोहताश पुत्र बुध्दसेन ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। जबकि कई महीने तक यौन शोषण भी किया। बार-बार गुहार लगाने के बाद दढ़ियाल पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। न्याय की गुहार लगाते हुए पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया है कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है।

## ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से निकाला

गजरौला, अमृत विचार : कार और एक लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालवालों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। शहर के सुल्ताननगर मोहल्ला निवासी मनोज कुमार की बेटी प्रीति की शादी छह मार्च 2018 को बिजनौर जनपद के कोतवाली देहात निवासी बवनपुरा निवासी धर्मवीर के बेटे मनोज कुमार से हुई थी। आरोप है कुछ माह बाद ही ससुराल वालों ने दहेज में कार और एक लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर आरोपी ससुराल वाले महिला को प्रताड़ित करने लगे। अक्टूबर 2021 में महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि महिला के पति मनोज कुमार, देवर दिनेश व कपिल, ससुर धर्मवीर, नंद कविता, ज्योति व सास जशवीरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open
2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## एक नजर

### शादी में खाना बनाने वाले कारीगर की संदिग्ध मौत

**बबराला, अमृत विचार :** शादी में खाना बनाने का काम करने वाले कारीगर ( हलवाई )की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। चंदौसी निवासी महेश ( 28 ) पुत्र जयनारायण बबराला नगर में बरात घर के पास बने सरकारी क्वार्टर में अकेला रहता था। वह शादी में खाना बनाने का काम करता था। रविवार सुबह वह अपने कमरे में मृत मिला। उसकी मृत्यु की सूचना मिलने पर परिवार के लोग चंदौसी से आए और गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया। मृतक के पिता ने बताया कि महेश शराब, भांग आदि के नशे का आदी था। संभवतय अत्याधिक नशे की वजह से उसकी मृत्यु हुई होगी।

### महिला से ससुरालियों ने की मारपीट, दी तहरीर

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव नाहरठेर निवासी अनीस ने रविवार को बताया कि तीन वर्ष पहले बेटी गुलेहसन की शादी थाना क्षेत्र के गांव बादल गुंबद निवासी शहादत के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही गुलेहसन के साथ सुसराल वाले छोटी छोटी बातों को लेकर मारपीट करने लगे। मंगलवार की शाम भी पति सहित अन्य ससुराल वालों ने गुलेहसन की साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और गुलेहसन को लेकर घर आ गए। तभी से गुलेहसन अपने पिता के घर रह रही है। गुलेहसन ने पुलिस को तहरीर देकर पति सहित चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कार की टक्कर से ट्रक में घुसी बाइक, दो घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव दतावली निवासी रवि शनिवार की शाम ममेरे भाई सीलेश के साथ बाइक से संभल आदमपुर मार्ग पर जा रहा था। कैला देवी थाना क्षेत्र में गांव शकरपुर व कमालपुर के बीच कार ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही बाइक आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। हादसे में रवि व सीलेश घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन घायल सीलेश व रवि को लेकर जिला अस्पताल आ गए। जहां दोनों का उपचार हुआ। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भाग गया।

# लूट के गैंग लीडर को लगी पुलिस की गोली, घायल

## मुठभेड़ में सिपाही भी जख्मी, 8 दिन पहले हुई घटना का मास्टर माइंड था चांद बाबू, घायल बदमाश व सिपाही भर्ती

संवाददाता, बहजोई (संभल)

**अमृत विचार :** आठ दिन पहले बहजोई के गांव में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग के सरगना के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया जबकि एक सिपाही भी घायल हुआ है। घायल बदमाश व सिपाही को सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाश के पास से लूटे गए जेवर व तमंचा बरामद किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि गांव चौपा शोभापुर में ग्रामीण के यहां हुई लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग का सरगना चांद बाबू कैला देवी मार्ग पर देखा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार व क्राइम ब्रांच के प्रभारी रामवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कैला देवी मार्ग पर घेराबंदी कर ली। पुलिस ने नवीन पुलिस लाइन चौकी के निकट टिकता मार्ग पर बैरियर लगा दिया। तड़के 5 बजे बदमाश बाइक से आया तो बैरियर बंद देख वापस भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने फायरिंग कर दी। बदमाश द्वारा की गई फायरिंग में सिपाही प्रवेश कुमार घायल हो गया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो बदमाश चांद बाबू पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल होकर गिर गया। घायल सिपाही व बदमाश को मौके से उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुलिस ने भर्ती कराया। जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ की सूचना पाकर एएसपी श्रीश्चंद्र व बहजोई दीपक कुमारी तिवारी सहित अन्य थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



मुठभेड़ के बाद मौके पर जानकारी लेते एएसपी श्रीश्चंद्र। ● अमृत विचार




मुठभेड़ में घायल बदमाश चांद बाबू और घायल सिपाही प्रवेश कुमार।

### पुलिस ने लूट का सामान किया बरामद

**बहजोई।** एएसपी श्रीश्चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के पास से एक मंगलसूत्र, दो जोड़ी पाजेब, 1200 की नगदी, एक तमंचा 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। घटना में प्रयुक्त की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि बदमाश से और भी पूछताछ की जाएगी। इसके बाद ही पता चलेगा कि उसके साथ और और घटना में कौन शामिल था।

"पुलिस को सूचना मिली कि टिकटा मार्ग पर लूट की घटना में शामिल बदमाश जा रहे हैं। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बैरियर लगाए। पुलिस को देखकर बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में बदमाश को गोली लगी। वहीं बहजोई थाने में तैनात सिपाही भी घायल हुआ है। गिरफ्त में आये घायल बदमाश के पास से लूटी गई नगदी व जेवर भी बरामद किए गए हैं।"

-श्रीश्चंद्र, एएसपी, संभल

# मतदान को प्रेरित करेंगे विहिप कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक में विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप एवं मातृशक्ति की प्रांतीय संयोजिका रीता ने विहिप कार्यकर्ताओं को अखंड भारत के लिए सौ प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। वहीं प्रत्येक घर से एक बेटी या महिला को मातृ शक्ति में शामिल कराने का आह्वान किया गया।

डीके रिसोर्ट में आयोजित बैठक में अपने संबोधन के दौरान विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप ने विहिप कार्यकर्ताओं को संगठन के आगामी प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने पर बल दिया। संगठन का विस्तार करते हुए अनंत अग्रवाल को संभल नगर अध्यक्ष जबकि अनुराग गुप्ता, सौरभ रस्तोगी, संतोष कुमार को उपाध्यक्ष,सुधांशु शंखधार नगर मंत्री,शक्ति शंकर को बजरंग दल संयोजक, प्रखंड नरौली से संयोजक अमित कश्यप, हनुमान गढ़ी का प्रखंड अध्यक्ष विजय चौधरी, मंत्री धर्मेंद्र सिंह एवं संयोजक अनुज कुमार, बनियाठेर में प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार, मंत्री विकास ठाकुर एवं संयोजक शिवा, असमोली में मंत्री संजीत, संयोजक शिवम गहलोत, संभल ग्रामीण में मंत्री अष्ट सिंह, संयोजक अनुराग सिंह, प्रखंड पवांसा में अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव, मंत्री रामप्रताप सिंह, संयोजक शिवम यादव को बनाया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय ने की।



मंचासीन विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप व मातृशक्ति संयोजिका रीता।

- प्रत्येक घर से एक बेटी या महिला को मातृ शक्ति में शामिल कराने का आह्वान
- अखंड भारत के लिए सौ फीसद मतदान का संकल्प दिलाया

# 16 खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल विकासखंड क्षेत्र में स्थित त्यागी स्पोर्टस एवं कन्या गुरुकुल में रविवार को कुश्ती प्रतियोगिता मुकाबलों के बाद प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। प्रथम आने वाले 16 खिलाड़ी 21 मार्च से गोंडा में होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

विकासखंड क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में स्थित त्यागी स्पोर्टस एवं कन्या गुरुकुल में रविवार को आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अंडर 15 में बालक वर्ग प्रतियोगिता में 48 किलो वर्ग भार में ऋषभ, 52 किलो में केशव, 57 किलो में रोविन्स सागर, 62 किलो वर्ग भार में विनीत कुमार। बालिका वर्ग में ओजश्वी 41 किलो, छवि चौधरी 44 किलो, प्रीत कौर 53 किलो, 57 किलो में आयुषी सागर। अंडर 20 में 57 किलो वर्ग भार में ललित कुमार, 61 किलो में आदित्य शर्मा, 65 किलो में अंकित कुमार, 71 किलो में रनवीर सिंह। बालिका वर्ग में 50 किलो वर्ग भार में मितलेश, 57 किलो में चंचल, 62 किलो में पलक मलिक और 68 किलो वर्ग भार में तराना प्रतिभाग करेंगी। इस दौरान जिला कुश्ती संघ के सचिव आर्य भोले सिंह त्यागी, विजय त्यागी आदि मौजूद रहे।



कुश्ती के मुकाबले के दौरान खिलाड़ी।

## सार संक्षेप



गांव राया बुजुर्ग में पैदल मार्च करती पुलिस और एसएसबीं के जवान।

### पुलिस और एसएसबी जवानों ने किया पैदल मार्च

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** आगामी त्योहार एवं लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर असमोली क्षेत्र के कई गांवों में पुलिस ने एसएसबी के जवानों के साथ पैदल मार्च किया। कहा गया कि अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। असमोली थाना प्रभारी हरीश कुमार ने एसएसबी जवानों के के साथ क्षेत्र के अतिसंवेदनशील गांव सदीरनपुर, परियावली, मदाला, इकरोटिया और राया बुजुर्ग में पैदल मार्च किया। थाना प्रभारी हरीश कुमार ने कहा कि आगामी त्योहार व लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अतिसंवेदनशील गांवों में पैदल मार्च किया गया है। किसी भी तरह से अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसआई राज सिंह और गांवों के चौकीदार भी रहे।

### कुढ़फतेहगढ़ थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**कुढ़फतेहगढ़/ चन्दौसी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। जनपद संभल में सात अप्रैल को मतदान होगा। जहां एक ओर राजनीतिक दलों के प्रत्याशी कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए लिए पुलिस व प्रशासन सतर्क हो गया है। रविवार को थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव कोकावास, नवादा, बेरनी, दियौरा खास, रीठ, छाबड़ा आदि में स्थानीय थाना कुढफतेहगढ़ पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर आगामी त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शांति सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### गायत्री महायज्ञ में विश्व से आतंक के खात्मे को दी आहुति

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित दो दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी। गायत्री आरती के बाद प्रसाद वितरित हुआ। क्षेत्र के गांव पाठकपुर में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को भजन, कीर्तन, प्रवचन, यज्ञ एवं सृजन संकल्प दीप महायज्ञ आदि हुआ। हरिद्वार से आए यज्ञाचार्य ने वेद मंत्रों के साथ हवन कराया। तमाम श्रद्धालुओं ने सामग्री, पान, सुपारी और नारियल की आहुतियां समर्पित कीं। विश्व से आतंक के खात्मे के लिए विशेष आहुति दी गई। पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ संपन्न हो गया। यज्ञाचार्य ने विधि विधान से सर्व देवों को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान प्रेमपाल सिंह, जगदीश सिंह, कुलदीप शर्मा, मुकेश कुमार, शिवानी शर्मा, भूपेंद्र सिंह, चरनपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



देहरादून में राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. मोहित शर्मा को सम्मानित करते अतिथि।

### डॉ. मोहित शर्मा को मिला फेलो अवार्ड

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के पर्यावरण विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर संभल जिले के जुनावई थाना क्षेत्र के गांव दबथरा निवासी डॉ. मोहित शर्मा को डीएवी ( पीजी ) कॉलेज देहरादून में आयोजित हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबल विषय पर भारतीय पर्यावरण अकादमी द्वारा फेलो अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पौड़ी गढ़वाल से वर्तमान सांसद तीरथ सिंह रावत एवं भारतीय पर्यावरण अकादमी के संस्थापक प्रोफेसर बीडी जोशी ने दिया। बताया गया कि फेलो अवार्ड डॉ. मोहित शर्मा द्वारा पर्यावरण विज्ञान और गंगा के ऊपर किये गए शोध क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के लिए दिया गया है।



आरोग्य मेले में महिला रोगी को दवा देते डॉ. नीरज शर्मा। ● अमृत विचार

# 3565 मरीजों का निःशुल्क उपचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3565 मरीजों को निःशुल्क उपचार हुआ। वहीं 165 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए।

स्वास्थ्य केंद्र पर लगे मेले में 42 डॉक्टरों और 102 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1374 पुरुषों, 1356 महिलाओं और 835 बच्चों का निःशुल्क उपचार हुआ। 115 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई। जिसमें सभी निगेटिव पाए गए। 165 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और परिवार नियोजन संबंधी सामग्री के लिए अलग काउंटर लगे। मेले का सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चंद्र शर्मा आदि ने निरीक्षण किया।

# कुलदीप अध्यक्ष, नितिन बने प्रबंधक

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज प्रबंध कमेटी के चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के बाद सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नितिन गर्ग को प्रबंधक जबकि कुलदीप एरन अध्यक्ष व सुमंत शुक्ला उपाध्यक्ष चुने गये।

रविवार को कोतवाली संभल क्षेत्र के शंकर इंटर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति का चुनाव में 12 पदों के लिए 14 सदस्यों ने अलग-अलग पदों के लिए अपना नामांकन प्रस्तुत किया। निर्वाचन अधिकारी यतेंद्र भाटी व पर्यवेक्षक सीपी सिंह ने नामांकन पत्रों की जांच की। सनी गुप्ता तथा शरद भारद्वाज ने सदस्य के रूप में अपने नामांकन पत्र वापस ले लिये तो सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। अध्यक्ष पद पर कुलदीप एरन, उपाध्यक्ष सुमंत शुक्ला, प्रबंधक नितिन गर्ग, उप प्रबंधक शरद चंद्र भारद्वाज, कोषाध्याय कपिल गंभीर चुने गए। वहीं अखिलेश कुमार दुबे, भाजपा नेता राजेश सिंघल, वीरेंद्र गोयल, अरविंद अरोरा, नीरज अग्रवाल, शांतनु सक्सेना एवं राकेश कुमार भारद्वाज को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है।



अध्यक्ष चुने जाने के बाद कुलदीप एरन का स्वागत करते भाजपा नेता राजेश सिंघल।

### पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत

**संभल।** कॉलेज प्रबंध समिति चुनाव संपन्न कराने के लिए एसडीएम विनय कुमार मिश्रा के साथ ही क्राइम इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर मौजूद रहे। जब तक मतदान के नतीजे घोषित नहीं कर दिये गये तब तक पुलिस प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा। निर्वाचन के बाद पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

**मजदूरी मांगने पर युवक को पीटकर मार डाला : उघैती( बदायूं ), अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के एक गांव में मजदूरी के 15 हजार रुपये मांगने पर युवक राजदुलार की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। रविवार को युवक का शव गांव के पास खेत में पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान थे।

आयोजन

## फूलों की होली में लठमार व ब्रज रास का दिखा नजारा, गीतकार संतोष आनंद व कुवर जावेद अली भी रहे

# कल्कि धाम में होली का उल्लास, झूमे प्रमोद कृष्णम

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिस धरा पर एक माह पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्कि धाम का शिलान्यास किया था वहां रविवार को होली का उल्लास छाया नजर आया। कल्किधाम ऐचोड़ा कंबोह में फूलों की होली कार्यक्रम में कलाकारों ने ब्रजरास और महारास की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालुओं के साथ ही कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम और अन्य साधु-संत भी झूमने लगे। इस आयोजन में मशहूर गीतकार संतोष आनंद और कुंवर जावेद अली भी शामिल हुए।

कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के सानिध्य में कल्किधाम ऐचोड़ा कंबोह में रविवार को फूलों की होली कार्यक्रम में साधु संतों के साथ ही तमाम गणमान्य लोग व कल्कि भक्त जुटे। कार्यक्रम में महादेव ग्रुप के कलाकारों ने राधा कृष्ण के वेष में सजकर भजनों पर नृत्य शुरु किया तो ब्रज जैसा नजारा दिखा। कलाकारों ने कान्हा तेरी मुरली की सुनकर तान,राधे तेरी चुनरी सितारों जड़ी, ब्रजमंडल देश दिखा दे रसिया,आदि भजनों पर प्रस्तुति दी तो आचार्य प्रमोद कृष्णम भी झूमने को मजबूर हो गये। इसके बाद पंडाल में तमाम लोग होली के उल्लास में भजनों पर थिरकते दिखे। इसके बाद फूलों की होली खेली गई तो जमकर फूल बरसे। मशहूर गीतकार संतोष आनंद ने अपने सदाबहार गीत सुनाकर होली उत्सव में चार चांद लगा दिये।

गीतकार कुंवर जावेद अली ने काव्यपाठ किया। देशभक्ति का भाव जगाते हुए कुवर जावेद अली ने सुनाया- मैं नहाऊं तो गंगा नसीब हो मुझको और मरूं तो तिरंगा नसीब हो मुझको।

कार्यक्रम में साध्वी गीता प्रधान, ओमप्रकाश गोला, जयपाल सिंह व्यस्त, डा. अरविंद गुप्ता, एमसी त्यागी, पूनम पंडित, परमदेव महाराज, अशोक कृष्णम, पंकज चाहल, संजय संख्यधार, चौधरी खिलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



कल्कि धाम में होली कार्यक्रम में कलाकारों संग झूमते आचार्य प्रमोद कृष्णम।

### किस्त मांगने पर महिला बैंक मित्र से मारपीट

**बबराला, अमृत विचार :** ऋण की किस्त का पैसा मांगने पर महिला बैंक मित्र के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। महिला बैंक मित्र की तहरीर पर पुलिस ने ग्रामीण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर की मुनीम कॉलोनी निवासी ललिता पत्नी नेत्रपाल एचडीएफसी में बतौर बैंक मित्र नियुक्त है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी राम बहादुर पुत्र राजेन्द्र सिंह ने एचडीएफसी से ऋण लिया है। किस्तें चुकाने में आनाकानी करने पर किस्त लेने के लिए ललिता राम बहादुर के घर गई। आरोप है कि राम बहादुर ने ऋण चुकाने से मना कर दिया और महिला बैंक मित्र गालियां देते हुए मारपीट की। महिला बैंक मित्र ने 112 नंबर पर काल कर की तो पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता ने तहरीर देकर कोतवाली गुन्नौर में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन

जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी )
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.वी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

## एक नजर

### मृतक व बुजुर्ग पर भी कर दी निरोधात्मक कार्रवाई

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना पुलिस द्वारा मृतक व एक बुजुर्ग ग्रामीण के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की बात सामने आई है। मोहम्मदपुर सौंधन निवासी मुकेश की दो वर्ष पहले मौत हो चुकी है। उसके खिलाफ लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई की है। सौंधन गांव निवासी केदारी के खिलाफ भी निरोधात्मक कार्रवाई पुलिस ने की है। केदारी वृद्ध हैं और उनकी उम्र 80 वर्ष है।

### ग्राम सभा की जमीन पर खड़े पेड़ काटे

**रजपुरा, अमृत विचार :** थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव जिंजौड़ा डांडा में सरकारी जमीन पर खड़े शीशम के सात हरे भरे पेड़ काट लिए गए। बात खुली तो राजस्व और वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। क्षेत्र के गांव जिजौंड़ा डांडा में ग्राम सभा की खलिहान की जमीन पर खड़े शीशम के सरकारी सात पेड़ों को कुछ लोगों ने काट लिया। इन पेड़ों की कुछ लकड़ी मौके पर ही पड़ी थी जबकि कुछ लकड़ी पेड़ काटने वाले ले गये थे। ग्राम प्रधान मलखान सिंह ने शिकायत की तो मामला तूल पकड़ गया। लेखपाल व वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। इन्हें देख लकड़ी काट रहे लोग भाग गए। ग्राम प्रधान ने कहा कि कार्रवाई के लिए अधिकारियों को बताया है।

### मोंटी गुर्जर को श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर भण्डा में गुर्जर चौपाल के द्वारा श्रद्धांजलि सभा में युवा मोंटी गुर्जर की दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना के लिए की गई। एक वर्ष पूर्व में गांव मोहम्मद भंडा निवासी गायक मोंटी गुर्जर की मृत्यु हो गई थी। रवीन्द्र खारी ने कहा कि मोटी गुर्जर की आवाज में गाये गये गानों पर विवाह शादी ,जन्मदिन पर युवा डीजे पर डांस करते हैं। इस मौके पर नितिन गुर्जर, रामकेश सिंह गुर्जर, अमरीश, अमित खारी, रविंद्र खारी, कुलदीप गुर्जर, पिंकू मावी, नरेन्द्र सिंह गुर्जर, नागेन्द्र अवाना, काविन्द अवाना, कौशल खारी, चंद्रपाल सिंह भाटी, मुन्नू प्रधान, उत्तम सिंह, दुष्यन्त गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### गाली गलौज करने में एक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर खुर्द निवासी मरगूब रविवार को किसी बात को लेकर अपने पड़ोसी सुहैल के साथ गाली गलौज कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मरगूब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर मरगूब का चालान कर दिया।

# आचार संहिता उल्लंघन पर होगी सख्ती

## जिला प्रशासन निष्पक्ष चुनाव को तैयार, मतदाताओं से बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील

संवाददाता, बहजोई (संभल)


पत्रकारों को चुनावी तैयारियों की जानकारी देते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर आचार संहिता लागू कर दिये जाने के बाद संभल में जिला प्रशासन ने भी कमर कस ली है। जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसी भी हालत में चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करने दिया जाएगा। जो उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आचार संहिता का पालन कराने के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया गया है।

कलेक्ट्रेट सभागार पर पत्रकारों से बातचीत में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चुनावी तैयारियों व पुलिस प्रशासन की मंशा के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए सभी टीमों को सक्रिय कर दिया गया है।

कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। आचार संहिता उल्लंघन रोकने के लिए टीमें हर वक्त तैयार रहेंगी। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा व डीआईओ बृजेश कुमार भी मौजूद रहे।

### चुनाव में खलल डालने वालों पर रहेगी नजर: एसपी

**बहजोई।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि निष्पक्ष में स्वतंत्र चुनाव कराने को लेकर अब तक निरोधात्मक कार्रवाईयां की जा रही हैं। 8784 शास्त्रों में से 3 हजार से अधिक शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जनपद की सीमाओं पर 25 जगहों पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखी जाएगी। जिनका कंट्रोल रूम पुलिस लाइन बहजोई में रहेगा।

### धनबल रोकने के लिए उड़नदस्ता व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती

**बहजोई।** डीएम ने बताया कि चुनाव धनबल का इस्तेमाल रोकने तथा किसी भी तरह की प्रचार सामग्री या चुनाव आचार संहिता उल्लंघन रोकने को लेकर 16 उड़नदस्ता टीम बनाई गई हैं जो हमेशा ही सक्रिय रहेंगी। वहीं 26 स्टैटिक टीमें बनाई गई हैं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ उनकी टीम को रखा गया है। वीडियो सर्विलांस के लिए 12 टीमें जबकि वीडियो की जांच के लिए चार टीम बनाई गई हैं।

### 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर पर मतदान की व्यवस्था

**बहजोई।** 85 वर्ष से अधिक उम्र के 8716 मतदाता हैं ,यदि आवेदन किया गया तो पोलिंग पार्टियां उनके घर जाकर मतदान कराएंगी। दिव्यांग मतदाताओं को भी यह व्यवस्था रहेगी। 40 प्रतिशत से अधिक अक्षम दिव्यांगों को घर पर ही मतदान कराया जाएगा।

### ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर नकदी, सामान चोरी

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली में ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर चोर नकदी, लैपटॉप और इनवर्टर में लगी बैटरी चोरी कर ले गए। केंद्र संचालक ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला काजी सराय निवासी नफीस का असमोली में यूपी ग्रामीण प्रथमा बैंक के पास ग्राहक सेवा केंद्र है। शनिवार को रात चोरों ने केंद्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रविवार को सुबह नफीस केंद्र पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला। शटर उठाकर अंदर देखा तो काउंटर पर रखा लैपटाप, इनवर्टर के पास रखी बैटरी और गल्ले से पांच हजार रुपये की नकदी गायब थी। ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी की जानकारी होने पर आसपास के लोग भी इकठ्ठा हो गए। नफीस ने आसपास में सामान की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भी जांच पड़ताल की। नफीस ने तहरीर देकर पुलिस से चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी।

## मंत्री ने किया भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** संभल लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। रविवार को गोशाला रोड स्थित यदुवंशी गार्डन में भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का समारोह पूर्वक उद्घाटन हुआ।

सर्वप्रथम सुबह 10 बजे वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर हवन में आहुतियां दी गईं। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने फीता काट कर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर परमेश्वर लाल सैनी को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, गजराज सिंह, राजेश सिंघल, नीलेश यादव, आकाश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन पंकज शर्मा, कमल कुमार कमल आदि रहे।

### हादसे में घायल ट्रैक्टर चालक ने दम तोड़ा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित आंबेडकर पार्क पर शनिवार की रात हुए सड़क हादसे में घायल ट्रैक्टर चालक ने मुरादाबाद ले जाते समय दम तोड़ दिया।

जनपद बरेली के थाना सिरौली क्षेत्र के गांव ब्योधन खुर्द निवासी योगेश शर्मा शनिवार की रात ट्रैक्टर-ट्राली से संभल स्थित कोल्ड स्टोरेज में आलू उतार कर लौट रहे थे। ट्रैक्टर वीर सिंह निवासी गांव संग्रामपुर चला रहा था। रात करीब 10 बजे बहजोई रोड स्थित आंबेडकर पार्क के निकट पहुंचे ही थे। उसी समय पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। हादसे में वीर सिंह और योगेश शर्मा समेत ट्रक चालक कमल घायल हो गये। देर रात मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में वीर सिंह ने दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## चुनावी में जब्त नकदी और सामान के रिलीज पर फैसला समिति लेगी

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ जिलाधिकारी ने चुनाव आयोग के निर्देश पर किया समिति का गठन

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान टीमों द्वारा चेकिंग में जब्त की गई नकदी या अन्य सामग्री का चुनाव से कोई संबंध नहीं तो घबराने की जरूरत नहीं है। जब्त सामान को रिलीज कर दिया जायेगा। चुनाव आयोग के निर्देश पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने समिति का गठन किया है। यही समिति बरामद सामान के रिलीज पर फैसला लेगी। समिति का अध्यक्ष सीडीओ भरत कुमार मिश्रा को बनाया गया है।

चुनाव के समय चेकिंग के दौरान टीमों द्वारा किसी व्यक्ति की नकदी या अन्य सामान जब्त कर लिया जाये तो जब्त संपत्ति का चुनाव से वास्ता न होने के बावजूद लोगों को अपनी संपत्ति रिलीज कराने के लिए यहां वहां भटकना पड़ता था। जनपद में जिलाधिकारी ने समिति का गठन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी संभल को अध्यक्ष जबकि वरिष्ठ कोषाधिकारी संभल को इसका सचिव नियुक्त किया है। इसके अलावा परियोजना निदेशक डीआरडीए व सहायक कोषाधिकारी को समिति का सदस्य बनाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह समिति पुलिस अथवा निगरानी दल द्वारा जब्त की गई नकदी या अन्य सामान के मामले की अपनी तरफ से जांच करेगी। यदि समिति यह पाती है कि मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार जब्त संपत्ति को लेकर शिकायत दर्ज नहीं की गई है और जब्त संपत्ति का किसी प्रत्याशी, राजनीतिक दल या निर्वाचन अभियान से कोई वास्ता नहीं है तो समिति जब्त संपत्ति को रिलीज करने का आदेश जारी करेगी। यह समिति सभी मामलों का अवलोकन कर जब्त संपत्ति को लेकर अपना निर्णय लेगी।



जागरुकता रैली निकालती रासेयो की स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

## बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं रखने का आह्वान

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का सात दिवसीय शिविर रविवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत आयोजित किया गया।

इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के प्रति जागरुक किया। बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी सागर के निर्देशन में शिविर का उद्घाटन प्रवक्ता डॉ. रीता द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सभी स्वयंसेविकाओं ने गांव में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर बैनर लेकर रैली निकाली। उर्वशी सक्सेना एवं नेहा पाल ने अति सुंदर स्व निर्मित पोस्टर तैयार किया। कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी सागर ने कहा कि अगर बेटी है तो समाज है। बेटी के बिना सृष्टि का सृजन संभव नहीं है।

### ट्रेन से महिला के जेवर व नकदी से भरा पर्स चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** अवध असम एक्सप्रेस से महिला यात्री का पर्स चोरी हो गया। पर्स में नकदी और जेवर थे। महिला ने बरेली जंक्शन जीआरपी थाना में तहरीर दी है। जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुवाहाटी के थाना दिसपुर निवासी प्रीति चौधरी ने जीआरपी में दी तहरीर में बताया कि वह अवध असम एक्सप्रेस के कोच संख्या-ए 1 की सीट 14 पर बैठी थीं। ट्रेन जब बाराबंकी रेलवे स्टेशन के आसपास थी तो उनका बैग किसी ने चोरी कर लिया। बैग में अस्सी हजार रुपये, चांदी के दो सिक्के, एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड और कुछ जरूरी सामान रखा था। जीआरपी थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना बाराबंकी रेलवे स्टेशन ट्रांसफर कर दी गई है।

## एक-दूसरे पर फूल बरसाकर खेली होली

कार्यालय संवाददाता, संभल



कार्यक्रम में होली का गीत प्रस्तुत करते अरुण मोहन सांख्यधर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम की ओर से हुए फूलों की होली के कार्यक्रम में होली के गीतों की प्रस्तुति दी गई। उपस्थितजनों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली खेली।

नगर के आर्य समाज मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, टीवी गायक अरुण मोहन सांख्यधर, कवयित्री प्रोफेसर पूनम बंसल, प्रोफेसर बीएस यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। संस्था अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा ने मां सरस्वती, भारत माता की वंदना प्रस्तुत की। मंत्री प्रतिज्ञा गर्ग ने गो सेवा कराई। महामंत्री पूनम शुक्ला ने विशेष कार्यक्रमों की जानकारी दी। पूनम रेनू तिवारी ने संगीतमय फूलों की होली का प्रारंभ किया। डॉ. डीएन शर्मा ने कहा कि होली का त्योहार अंतरराष्ट्रीय छवि को विभूषित करता है। पूजा शर्मा ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। तन्वी ने होली है होली, आफरीन, रिद्धि और सोनाक्षी ने सुन ले ओ राधा गोरी पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कवयित्री प्रोफेसर पूनम बंसल ने फाल्गुन का है मस्त महीना पिचकारी की धार लिए, रूठों को हम चलो मनाएं रंगों का उपहार लिए गीत सुनाया। अरुण मोहन सांख्यधर ने आज ब्रज में होली रे रसिया गीत प्रस्तुत किया तो श्रोता भी नृत्य करने लगे। इस दौरान सुशील कुमार भगतजी, संजय कुमार गुप्ता, क्षमा दुबे, कमलकांत तिवारी, निरमेश शर्मा, साधना पूठिया, तान्या, निशि चाहल, आदि रहे।

**खानपान** | बाजार में दुकानों पर लोगों को लुभा रही देशी व विदेशी कचरी और पापड़

# होली पर गुजरात व इंडोनेशिया की कचरी आ रही पसंद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


फड़ियाई बाजार में दुकान पर पैकेट में कचरी रखता दुकानदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रंगों और भाईचारे का त्योहार होली का पर्व निकट है। 24 मार्च की रात होलिका दहन होगा और 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। त्योहार पर होली की बधाई देने के लिए मेहमानों का आना भी लाजमी है। त्योहार में सिर्फ एक सप्ताह का समय ही रह गया है। तैयारी चल ही हैं। वहीं रंग पिचकारी के साथ कचरी-पापड़ा का बाजार भी सज गया है। इस बार होली पर इंडोनेशिया के अलावा गुजरात समेत कई राज्यों की कचरी पापड़ लोगों के मुंह का जायका बनेंगे। गुजरात का चावल पापड़ लोगों की पहली पसंद बना हुआ है।

नगर में कचरी-पापड़ की करीब एक दर्जन थोक की दुकानें हैं। बाजार में 60 रुपये से 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कचरी उपलब्ध है। इस बार बाजार में गुजरात के चावल पापड़ की धूम मची हुई है। लोग इस पापड़ को खूब खरीद रहे हैं। चावल पापड़ पांच फ्लेवर में उपलब्ध है। इंडोनेशिया की इमरती वाली कचरी भी लोगों को खूब लुभा रही है। वहीं फरीदाबाद की कबीर फूड की गुच्छा कचरी भी लोगों को पसंद आ रही है।

### बाजार में रंगीन कचरी की मांग अधिक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** होली का त्योहार पर कचरी का बाजार सज गया है। रंगीन कचरी की मांग बाजार में अधिक है। इस बार होली के त्योहार के साथ मुस्लिमों के पवित्र रमजान भी हैं। जिससे रंगीन कचरी की बाजार में कमी हो गई है। लोगों को बिना रंगीन कचरी खरीदे ही मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

> चन्दौसी नगर में दिल्ली, गुजरात, तेलंगाना राज्य के हैदराबाद, मध्य प्रदेश के भोपाल, यूपी के बरेली से कचरी अधिक आती है। इंडोनेशिया से इमरती वाली कचरी की भी डिमांड है। इस बार गुजरात का चावल पापड़ लोगों की पहली पसंद बना है।
>
> –राजन वार्ष्णेय, दुकानदार

## सूफी मौलाना खुर्शीद मियां वारसी का 18 वां उर्स संपन्न

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ हज़रत राजदार मियां ने कराई अमन शांति के लिए दुआ

**अमृत विचार :** पूर्व शहर इमाम शाही जामा मस्जिद हज़रत सूफी मौलाना खुर्शीद हुसैन वारसी का 18 वां सालाना उर्स मुबारक कुल शरीफ व अन्य रस्मों के साथ सम्पन्न हो गया।

सैफ खां सराय स्थित दरगाह अंजुमने वारिसया मे पूर्व शहर इमाम शाही जामा मस्जिद संभल हज़रत सफी मौलाना खुर्शीद हुसैन साहब वारसी का सालाना 18 वां उर्स मुबारक छह रमज़ानुल मुबारक के दिन हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शहर इमाम सूफी मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने कुल शरीफ की रस्म अदा कराई। सुबह 9 बजे उर्स का कार्यक्रम तिलावते कुरआने करीम से शुरू हुआ । नातो मनकबत की महफिल के साथ दोपहर एक बजे कुल शरीफ की रस्म अदा कर सलाम पढ़ा गया। महमाने खुसूसी राजदारे मिल्लत मकनपुर शरीफ के सज्जादानशींन हज़रत सय्यद राज़दार मियां ने कुल शरीफ की रस्म अदा कराई। कुल शरीफ के बाद दरगाह पर चादर पोशी कर सभी को तर्बरूक बांटा गया। दरगाह प्रबंधक मेहताब हुसैन वारसी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर हाफिज़ इंतेज़ार, ज़हीर हाफिज़ जी, शरीफ ठेकेदार, सखावत हुसैन वारसी, इज़हारूल हक वारसी, हाजी रियाज़ुल, मिस्बाह ज़फर वारसी एडवोकेट, सईद अख्तर ईसराइली, नवाब साद आदिल, सैफ अली वारसी, शाहिद हुसैन एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


कल्पना चावला की जयंती मनाते महापुरुष स्मारक समिति के सदस्य।

### भारतीय अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला को किया याद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से रविवार को पहली महिला भारतीय अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कल्पना चावला के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर नमन किया । मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि कल्पना चावला पहली भारतीय मूल की महिला थीं जिन्होंने अंतरिक्ष तक का सफर तय किया था। वर्ष 2000 में दूसरी स्पेस यात्रा के लिए कल्पना चावला का चयन किया गया। एक फरवरी 2000 को कल्पना चावला का अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करते ही टूट गया। इस दुर्घटना में मिशन में शामिल सात लोगों की मौत हो गई। जिसमें कल्पना चावला भी शामिल थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नितिन कौशिक ने की। संचालन डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान डॉ. महेश कुमार गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. वसीम सैफी, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, राहुल सिंह, विकास यादव, अवधेश कुमार आदि रहे।


कश्यप समाज की बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

### निषाद राज जन्मोत्सव शोभायात्रा को लेकर मंथन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रविवार को कैथल गेट स्थित धर्मशाला में महाराज निषादराज महर्षि कश्यप तुरैहा समाज समिति की बैठकहुई। जिसमें पांच अप्रैल को महाराजा निषादराज के जन्मोत्सव पर निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर मंथन किया। जिसमें एक दूसरे को जिम्मेदारी सौंपी गई। शोभायात्रा कैथल गेट से प्रारंभ होकर ब्रह्म बाजार, फड़ियाई बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी होते हुए कैथल गेट स्थित धर्मशाला पहुंच कर संपन्न होगी। झाकियों को अंतिम रुप देने के लिए तैयारी जोर शोर से चल रही हैं। बैठक में प्रेम दादा, प्रहलाद, कालीचरन, डॉ. राम चंद्र, मोहनलाल, वीरेंद्र कुमार तुरैहा, महीपाल, पप्पू, राजकुमार ठाकरे, हरप्रसाद, संतोष तुरैहा, हंसराज, डेविड कश्यप, रामू, मनीष, अर्जुन आदि मौजूद रहे।


शोभायात्रा को लेकर बैठक करते रस्तोगी सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### रंग की एकादशी पर निकलेगी शोभायात्रा, तैयारियां

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री रस्तौगी सभा की बैठक रविवार को मोहल्ला गोपाल में श्री खेलगोपाल मंदिर परिसर में हुई। जिसमें 20 मार्च को निकलने वाली रंग एकादशी की शोभायात्रा को धूमधाम से निकलाने का निर्णय लिया गया। तैयारियों को लेकर एक दूसरे को जिम्मेदारी सौंपी। सभा के संयोजक संजय रस्तौगी ने कहा कि इस वर्ष भी रंग एकादशी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। शोभायात्रा में झाकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कहा कि रस्तौगी सभा की ओर से इस बार 115वीं रंग एकादशी की शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा 20 मार्च अपराह्न तीन बजे मोहल्ला गोपाल स्थित श्री खेलगोपाल मंदिर से शुरू होकर अजंता टाकीज मार्ग से होते हुए मंदिर पर संपन्न होगी। बैठक में ओमशंकर रस्तौगी, राजेश रस्तौगी, प्रदीप रस्तौगी, संजय रस्तौगी, मनोज रस्तौगी, विक्की रस्तौगी, कमल रस्तौगी, प्रवीन रस्तौगी, विपिन रस्तौगी,आदि रहे।


राधा माधव संकीर्तन मंडल के होली महोत्सव में भजन गाते लोग। ● अमृत विचार

### राधाकृष्ण के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, फूलों की होली खेली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय श्री राधा–माधव संकीर्तन मंडल शाखा चन्दौसी एवं श्री गो सेवा समिति चन्दौसी द्वारा रविवार को कैथल गांव स्थित गो आश्रय केंद्र पर होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कलाकारों ने होली के भजन सुनाए। भजनों को सुन कर श्रद्धालु झूम उठे। फूलों की होली व लट्ठमार होली खेली गई। कान्हा के जयकारे भी गूंजते रहे। होली महोत्सव का आंरभ अनिल गोयल व ज्ञानचंद शर्मा बंटू द्वारा गणपति आराधना, सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना के साथ किया गया। मंडल के गायक कलाकारों द्वारा होली के भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। सुबोध मिश्रा, उमेश रस्तोगी, रवि वार्ष्णेय, सतीश किराना आदि ने राधा कृष्ण के रसिया सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।


श्री कल्कि विष्णु मंदिर में हुए कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु, खेली फूलों की होली

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला कोट पूर्वी में स्थित प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में हुए हवन में भक्तों ने मंत्रों के साथ आहुतियां दीं। जिसके बाद भजन कीर्तन और फूलों की होली खेली गई। भजनों को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में रविवार को सुबह हवन का आयोजन हुआ। जिसमें दिल्ली और श्रीलंका से आए कुछ भक्तों ने हिस्सा लिया। हवन में मंत्रों के साथ आहुतियां दी गईं। भक्तों ने संभल के मनोकामना मंदिर समेत कई तीर्थों के दर्शन कर संकीर्तन किया। भजनों हुए तो श्रद्धालु झूम उठे। फूलों की होली का कार्यक्रम भी हुआ। सत्संग और आध्यात्मिक चर्चा में धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस दौरान अजय, इंदु बंसल, मोना वशिष्ठ, कुलदीप गुप्ता, शशांक शर्मा, प्रियांशु, उज्ज्वल सक्सेना, विकास वर्मा, नीलम वार्ष्णेय, सुषमा गुप्ता, शालिनी आदि मौजूद रहे।

अनाहूत: प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम: ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है ।

## संपादकीय

# लंबी चुनावी प्रक्रिया

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। देश का चुनावी परिदृश्य अपने आप में अद्वितीय है। भारत के चुनाव आयोग पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग का दायरा और भूमिका काफी बड़ी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, राष्ट्रपति चुनाव, उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 बार आम चुनाव को सफलतापूर्वक कराना काफी बड़ी बात है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है। 543 लोकसभा सीट के लिए चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। करीब 46 दिनों तक चलने वाली ये 1951-52 के बाद दूसरी सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया हैं। यह ठीक है कि जिस चुनाव में लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को भागीदारी करनी हो तो समय लगेगा ही। 2019 में भी सात चरणों में मतदान हुआ था और उसके पहले 2014 में नौ चरणों में, लेकिन 2009 में पांच चरणों में ही चुनाव करा लिए गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव भी 8 फेज में हुए थे। उस समय कहा गया था कि कोरोना के चलते इतने फेज में चुनाव हो रहे हैं। लेकिन इस बार तो ऐसा कुछ नहीं है।

1951-52 में हुए संसदीय चुनाव चार महीने से ज्यादा समय तक चले थे। वे लोकसभा के लिए स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव थे। उस समय परिवहन व संचार के साधन विकास की प्रक्रिया में थे। विपक्ष भी सात चरणों में चुनाव कराने पर सवाल उठा रहा है। विपक्षी दल कह रहे हैं चुनाव तीन से चार फेज में हो सकते थे। देश में 16 मार्च से लागू हुई आचार संहिता 79 दिन तक रहेगी। तीन या चार फेज में चुनाव हो जाते तो आचार संहिता कम समय के लिए लगती। सात चरणों में चुनाव का मतलब है कि इस बीच सभी विकास कार्य रुक जाएंगे। एक तरफ विपक्ष लंबे चुनावों पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं भाजपा का तर्क है कि लंबे समय का लाभ सभी पार्टियों को एक जैसा मिलेगा। ये सभी दलों के लिए बराबर समय है। वास्तव में लंबी चुनावी प्रक्रिया खर्चीली ही नहीं, उबाऊ भी होती है और आचार संहिता के चलते बहुत से सरकारी काम ठप हो जाते हैं। अच्छा होता कि कहीं कम चरणों में चुनाव संपन्न कराने के प्रयत्न किए जाते।

# कमजोर कंधे और मां-बाप की उम्मीदों का बड़ा बोझ



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे।

आजकल बच्चों पर उनके मां-बाप की उम्मीदों और ख्वाहिशों का बड़ा बोझ है। यह बोझ कभी-कभी इतना भारी हो जाता है कि बच्चे संभाल नहीं पाते और टूटकर बिखर जाते हैं। राजस्थान में इंजीनियर और डाक्टर पैदा करने वाले शहर कोटा में बच्चों के आत्महत्याओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

चंबल नदी के किनारे बसा राजस्थान का शहर कोटा करीब तीन दशक में डॉक्टर और इंजीनियर बनने का ख्वाब देने वाले नौजवानों का मुख्य गंतव्य स्थल बन गया है। नब्बे के दशक में यहां गिनती के कोचिंग सेंटर हुआ करते थे। उस समय डाक्टर-इंजीनियर की तैयारी करने वाले बिहार के बच्चों के लिए पटना, बोकारो और उत्तर प्रदेश के बच्चों के लिए कानपुर डेस्टिनेशन हुआ करता था। संयोगवश एक बार यहां एक कोचिंग संस्थान के 10 छात्रों का चयन एक ही साल आईआईटी में हो गया। उसके अगले वर्ष यहां के 50 छात्र आईआईटी में चुने गए। बस फिर क्या था, भेड़िया धसान का दौड़ शुरू हो गया। लोग बाग आंखें मूंदकर कोटा की ओर दौड़ने लगे। अभिभावकों और छात्रों को लगने लगा कि जैसे यहां यहां के कोचिंग संस्थानों में कोई ऐसी जड़ी बूटी है जिसे पीकर उनके बच्चे, चाहे कैसे भी हों, इंजीनियर डाक्टर चुटकी में बन जाएंगे। परिणामस्वरूप वर्ष 2015 तक कोटा में कोचिंग का कारोबार लगभग हजार करोड़ रुपये का हो चुका था, जो आज लगभग पांच हजार करोड़ से भी ज्यादा का हो चुका है। आज यहां के लगभग डेढ़ सौ कोचिंग संस्थानों में प्रत्येक वर्ष जुलाई से लेकर जनवरी महीने के बीच दो लाख से ज्यादा छात्र नीट यूजी और जेईई की तैयारी करने के लिए आते हैं। सिर्फ राज्य सरकार को कोटा कोचिंग इंडस्ट्री से हर वर्ष लगभग 700 करोड़ रुपये का टैक्स मिलता है। कुल मिलाकर कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था छात्रों पर निर्भर है। होटल, हास्टल, पीजी, आटो रिक्शा, साइकिल, टिफिन, मेस, किताब, स्टेशनरी, युनिफार्म, टीचिंग का धंधा जोरों पर है। यदि पूरी अर्थव्यवस्था को एक साथ देखा जाए तो लगभग यह तीस हजार करोड़ रुपए की है। लेकिन आने वाले छात्रों में सफल छात्रों के प्रतिशत को समग्र रुप से देखें तो सफलता की दर दो प्रतिशत ही है अर्थात यहां तैयारी के लिए आए 100 बच्चों में से मात्र दो बच्चे ही सफल हो पाते हैं। स्वाभाविक रूप से बच्चों पर सफल होने का दबाव ज्यादा है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं।

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे। लेकिन एक बार यहां छोड़ देने के बाद वो कभी भी यह जानने की कोशिश नहीं करते हैं कि उनके बच्चे यहां कैसे रह रहे हैं, उनको कोई परेशानी तो नहीं, कोचिंग में उसका प्रदर्शन कैसा है? ज्यादातर अभिभावक एडमिशन के बाद बच्चे को हर महीने का खर्च भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। कुछ मां-बाप तो अपने सपनों और उम्मीदों को जबरन बच्चों पर थोपते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर-इंजीनियर बन जाए, ताकि समाज में उनका रौब बढ़े, प्रतिष्ठा बढ़े, चाहे उनका बच्चा पढ़ने में कितना भी कमजोर न हो। जब बच्चों से बात होती है, तो वे हमेशा यही कहते हैं कि तुम्हें पता है ना कि किस तरह तुम्हें वहां भेजा गया है, इसलिए इस बार मुझे विश्वास है, तुम अवश्य पास कर लोगे। इस विश्वास का बोझ बच्चों पर बहुत ही भारी होता है। यद्यपि कुछ मां-बाप ऐसे अवश्य हैं, जो अपने बच्चों को लेकर काफी संवेदनशील हैं। वे अपने बच्चों की परेशानियों को समझते हैं और सही समय पर हस्तक्षेप करते हैं। आजकल यहां बच्चों को छठी क्लास से ही पढ़ने भेज दिया जा रहा है। उन्हें लगता है कि अगर वे अपने बच्चे को कम उम्र में तैयारी के लिए भेज देंगे, तो उसके सफल होने की संभावना बढ़ जाएगी। जो बच्चे छठी से 11वीं क्लास के बीच आते हैं, उन्हें नर्चर कहा जाता है। 12वीं के बाद आने वालों को ड्रापर कहा जाता है। आपस में बच्चे दोस्त बनने के बजाय प्रतिद्वंद्वी बन जाते हैं। वे आपस में मन की बात एक-दूसरे से कह नहीं पाते। यह अवसाद की स्थिति उत्पन्न करता है। परिवार या माता-पिता की पसंद के कारण कई बार छात्र ऐसा क्षेत्र चुन लेते हैं जिनमें उनकी रुचि नहीं होती। यह सिर्फ उन्हें खुश करने के लिए होता है। साथ ही कई बार छात्र मां बाप द्वारा खुद पर खर्च किए जा रहे ज्यादा महंगी फीस के बारे में सोचने लगते हैं। इन सब के कारण बच्चे तनाव में आ जाते हैं। वैसे ग्रेजुएशन के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इतने कम उम्र में परीक्षाओं की तैयारी में अंतर यह है कि ग्रेजुएशन के बाद बच्चे अधिकांशतः परिपक्व हो जाते है, कोई भी प्रेशर हैंडल कर लेने की स्थिति में होते हैं। सफलता का प्रतिशत तो सिविल सेवाओं की तैयारी में लगे प्रतियोगियों का बहुत ही कम है लेकिन वहां बच्चे सुसाइड नहीं करते। वे समझदार होते हैं और अपने को दूसरी दिशा में मोड़ लेते हैं और सफल भी होते हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी में भी जब तक पटना, बोकारो और कानपुर कोचिंग हब बना हुआ था, तब भी बच्चों में इतना फ्रस्ट्रेशन, एंग्जाइटी, डिप्रेशन या सुसाइड की कहानी नहीं सुनने को मिलती थी। स्पष्ट है इसमें बहुत हद तक कोचिंग संस्थानों का भी रोल है, जो बच्चों का सिर्फ मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहे हैं।

कोटा में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने अपनी तरफ से काफी प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोटा में सभी हॉस्टल्स और पीजी संचालकों को कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य करदिया गया है। एंटी हैंगिंग डिवाइस पंखे के नीचे स्प्रिंगनुमा एक डिवाइस होता है। जैसे ही पंखे पर बीस किलो से अधिक वजन पड़ता है तो पंखा नीचे आ जाता है। सिर्फ फरवरी 2024 में इस डिवाइस के कारण पांच बच्चों की जान बचाई जा चुकी है। कोटा के जिला कलेक्टर ने सुसाइड रोकने और छात्रों को अच्छा माहौल देने के लिए "डिनर विद कलेक्टर" शुरू किया है जिसमें वो कोचिंग और हास्टल में जाकर बच्चों के साथ डिनर करते हैं और उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। प्रत्येक हॉस्टल और पीजी में काउंसलर्स जा रहे हैं और छात्रों से संवाद कर रहे है। प्रशासन ने एक विशेष पोस्टर भी तैयार किया है जिसमें 24 घंटे विद्यार्थियों की मदद के लिए संचालित की जा रही हेल्पलाइन के मोबाइल नंबर, जिला प्रशासन के स्टूडेंट पोर्टल, कोटा पुलिस स्टूडेंट सेल, व्हाट्स-अप कांटेक्ट, ई-मेल आईडी और मदद के लिए अन्य सभी हेल्पलाइन के पोस्टर्स सभी हॉस्टल्स के प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले किए जाएंगे। सप्ताह में एक दिन 'आधे दिन पढ़ाई, आधे दिन मस्ती', आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले छात्रों की पहचान करना और साइकोलॉजिकल काउंसलिंग देने जैसे कार्यक्रम लागू किए गए हैं। बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कोटा के ही डॉक्टर शेखावत ने निजी तौर पर 'होप सोसाइटी प्रोजेक्ट' भी शुरू किया था। इसके साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है जिससे छात्र तनाव की सूरत में फोन पर बात कर सहज हो सके। यदि कोई छात्र आपसी बातचीत को अनदेखा कर रहा है, खुद पर अविश्वास दिखा रहा है, बातचीत में झल्ला जा रहा है, बिना कारण के बार-बार रोना शुरू कर देता है, उनके साथियों, अभिभावकों, कोचिंग स्टाफ, हास्टल स्टाफ को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। संभव है वो एंग्जाइटी और डिप्रेशन में जा रहा है। प्रत्येक स्टूडेंट्स के दरवाजे पर दस्तक एक ऐसा कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें हास्टल और पीजी में जाकर बच्चों की पहचान की जा रही है, उससे बात की जा रही है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं। अगर छात्र की उस विषय या क्षेत्र में रुचि न हो तो वो उन्हें दाखिला न दें या उन्हें कैरियर का कोई और विकल्प बताएं। हरेक कोचिंग संस्थानों में काउंसलर रखना अनिवार्य कर दिया गया है। सप्ताह में छुट्टी, टेस्ट भी रविवार को न हो तथा कम नंबर लाने वाले को अलग से क्लास लगाना अनिवार्य होना चाहिए। सबसे बड़ी म्मिदारी तो मां बाप की है जिन्हें चाहिए कि अपने सपनों और उम्मीदों का बोझ बच्चों के कमजोर कंधों पर न डालें, उन्हें स्वाभाविक रुप से अपना फील्ड चुनने दें, जहां वो बेहतर कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# कितना निष्पक्ष होगा आयोग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राष्ट्रीय चुनाव आयोग की खाली पड़ी दोनों जगहें दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों से भर ली गई हैं और कोरम पूरा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां चुनाव के स्वच्छ संचालन के लिए एक निष्पक्ष और तटस्थ भाव रखने वाला चुनाव आयोग अपेक्षित है।

हालांकि वर्तमान में जो चयन प्रक्रिया और कानून इसके लिए हैं, वह इस उद्देश्य की पूर्ति करते नहीं दिखते। पहले कानून मंत्रालय सर्च करके एक सूची बनाता है और इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास सिफारिश के रूप में भेजता है। समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक अन्य सदस्य होता है, जिसे प्रधानमंत्री नामांकित करते है।

यह समिति कानून मंत्रालय के द्वारा भेजे नामों या उससे बाहर का भी कोई व्यक्ति चयनित कर सकती है और अनुमोदनार्थ राष्ट्रपति को भेजती है। उनके अनुमोदन के पश्चात विज्ञप्ति प्रकाशित हो जाती है और नियुक्ति हो जाती है। अब इस प्रक्रिया से साफ है कि आयोग सरकार के हाथ की ही कठपुतली होगा। चयन समिति में पीएम और एक अन्य सदस्य पीएम की ही पसंद का होगा, तो नेता प्रतिपक्ष केवल आपत्ति करता रह जाएगा; चलेगी एक नहीं। ऐसे चुनाव आयोग से निष्पक्षता की आशा करना बेकार है। यहां बताते चलें कि इस सारी प्रक्रिया से संबंधित प्रकरण उच्चतम न्यायालय तक गए हैं और गत वर्ष 2 मार्च में इस न्यायालय ने निर्णय किया था कि चयन समिति में मुख्य न्यायमूर्ति, पीएम और नेता प्रतिपक्ष होंगे: लेकिन सरकार ने इसकी अवहेलना करके ऐसी पद्धति को कानूनी शक्ल दे दी, जिससे इस प्रक्रिया में प्रधानमंत्री का वर्चस्व बना रहे। सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं अब भी चल रही हैं।

सुप्रीमकोर्ट ने एक टिप्पणी फिर की है कि 'जब यहां सुनवाई चल रही थी, तो ये ताजी दो नियुक्तियां कैसे हो गईं'? सरकार से 21 मार्च तक जवाब मांगा गया है। अब देखना है कि सुप्रीम आदेश क्या होते हैं? जनता एक निष्पक्ष चुनाव आयोग गठित किए जाने की दरकार रखती है, जो संप्रति नहीं है।

# वर्षा पोषित जल स्रोतों को बढ़ाना होगा



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं।

जल संकट ने सभी बड़े शहरों की नींद उड़ा दी है। बेंगलुरु के प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए आईटी से जुड़ी कंपनियों से अनुरोध किया है कि वे अपने ऐसे कर्मचारियों/अधिकारियों को जो दूसरे प्रदेशों से यहां आकर काम कर रहे हैं, को अपने प्रदेश में जा कर घर से काम करने के लिए अनुरोध करें ताकि यहां की जल खपत को कम किया जा सके। नागरिकों से भी अनुरोध किया जा रहा है कि वे पानी का उपयोग मितव्ययिता से करें तथा अपव्यय बिल्कुल नहीं करें। मसलन एक्वागार्ड आदि से निकले वेस्ट वाटर का उपयोग बर्तन साफ करने में, पेड़ पौधे को जीवित रखने के लिए करें। जल उपयोग को सीमित करने के लिए पानी की आपूर्ति में कटौती की जा रही है।

ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है और किसी एक शहर तक सीमित भी नहीं है। अपितु अधिकांश छोटे-बड़े शहरों को जिनके पास जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, जो भू-जल पर निर्भर हैं को प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त वर्षा होने तक इस समस्या का सामना कम या ज्यादा सामना करना ही पड़ता है। स्थानीय निकायों द्वारा अपनी जनता को राहत पहुंचाने के लिए टैंकरों द्वारा जल की आपूर्ति कभी सशुल्क तो कभी निशुल्क की जाती है। जनता अपने अन्य खर्च को कम करके किसी भी कीमत पर जल क्रय करने को मजबूर हैं अर्थात 'मरता क्या नहीं करता'।

जल समस्या का जटिल तथा विस्तारित होना बताता है कि निदान के लिए जैसे प्रयास शासन स्तर पर होने चाहिए थे वैसे किए नहीं गए। यद्यपि ग्रीष्म ऋतु में कमोवेश हर सरकारें जल आपूर्ति के लिए चिंतित अवश्य नजर आती हैं, किन्तु वर्षा होते ही प्रयास धीमे हो जाते हैं, या समस्या ही भुला दी जाती है। जनता भी जल आपूर्ति नियमित होने पर स्थाई समाधान हेतु मांग करना बंद कर देती है। वस्तुतः जल संकट के निदान के लिए प्रत्येक सरकारों को अपने शहरों में बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में जल आवश्यकता का अनुमान लगा कर वर्षा जल संग्रहण तथा आपूर्ति के बारे में सोच विचार कर कार्य योजनाएं बनानी चाहिए। उन शहरों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जो बराहमासी नदी या बड़े बांध या जलाशय के पास नहीं है, जिनकी जनसंख्या अधिक है और भूगर्भीय जल पर अधिक आश्रित हैं। भारत में हो यह रहा है कि जिन शहरों में रोजगार की संभावनाएं अधिक है उन शहरों में तेजी से लोग दूसरे शहरों से आकर अस्थाई तौर पर या स्थाई रूप से बस रहे हैं। अर्थात इन शहरों में जल की मांग निरंतर बढ़ रही है, साथ ही आवास की पूर्ति के लिए तालाबों, झीलों, जलाशयों आदि जल स्रोतों के केचमेंट क्षेत्र अवरुद्ध हो गए हैं, और जनसंख्या के अनुपात में नए जल संग्रहण स्रोतों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

शहरों में जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं, पुरानी बाबडी, कुओं आदि का रखरखाव भी ठीक से नहीं हो रहा है। परिणाम यह है कि वर्षा का अधिकांश पानी शहरों की जमीन के अंदर जाने की बजाय बहकर अन्यत्र चला जाता है। अतः जल आपूर्ति की समस्या जल प्रबंधन के साथ जनसंख्या प्रबंधन की भी है। इसलिए प्रत्येक शहर को अपने जनसंख्या के अनुपात में जल आडिट नियमित रूप से (निश्चित अंतराल बाद) करते रहना चाहिए अर्थात कितनी जनसंख्या है?, कितनी जनसंख्या हर साल बढ़ रही है?, कितने जल स्रोत है? (तलाब, जलाशय, झील, डेम आदि), उसमें कितना जल संग्रहित किया जा सकता है?, कितने व्यक्तियों के लिए वे जल की आपूर्ति कर सकते हैं?, कितनी क्षमता वाले कितने जल संग्रहण के स्रोतों की वर्तमान और भविष्य में आवश्यकता होगी?। मेरा ऐसा मानना है कि यदि आवश्यकता के अनुकूल शहरों में वर्षा जलसंग्रहालयों को बढ़ाया जाता है, उनका रखरखाव ठीक से रखा जाता है और जनता पानी के अपव्यय को कम करने की आदत बना लेती है तो जल समस्या से निपटना कोई मुश्किल नहीं होगा। इसके साथ ही शासन को हर भवन पर वाटर रिचार्जिंग सिस्टम को लगाना अनिवार्य करना होगा और स्वयं को भी रोड साइट पर, कालोनियों के बगीचों में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिचार्ज पिट का निर्माण निश्चित दूरी के अंतराल से करने पर विचार करना चाहिए। ऐसा करके स्थानीय स्तर पर भू में जल के प्रवेश को बढ़ाया जा सकता है। जो निश्चित रूप से भू-जल स्तर को उपर उठाने में मदद करेगा। शासन के प्रयास, जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल का संग्रहण और जनता का जल उपयोग के प्रति मितव्ययिता का आचरण ही जल समस्या का समाधान हो सकता है।

## सोशल फोरम

# नीति में बदलाव की जरूरत



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं।

पुरातत्व की श्रेणी में शामिल कोई भी निर्माण तभी तक सौंदर्य से परिपूर्ण लगता है जब तक उसकी काया पर कुदरती प्रभाव की छाया मौजूद रहती है। जैसे ही कंजर्वेशन (संरक्षण) हुआ वह सब गायब हो जाता है। लगता है जैसे किसी बुढ़िया का श्रृंगार किया गया है। मेरे ख्याल से पुरातत्व विभाग को शानदार और ऐतिहासिक महत्व की इमारतों और स्थलों को बचाने की अपनी नीति में बदलाव की जरूरत है। जब हमने ब्रिटिश समय के बहुत से कानूनों को बदल लिया है तब हमें ब्रिटिश लोगों की धरोहरों के प्रति संरक्षण की नीति को बदल देना चाहिए। हमें अब कनिंघम और मार्शल युग के बाद की संरक्षण नीति के बारे में सोचना चाहिए।

प्रकृति के कठोर कार्य की वजह से जैसे कि वर्षा, तापमान, मैकेनिकल स्ट्रेस की वजह से निर्माण सामग्री का विघटन, एक त्यक्त भवन और इसके आसपास के परिवेश का रूपांतरण होने लगता है। तब इसके अवशेष के रूप में 'सुंदर' दिखने वाला स्थल और भवन या एकाधिक भवनों के अलावा इसके आसपास के परिवेश को पर्यटकों की सुविधा के लिए संरक्षण के नाम पर बदल दिया जाता है। ऐसा करने से उस स्थल और भवन में आकृतिमूलक ऐसे परिवर्तन हो जाते हैं जिससे प्राकृतिक सौंदर्य गायब हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि हमें उन जगहों पर या इनके आसपास पर्यटकों को लाने की जरूरत है जहां पर खंडहर या ऐतिहासिक महत्व की 'एबंडंड' बिल्डिंग्स मौजूद हैं। पिछले 60 वर्षों में मैं जहां भी गया, पाया कि स्मारक तो क्या, स्थल प्रबंधन भी उस स्थान के कुदरती तौर से विकसित हुए (नैचुरली अक्वायर्ड) सौंदर्य को सुरक्षित रखने की दृष्टि से अपर्याप्त रहे हैं। अधिसंख्य स्थलों की दृश्यावली अरुचिकर कर दी गई है। प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं। भारत में केंद्रीय और राज्यों के पुरातत्व विभावों में सौंदर्यशास्त्र के बारे में स्टाफ और अधिकारियों को जागरूक करने की बड़ी जरूरत है।

-फेसबुक वॉल से

# चुनाव में आज भी काला धन हावी



डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं।

अगर कोचिंग करके एक लाख लोग डॉक्टर बनते हैं तो बिना कोचिंग के कितने बनेंगे। अगर कोचिंग करके 1000 लोग लोक सेवा में चयनित होते हैं तो बिना कोचिंग के कितने होंगे। अगर प्रचार करके 543 सांसद चुने जाते हैं तो बिना प्रचार के कितने चुने जाएंगे। फिर कोचिंग या प्रचार की क्या आवश्यकता। कोचिंग या प्रचार सामर्थ्य जिनके पास है अर्थात जिनके पास धन बल या कोई व्यवस्था है उनके लिए अवसर बढ़ा देती है। और जिनके पास नहीं है उनके लिए अवसर घटा देती है।

कोचिंग के दबाव में बच्चा पढ़-पढ़ के तनाव में है। हर साल और ज्यादा कड़ी मेहनत से पढ़ाई करता है जिससे लाभ मिले, जब कि सीट उतनी ही हैं। उतने ही लोग चुने जाएंगे। नेता के चुनाव लड़ने का भी यही हाल है। मतलब पैसों को प्रचार में पानी की तरह फूंकना।

तो क्या ये बंद हो? आइए सोचते हैं। देश के स्तर पर सोचें तो राज्यसभा के 250 सांसद, उससे दोगुने से ज्यादा लोकसभा सांसद (543), लोकसभा से लगभग आठ गुणा ज़्यादा विधायक (4200 से ज़्यादा) और हर विधायक पर लोकल बॉडी के 800 चुने हुए लोग (कुल तीस लाख से ज्यादा)। इतने लोग चुने जाने हैं, हर पांच साल में। अब लोकतंत्र है। हर सीट पर अगर औसत पांच से दस लोग भी न लड़ें, तो काहे का लोकतंत्र। तो समझिए सारे चुनाव एक साथ नहीं होते। इसलिए पूरे देश की जनता को तीन या अधिक बार सम्मिलित होना है।

पांच वर्षों के इलेक्टोरल बांड के बीस हज़ार करोड़ को माने तो इस आयोजन में प्रति सीट लगभग 60 हजार खर्चा निकलता है। अगर 5-10 लोग हर सीट पर हैं तो प्रति व्यक्ति 5-10 हज़ार चुनावी ख़र्च आएगा। अब आप ही बताओ पांच दस हज़ार में क्या चुनाव होगा। जन्मदिन का सामान्य उत्सव नहीं होता आज इतने में। हर छोटा चुनाव कई लाख का तो विधानसभा कम से कम कुछ करोड़, लोकसभा सीट तो करोड़ों में खर्चा मांगती है। इन बातों से ये तो पता चलता है कि क़ानून कुछ भी हो चुनाव में आज भी काला धन हावी है। इलेक्टोरल बांड चुनावी ख़र्चों का बहुत न्यून प्रतिशत है। उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं। जिसके पास कुछ नहीं तो दूसरों ने उसका अहित किया इसी इमोशनल शक्तिपात के बल पर जी रहा है। तो उपाय क्या है?

क्या उपाय पारदर्शिता है और कितनी पारदर्शिता? सबको पता है कि अगर सबके बैंक डिटेल, इनकम टैक्स डिटेल, इंटरनेट उपयोग आदि सार्वजनिक कर दें तो सिद्ध भी हो जाएगा कि सभी मनुष्य ही हैं। कभी सही तो कभी गलत। और जिसका कुछ ना मिले उस तक या तो प्रकाश पहुंच ही नहीं पाया या वो भगवान ही होगा। तो हम कितनी पारदर्शिता चाहते हैं ये भी तो तय करें।

आम तौर पर छोटे मकानों में रहकर किंतु बड़े होटलों में आयोजनों का शौक वाले हमारे समाज में, नेता का भोकाल भी हो, नेता का कफ़ीला भी हो, नेता सबके काम भी करा दे, पर नेता ये सब कैसे करे। नेतागीरी अगर इतनी गतिशील है तो उस गति में ऊर्जा तो खर्च होगी, ऊर्जा देश कैसे देगा और कौन देगा। और नेता अगर सुस्त हो तो नेता लापता है, ये भी तो हम ही कहते हैं। तो उपाय क्या है? और ये समस्या अपने देश की ही नहीं है हर लोकतंत्र की है?

**(य: पश्यति स पश्यति)**

# चारित्रिक दोष



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं।

राजा नंगा हो और फिर भी हमारी पहली पसंद हो, इसका राज कहां छिपा है? ये सवाल मेरे मन मे रह-रह कर उठता है कि आखिर क्या वजह है कि अपराधी चरित्र के लोग, बदमाश, बलात्कारी चुनाव में हमारी पहली पसंद बन जाते हैं। क्यों हमारे लिए ईमानदारी और उज्ज्वल चरित्र कोई मायने नहीं रखते?

इस मानसिकता की जड़ें मुझे संस्कृति से जुड़ी लगती हैं। हमारी पौराणिक कहानियां जिन्हें सुन-सुन कर हम बड़े होते हैं। उनका कहीं गहरा प्रभाव हमारे ऊपर रहता है। हमारी कहानियों के चरित्रों द्वारा की गई हरकतों को कोई भी सामान्य व्यक्ति गलत ठहराएगा। लेकिन महान चरित्रों की महान गलतियों को जस्टिफाई करते हुए उसके पीछे भी महान कारण गिनाए जाते हैं।

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं। मैंने सुना है कि पुराने समय में चोर जब रात्रि में चोरी करने निकलते थे तो बकायदा अपनी एक आराध्य की पूजा कर निकलते थे।

मैं उन पौराणिक कहानियों का यहां जिक्र नहीं करना चाहता लेकिन शायद ये भी एक कारण है कि बलात्कारी, अपराधी यहां सम्मान पाते हैं। और चरित्रवान हाशिये पर पड़े रहते हैं। हमारे इस चारित्रिक दोष के लिए कौन जिम्मेवार है। आज हमें इससे कोई फर्क नही पड़ता अगर हमारा राजा नंगा भी हो जाए। उसकी नंगई में भी हमें महानता ही नजर आती है।

एक नजर


अहमद राजा।

### छह वर्षीय अहमद ने रखा पहला रोजा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** रमजान- उल-मुबारक में क्षेत्र के इमरतपुर सिरसी निवासी डॉ.अरकान हुसैन के छह वर्षीय बेटे अहमद राजा ने रविवार को अपनी उम्र में पहला रोजा रखा। पूरे दिन खुदा की इबादत की। इस दौरान अहमद राजा के द्वारा पहला रोजा रखने की सभी परिवार वालों ने हौसला-अफजाई की और खुशी मनाई। परिवार के सभी लोगों ने मगरिब की आजान के पर अहमद राजा के साथ रोजा इफ्तार किया और सभी ने अहमद राजा को दुआओं से नवाजा।

### दो तमंचे और चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कुंदरकी,अमृत विचार :** रविवार को पुलिस ने दो युवकों को तमंचे और 200 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। दोनों को आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। थाना पुलिस का कहना है कि सूचना मिली थी कि दो युवक हाई-वे स्थित सिंगल फैक्ट्री के पास खड़े हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सिंगल फैक्ट्री पर लगे बैरियर के पास से रब्बानी निवासी ग्राम चकफाजलपुर थाना और शाजेब निवासी ग्राम चकफाजलपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में रब्बानी के पास से एक तमन्चा देशी दो कारतूस व 200 ग्राम चरस बरामद हुआ। शाजेब के पास एक अदद तमंचा व एक कारतूस बरामद किया।

### नगर पालिका ने बैनर पोस्टर और वाल पेंटिंग हटाई

**ठाकुरद्वारा,अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता लागू होने के दूसरे दिन भी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य के निर्देश पर नगर में दीवारों और विद्युत पोलों पर लगे होर्डिंग, बैनर और पोस्टर उतरवाए गए। टीम में सफाई इंचार्ज चंचल कुमार, सफाई नायक राकेश कुमार, देवेन्द्र नागपाल, राजकुमार कुमार, आकेश कुमार, राजेश कुमार सफाई नायक आदि शामिल रहे।


ठाकुरद्वारा में सजीं में खजला की दुकान। ● अमृत विचार

# रमजान शुरू होते ही बाजारों में रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रमजान में बाजारों में खरीदारी और चहल-पहल बढ़ गई है। एक और खजला, फेनी और सेवई की दुकानें सज गईं तो फलों के दाम भी बढ़ गए हैं। बाजार में आमतौर पर इस्तेमाल की चीजों की मांग बढ़ गई हैं। लेकिन त्योहार के खास मौके पर खरीदारी बढ़ जाती है। मुस्लिम समुदाय रमजान के महीने को बहुत मुकद्दस मानता है। रमजान में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने के साथ-साथ बहुत खुशी से गरीबों और जरूरतमंदों को दिल खोलकर जकात, दान करता है। इसके लिए अपनी तैयारी करते हुए खाने-पीने की चीजों और पहनने के कपड़ों तक की खरीदारी करता है, जिसके चलते बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। सहरी में खाए जाने वाले पकवान खजला, फेनी और सेवई तथा इफ्तार में खाए जाने वाले पकवानों की भी दही-फुल्की, पकौड़ी फल, फ्रूट चार्ट आदि शामिल हैं, जिसको अधिक पसंद किया जा रहा है। कदीर तिराहे पर फल विक्रेताओं की दुकानों पर शाम होते अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है।

## अधिकारियों ने शस्त्र बिक्री की दुकान देखी

**बिलारी, अमृत विचार:** नगर की एकमात्र शस्त्र बिक्री दुकान के लाइसेंस की जांच की गयी। दुकान के प्रोपराइटर विजेंद्र आरमरर के नाम से संचालित है, जिसका सत्यापन उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्रधिकारी ने रविवार को दल बल के साथ पहुंचकर किया। अभिलेखों की जांच के निर्देश दिए।

रविवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शस्त्र बिक्री वाली फर्मों के लाइसेंस का सत्यापन शुरू किया गया है। प्रशासन की टीम ने अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा की। नगर स्थित प्रथमा बैंक की शस्त्र लाइसेंस की दुकान का मौका मुआयना किया। उप जिला अधिकारी मणि अरोरा व पुलिस क्षेत्रधिकारी राजेश कुमार ने निरीक्षण किया और जमा असलहा के संबंध में बात की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शस्त्र लाइसेंस की दुकान में शस्त्रों का रखरखाव देखा। दुकान स्वामी से कहा कि शस्त्रों को अलमारी के अंदर रखा जाए, खुले में न रखें। अधिकारियों ने अभिलेखों की बारीकी से जांच पड़ताल की।

## रोजगार बने मौलिक अधिकार, युवा और महिला अधिकार सम्मेलन में हुई चर्चा

# देश में बढ़ती बेरोजगारी चिंता का विषय: डॉ.संदीप

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और रमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता डॉ.संदीप पांडे ने कहा कि देश में भर्ती बेरोजगारी चिंता का विषय है। एक तरफ सरकार की नीति पूंजीवाद के पक्ष में देश के बड़े कॉर्पोरेट घराने को लाभ पहुंचाने की चल रही है दूसरी ओर सरकारी कंपनियों का निजीकरण किया जा रहा है।

पांडे ने समरसता की विचारधारा को धरातल पर लाने के लिए अंतरजातीय विवाह का समर्थन किया। रविवार को क्षेत्र के महात्मा गांधी हाई स्कूल में युवा और महिला अधिकारों को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें रोजगार बने मौलिक अधिकार सोशलिस्ट पार्टी की युवा इकाई ने सोशलिस्ट यूनियन सभा द्वारा और महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया। किसान चिंतक प्रो.राकेश रफीक ने सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक मजबूत विपक्ष तैयार करने की बात कही।

सम्मेलन में आम सहमति से रोजगार को मौलिक अधिकार बनाने देश में रिक्त पड़े सरकारी पदों को तत्काल चुनाव बाद भरने, सरकारी विभागों में संविदा ठेका प्रथा खत्म करने, पेपर लीक की घटनाओं को रोकने संबंधी विषय पर अपनी बात रखी। महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन सोशलिस्ट किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव प्रेम कुमार ने किया। कार्यक्रम में सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.मीनाक्षी सखी ने महिला अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक किया।

सोशलिस्ट डिवीजन सभा के अध्यक्ष ओम द्विवेदी, राष्ट्रीय सचिव अहमद खान, महेश पांडे ,युवा शक्ति संगठन से गौरव सिंह, भरत कुमार ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संजू अंबेडकर, रूपवती बिंदु, रणविजय और सुनील यादव, भारत चौधरी, मधु गुप्ता, अतीक अहमद, वीरेंद्र कुमार, अशफाक अहमद, गुफरान, रमेश शर्मा, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



रामौतार भान्तु महेंद्र भातु नोमान जमाल, कुलदीप यादव, दीनदयाल यादव।

### सम्मेलन में अधिकारों की बात उठाई

**बिलारी, अमृत विचार :** महात्मा गांधी हाईस्कूल में आयोजित युवा महिला अधिकार सम्मेलन के दूसरे अधिकारों की चर्चा की गयी। सोशलिस्ट युवजन सभा की प्रदेश इकाई ने संजू अंबेडकर, उजमा, सुभद्रा गौतम, हिमानी गौतम, संजू, बिंदु बाल्मीकि, सुनील यादव, कपिल, राज विक्रम सिंह, पूर्व प्रधान उरमान सिंह, पूर्व प्रधान नानक सिंह, खदीजा आलम, उजमा आलम, वंदना गौतम, आशा यादव, सोमपाल सिंह, दिनेश चंद्र, राजपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, अमरपाल सिंह यादव, मेघराज सिंह यादव ने अपनी बात रखी।

# ताला तोड़कर सामान, नकदी ले गए चोर

## हरियाना गांव के तीन घरों को बनाया निशाना, गुल्लक तोड़कर पैसे ले गए

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। पुलिस घटनाओं पर अंकुश लगाने में शिथिल साबित हो रही है। पीड़ित पुलिस को तहरीर दे रहे हैं लेकिन, पुलिस जांच के नाम पर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दे रही है। अभी तक दर्जनों चोरियों का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है, जिसको लेकर क्षेत्रवासी काफी चिंतित हैं।

हरियाना गांव में शनिवार की रात्रि चोरों ने घरों के ताले तोड़कर तीन घरों में तांडव मचाया है। चोर सोने चांदी के आभूषण और नगदी सहित लाखों रुपये ले गएं है। घटना में पुलिस की भूमिका को लेकर ग्रामवासियों में काफी आक्रोश है। गांव के डॉ.प्रेमपाल ने बताया कि उनका एक मकान दूसरे मकान के करीब 50 मीटर की दूरी पर है, जहां पर वह दिन में अपने क्लीनिक का संचालन करते हैं। बाद में मकान बंद कर दूसरे मकान में परिवार के साथ रहते हैं। बताया कि शनिवार की रात्रि बीमारों को दवा देकर अपनी पत्नी और पुत्री के साथ दूसरे घर में था। करीब एक बजे तक वह लोग जगे हुए थे। रात्रि में करीब तीन बजे उनका भतीजा रवि कुमार ईंट भट्टे से जब अपने घर को आ रहा था तो उसने देखा कि उसके चाचा के मकान का ताला टूटा हुआ है। दरवाजा खुला पड़ा है, जिसकी सूचना उसके द्वारा चाचा को दी गई। उन लोगों ने जब वहां पर जाकर देखा तो क्लीनिक का भी ताला तोड़ दिया था। कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर पीतल के बर्तन और 60,000 रुपए नगद चुरा ले गए थे। बताया गया कि कुछ देर बाद ही उनको पता चला कि उनके सगे भाई तेजपाल सिंह (दिल्ली में रहते हैं) की बंद मकान से गेट के ताले तोड़कर आलमारी और संदूक के अंदर रखा हुआ सामान चुरा लिया गया। सुरेश सैनी पुत्र नन्हूं के बंद मकान का ताला टूटा है। संदूक, अलमारी के ताले तोड़कर सोना-चांदी के जेवर और एक लाख रुपये चोरी कर ली गयी है। पीड़ितों का कहना है कि वह लोग इस संबंध में थाने में शिकायती पत्र देंगे। ग्रामवासियों का आरोप है कि जिस क्षेत्र में चोरी हुई है। उधर, कुछ लोग जुआ खेलते रहते हैं।

इसी के चलते गांव में इस प्रकार की घटनाएं घट रहीं है। पुलिस दूर से ही हॉर्न बजा देता है और वह लोग फरार हो जाते हैं। चोर बच्चों के गुल्लक भी तोड़कर पैसे ले गए हैं। चौकी इंचार्ज अनिल ने बताया कि हमने मुआयना किया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।


चोरों द्वारा तोड़े गए संदूक के ताले दिखाते परिजन। ● अमृत विचार

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवारों को रौंद दिया। बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। घायलों की चीख पुकार पर राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव लूंगीकला निवासी समीर पुत्र नासिर अपने दोस्त नौशाद पुत्र सत्तार के साथ के किसी काम से बाइक से नाखूनका जा रहे थे। मुरादाबाद हाई-वे पर उस्मानपुर गांव के निकट विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। घायलों को परिजनों ने उत्तराखंड के काशीपुर स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

सार-संक्षेप


शहीद दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता।

### शहीद दिवस को लेकर बनाई आयोजन की रूपरेखा

**बिलारी, अमृत विचार :** शहीद दिवस को लेकर विभिन्न संगठन के लोग तैयारी मं जुट गए हैं। 23 मार्च को देश भर में भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की याद मनाने के लिए शहीद दिवस का आयोजन किया जाता है। देश की जनता देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर करन वाले अपने इन वीर शहीदों को नमन करती है। नगर में भी कई सालों से शहीदी दिवस मनाने के लिए तरह- तरह के आयोजन किए जाते हैं। कई सामाजिक संगठनों के युवाओं ने एकजुट होकर बैठक की, जिसमे निर्णय लिया गया कि इस बार शहीद दिवस पर संगठित युवाओं द्वारा नगर से रैली निकाली जाएगी। नगर में भ्रमण के बाद अकरोली भगत सिंह पार्क पर जाकर समाप्त होगी, उसके उपरांत यह रैली चंदौसी के एक निजी बैंक्वेटहॉल में जाकर शहीद दिवस समारोह का स्वरूप धारण करेंगी, जहां पर भगत सिंह और देश को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में नोमान जमाल , कौशल क्रांतिकारी, प्रशान्त चौधरी, विशाल चौधरी, संजीव ठाकुर, विमल यादव, आदित्य पंडित, फरीद खत्री, बब्लू मसूदी , सुमित यादव, अंकित शर्मा इत्यादि युवा उपस्थित रहे।


ठाकुरद्वारा संत निरंकारी भवन में साध संगत का आनंद लेते श्रद्धालु।

### आस्थावान को ही बड़े पुण्य के बाद शरीर की प्राप्ति होती है

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को साधसंगत का आयोजन किया गया, जिसमें प्रचारक जोन उत्तराखंड के जसपुर के सेवादल क्षेत्रीय संचालक गुरुदयाल सिंह ने कहा कि भक्तों को प्रभु के गुणगान, प्यार, सहनशीलता और नम्रता में आनंद आता है। बताया, रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं कि मनुष्य का शरीर बड़े पुण्य से मिलता है। सद्गुरु ब्रह्म ज्ञान देकर अपने भक्तों को सेवा, सिमरन और सत्संग से जोड़ता है और भक्त अहम ब्रह्म अस्मि के भाव में जीवन जीता है। ये मानव जन्म ईश्वर की प्राप्ति के लिए मिला है। भक्त हमेशा मीठी भाषा बोलता है। सद्गुरु लोक-परलोक को राम नाम से सुखदाई बनाता है तथा मन को बंधनों से मुक्त करता है। उन्होंने कहा कि मन का सकारात्मक परिवर्तन होना और सद्गुरु के चरणों में लगाना आवश्यक है, जो प्रेम करते हैं वे ही प्रभु को पाते हैं। मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता ने सबको लगातार संगत करने के लिए प्रोत्साहित किया। मंच संचालन नरेश चंचल ने किया। संगत में शिक्षक राकेश कश्यप, मुकेश कुमार, डॉ नरेश कुमार, वेदप्रकाश शर्मा, डॉ दीपक कुमार, प्रेमप्रकाश सिंह, विवेक, हेमेन्द्र प्रताप सिंह, पूनम, वंदना चौहान, पूनम चौहान, माला, प्रीति, रितु गुप्ता, ईसम, सुनीता कश्यप, मिथलेश सक्सेना और लक्ष्मी आदि ने भाग लिया ।

### जयविंद्र बने महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी

**छजलैट, अमृत विचार :** चौधरी जयविन्द्र सिंह को विश्व हिन्दू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ का जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है। विश्व हिन्दू महासंघ के अध्यक्ष प्रवीण दूबे एवं प्रदेश महामंत्री मनोज प्रजापति एवं प्रदेश मंत्री मोहित कुमार की संस्तुति पर जयविन्द्र सिंह को जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है, जिससे उनके शुभचिंतकों को एवं परिजनों में हर्ष की लहर है।

# लोदीपुर धाम मेले की तैयारी पर किया विचार

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** लोदीपुर धाम के मेले को लेकर आयोजन समिति की बैठक रविवार को हुई, जिसमें मेले की तैयारी की बातें की गयीं। इस दौरान गुरु जंभेश्वर भगवान के नाम से यूनिवर्सिटी की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार भी प्रकट किया गया।

लोदीपुर धाम में स्वामी प्रणवानंद ने महासभा का आयोजन किया, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा गुरु जंभेश्वर के नाम से यूनिवर्सिटी की घोषणा का धन्यवाद दिया गया। लोदीपुर धाम में मेल को लेकर व्यवस्था पर विचार किया गया। दूर-दूर से आए समाज के व्यक्तियों ने अपने-अपने विचार रखे। समाज को एकत्रित करने और अच्छी दिशा देने के बारे में विचार विमर्श किए गए।

बैठक में अनिल कुमार विश्नोई, अनुज विश्नोई, अभय विश्नोई, धर्मवीर सिंह, जगदेव आनंद, नरेश आनंद सारणानंद, संजय, रविंद्र, श्रीओम सिंह, हरि ओम, ओम प्रकाश, राजीव, प्रदीप आदि मौजूद रहे।


बैठक में सम्मिलित विश्नोई समाज के लोग। ● अमृत विचार

### पेड़ों की कटाई से रोष

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के भूड़ टीवा मंदिर के सामने बाग में खड़े आम के पेड़ों की कटाई से विश्नोई समाज में रोष है। वहां पर काफी पुराना आम का बाग है। बाग आम के बौर से लदा हुआ है लेकिन, सुबह लोग उठे तो आम के हरे पेड़ों पर आरा चल रहा था।। विश्नोई युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रखर विश्नोई ने मुख्यमंत्री सहित मंडल स्तरीय अधिकारियों को कटान की जानकारी दी है। स्वामी चमनऋषि ने हरे पेड़ों के कटान पर नाराजगी जताई।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की घोषणा पर अनुष्ठान

**कांठ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जिला मुख्यालय के राजकीय विश्वविद्यालय का नाम भगवान गुरु जंभेश्वर के नाम पर रखने की घोषणा को लेकर धार्मिक अनुष्ठान किया गया। तहसील कांठ के महंत स्वामी चमन ऋषि के मुख्तियारपुर नवादा नहर स्थित आश्रम में हवन किया। अनुष्ठान में महंत स्वामी चमन ऋषि, अशोकानंद, राजूराम, विजयानंद, कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई, दिलावर सिंह विश्नोई, ओमराज सिंह विश्नोई, मास्टर सीपी सिंह विश्नोई, ओमकार सिंह विश्नोई, मास्टर धर्मपाल सिंह विश्नोई, मधुर कुमार विश्नोई आदि उपस्थित रहे। महमूदपुर गांव में विश्नोई समाज की बैठक में भगवान गुरु जम्भेश्वर के नाम पर विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा पर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान ओमकार भगत, रामौतार सिंह, राजकुमार सिंह, गोपाल, महावीर सिंह, ब्रज कुमार, मनोज कुमार, बीरबल, सुनील कुमार, अनुज कुमार, सूरज सिंह, यशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन राजवीर सिंह ने किया।

# भाजपा की बैठक में बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क पर जोर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक सेंट मार्क स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक नरेंद्र पाल सिंह आचार्य ने सेक्टर प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ कमेटी प्रभारी से कहा की प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक मतदान करवा कर अपने बूथ को जीतना है। पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी तथा पन्ना प्रमुख को मतदाताओं से संपर्क करके अधिक मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है।

कहा, लोकसभा क्षेत्र में मतदान 19 को होना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रत्याशी के लिए निष्ठा तथा मेहनत से कार्य करना है। शक्ति केंद्र संयोजक तथा प्रभारी को पन्ना प्रमुख सक्रिय करके अपने बूथ पर केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से संपर्क करना है। नगर मंडल में 18 सेक्टर प्रभारियों की सूची जारी कर दी गई है। प्रत्येक सेक्टर प्रभारी को अपने सेक्टर की बूथ समिति से संपर्क करके अधिक मतदान करवाना है। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ होने से ही चुनाव जीता जा सकता है। पन्ना प्रमुख तथा बूथ समिति की मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

बैठक में विधानसभा संयोजक जितेंद्र सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, जिला उपाध्यक्ष डॉ.ओमपाल सैनी, दिनेश कुमार प्रजापति, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, हेमेंद्र प्रताप, सिंह मुकेश चौधरी, शिवेंद्र गुप्ता, रूपेश रानी, गुड्डी चौहान, जाकिर हुसैन, गुलाम साबिर, जयवीर सिंह, दीपक वाल्मीकि, धर्मेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उदासीनता

## उत्तराखंड से ठाकुरद्वारा लाने में कोई पाबंदी नहीं, किसानों की रोक लगाने की मांग पर नहीं हुई कार्रवाई

# फैक्ट्रियों की राख बन रही है आंख की बीमारियों का गंभीर खतरा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के काशीपुर स्थित विभिन्न फैक्ट्रियों से निकलने वाली राख बड़ी समस्या बनी हुई है। अनगिनत राहगीर इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। अब तक सैकड़ों की संख्या में लोगों की आंखों की रोशनी पर असर पड़ा है। बावजूद इसके ठाकुरद्वारा प्रशासन ने जिम्मेदारों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

कारोबारी खुले आम ट्रैक्टर-ट्रालियों से सड़कों के किनारे भूमि पटान में मोटा मुनाफा कमा रहे हैं।

उधर, उत्तराखंड के काशीपुर क्षेत्र में राख डालने पर प्रतिबंध है। एक महीने पूर्व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर ठाकुरद्वारा क्षेत्र में उत्तराखंड की फैक्ट्रियों से निकलने वाली राख को क्षेत्र में प्रतिबंधित करने की मांग की थी। इस मामले में स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

सूत्रों की मानें तो काशीपुर व जसपुर की फैक्ट्रियों के ठेकेदार अलग-अलग क्षेत्र में मिट्टी के स्थान पर राख डाल कर भराव कर मुनाफा कमा रहे है, क्योंकि मिट्टी का भराव महंगा पड़ता है। राख सस्ते दामों में मिल जा रही है।

कहीं-कहीं तो राख के टीले बना दिए गए हैं। जो हवा चलने पर उड़कर लोगों के घरों में और आंखों में जा रहा है।

क्षेत्र के लोगों ने ठाकुरद्वारा में कालीराख का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करने और पूर्ण प्रतिबंध की मांग की है ।


ठाकुरद्वारा में सड़क किनारे पड़ी काली राख। ● अमृत विचार


"साइकिल एवं बाइक से चलने वालों की आंखों में राख घुस जाती है। क्षेत्र के सैकड़ों लोग फैक्ट्रियों में काम करने जाते हैं ।आते जाते रास्ते में राख आखों में गिर जाती है। इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए।

**-हेमेंद्र प्रताप सिंह,** पूर्व सभासद

"सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महीने में राख की वजह से 10 से 15 आंख के मरीज आते रहते हैं। काली राख से आंख में जख्म हो जाता है। चुभन से लगातार पानी निकलता है। समय पर उपचार नहीं मिलने से आंखों की रोशनी पर भी असर पड़ता है। कई रोगियों को गंभीर परिस्थिति के कारण चिकित्सालय नेत्र विभाग के लिए रेफर भी करना पड़ता है।

**-गिरीश चंद्र गुप्ता,** नेत्र परीक्षण अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र


"क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण उत्तराखंड की फैक्ट्री से ठाकुरद्वारा क्षेत्र में काली रख का कारोबार चरम पर है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर राख के कारोबारियों और ट्रैक्टर चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई लेकिन, प्रतिबंध नहीं लगाया गया।

**-प्रीतम सिंह,** संयुक्त किसान मोर्चा


"ट्रैक्टर-ट्राली में राख भरकर सड़कों पर डालने प्लाटों में भराव के दौरान चलने से रात उड़ती है। मेरी आंख में राख गिर जाने से मुझे उपचार कराना पड़ा। उसके बावजूद भी रोशनी बरकरार नहीं है । राख पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए।

**-चौधरी राजेंद्र सिंह,** तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन

# परंपरागत तरीके से निकालें जुलूस

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** होली को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए थाना परिसर में रंग कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में परंपरागत तरीके से रंग का जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल ने कहा कि परंपरागत तरीके से होली का त्योहार मनाया जाए। इसमें किसी तरह की कोई नई परंपरा नहीं होनी चाहिए। जिस रास्ते से पहले से रंग के जुलूस निकालते चले आ रहे हैं उन्हीं रास्तों से रंग के जुलूस निकाले जाएं। थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा रंग के जुलूस परंपरागत तरीके से निकालें और जो व्यक्ति रंगों से परहेज करते हैं उनके ऊपर रंग न डालें। जो लोग रंग से परहेज करते हैं, वह भी जुलूस से दूर रहें। इस अवसर पर इंस्पेक्टर क्राइम जयदेव सिंह यादव ,अनिल कुमार विश्नोई, सोनू, मनोज यादव, मुकेश शर्मा, संजीव यादव, बृजपाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।


थाना परिसर में रंग कमेटी के सदस्यों से चर्चा करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों ने सहसपुर बॉर्डर पर पहुंचकर देखी व्यवस्था

**कांठ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस अधिकारियों ने सहसपुर बॉर्डर पुलिस चौकी पर पहुंचकर व्यवस्थाएं जांची। वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए। रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता, एसपी आईपीएस ऋषभ रनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ योगेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ दोपहर सहसपुर बॉर्डर के पास गढ़ी चौकी पहुंचे। पुलिस चौकी पर सीसी कैमरे लगाए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि संदिग्ध वाहनों की लगातार चेकिंग की जाएगी। कोई भी प्रत्याशी या उसका समर्थक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चुनाव कमाल का...

- भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत 25 जनवरी,1950 को की गई थी। सुकुमार सेन को देश का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। अनुच्छेद-324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के रख-रखाव और स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव के संचालन की शक्तियां देता है।

**80** लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश में

**10.46** लाख कुल नए मतदाता उत्तर प्रदेश में

**01** लाख 75 हजार बूथ



**15** करोड़ 04 लाख 67 हजार 489 कुल मतदाता

**2.5** करोड़ कल लाभार्थी

## चुनावी तीर



चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉण्ड का जो डाटा सार्वजनिक किया गया है उससे साफ हो गया है कि मोदी चुनावी बॉण्ड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा रैकेट चला रहे हैं।

**राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद



इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है।

**रामगोपाल यादव,** प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव, सपा



राहुल गांधी एक ऐसे कप्तान हैं, जो नहीं जानते कि क्या करना है और कब करना है। जब उन्हें चुनाव की तैयारी करनी चाहिए, तब वह यात्रा पर निकल जाते हैं, और जब उन्हें यात्रा पर निकलना चाहिये, तब वह विदेश चले जाते हैं। फिर हार के बाद वह ईवीएम को लेकर शोर मचाएंगे।

**शिवराज सिंह चौहान,** पूर्व मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

# उन्नाव सीट पर साक्षी बन सकते हैं जीत की हैट्रिक लगाने वाले दूसरे भाजपा नेता

● मनोज त्रिपाठी कानपुर

**अमृत विचार:** उन्नाव लोकसभा सीट एक बार फिर जीत का हैट्रिक बनाने की राह पर है। इस बार यह मौका निवर्तमान भाजपा सांसद साक्षी महाराज के पास है। हालांकि उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह वर्ष 1991, 96 व 98 में लगातार तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकार्ड बना चुके हैं।

वर्ष 2008 में हुए परिसीमन के बाद इतिहास बदल गया। छह विधानसभा सीटों भगवंत नगर, शफीपुर, पुरवा, मोहन, बांगरमऊ और उन्नाव सदर को मिलाकर नए लोकसभा क्षेत्र उन्नाव के रूप में गठन किया गया था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां 23 लाख 34 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 12,39,723 तथा महिला मतदाता 10,94,371 है। विधानसभावार सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव सदर में 424285, इसके बाद पुरवा में 424228, भगवंत नगर में 420369, मोहान में 360927, बांगरमऊ में 360576 तथा सफीपुर में 353812 मतदाता हैं। जातीय आधार पर इस लोकसभा क्षेत्र मेंनौ लाख से अधिक पिछड़ी जाति तथा सात लाख से ज्यादा दलित मतदाता हैं। सवर्ण मतदाता लगभग साढ़े चार लाख और मुस्लिम मतदाता करीब दो लाख हैं।

उन्नाव लोकसभा सीट पर बिना कोई जोखिम उठाए भाजपा ने अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले साक्षी महाराज को तीसरी बार मैदान में उतारा है। क्षेत्र में आधे से ज्यादा मतदाता युवा हैं। लेकिन उनके सामने भाजपा से 69 वर्षीय सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज हैं तो इंडिया गठबंधन से सपा ने वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुनी जा चुकीं 65 साल की अन्नू टंडन को टिकट दिया है। बसपा से वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय चुनाव लड़ेंगे। वह भाजपा से भी टिकट मांग रहे थे। अन्नू टंडन वर्ष 2009, 2014 और 2019 में कांग्रेस से यहां चुनाव लड़ चुकी हैं। वह चौथी बार मैदान में हैं। पिछले दो बार से लगातार हार रही हैं। सिर्फ एक बार साल 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा के साक्षी महाराज के सामने वह जमानत भी नहीं बचा सकी थीं। अन्नू टंडन ने 2020 में कांग्रेस को छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था।

उधर, भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज तीसरी बार सांसद बने तो वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे। उन्नाव सीट से ऐसा करने वाले वह दूसरे नेता होंगे। उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह इस सीट से लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 के चुनाव में लगातार जीत हासिल की थी। सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने वर्ष 2014 में सपा के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना' को 310173 वोटों के अंतर से हराया था, जबकि 2019 में साक्षी महाराज ने अरुण शंकर शुक्ला के खिलाफ ही 400,956 वोटों से जीत हासिल की थी। साक्षी महाराज उन्नाव से पहले 1991 में मथुरा से, 1996 और 1998 में फर्रुखाबाद से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा 2000 से लेकर 2006 तक वह राज्यसभा के सदस्य रहे थे। उनके पास की डिग्री है। वह अनेक शैक्षणिक संस्थान और आश्रम चलाते हैं। 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने 400956 लाख वोटों से प्रदेश में चौथी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। साक्षी महाराज को कुल 703507 मत मिले थे, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 302551 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे।



### धर्म, साहित्य और आजादी के नायकों की धरती

गंगा के किनारे स्थित उन्नाव का इतिहास काफी प्राचीन है। रामायण और महाभारत में इस धरती का उल्लेख मिलता है। इसे साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की भूमि माना जाता है। यहां महर्षि वाल्मीकि, गया प्रसाद शुक्ला सनेही, पं. प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', सुमित्रा कुमारी चौहान, भगवती चरण वर्मा, प्रताप नारायण मिश्र और शिव मंगल सिंह 'सुमन' जैसे महान साहित्यकार हुए तो मौलाना हसरत मोहानी और शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे आजादी के दीवानों ने भी जन्म लिया और जिले को कर्म भूमि बनाया।

**चार चुनावों में किस दल को कितने वोट (प्रतिशत में)**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 51 | 36.4 | 8.9 | 1.1 |
| 2019 लोस | 57.4 | 24.7 | --- | 15.1 |
| 2017 विस | 43.5 | 19.0 | 24.9 | 6.4 |
| 2014 लोस | 43.2 | 17.4 | 16.7 | 16.4 |

**23** लाख से ज्यादा मतदाता इस बार, पिछली बार देश में चौथा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र था

**2014 का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 5,18,834 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ल | 2,08,661 |
| बसपा | ब्रजेश पाठक | 2,00,176 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,97,098 |

**2019 का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 7,03,507 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ला | 3,02,551 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,85,634 |

### हाईवे और एक्सप्रेस वे का जाल फिर भी पिछड़े जिले में

उन्नाव ज़िला मुख्यालय लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर और कानपुर से 18 किलोमीटर दूर है। यह शहर चर्म उत्पादों, मच्छरदानी, जरदोजी और रासायनिक उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन विकास की दृष्टि से पिछड़ा जिला है। कानपुर-लखनऊ हाईवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस रोड, गंगा एक्सप्रेस-वे, कानपुर-लखनऊ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बावजूद जिले के तमाम गांव अभी सड़क से नहीं जुड़े हैं। पानी में फ्लोराइड के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी नहीं हैं। हाईवे और एक्सप्रेस-वे के बाद भी ट्रामा सेंटर नहीं है। शुक्लागंज कानपुर से जुड़ा है, पर सीवर लाइन नहीं है।

**09** लाख से ज्यादा पिछड़ी जाति के मतदाता लिखते हैं प्रत्याशियों की जीत-हार की पटकथा

**1991** 96 व 98 में लगातार तीन बार जीत का रिकार्ड बना चुके हैं भाजपा के देवीबख्श सिंह, 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने दर्ज की थी चौथी सबसे बड़ी जीत




# अनुच्छेद 370 निरस्त के बाद घाटी में पहला लोस चुनाव

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर अपने विभाजन के बाद से पहले बड़े चुनावी मुकाबले का गवाह बनेगा। वर्ष 2019 के आम चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीट हैं, जिसमें से तीन से नेशनल कॉन्फ्रेंस, जबकि दो सीट से भाजपा के सांसद हैं। जून 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के पतन के बाद से जम्मू-कश्मीर केंद्र के शासन के अधीन है। जम्मू-कश्मीर में आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था।

5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत मई 2022 में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हुई थी। परिसीमन में 90 विधानसभा और पांच संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को संशोधित किया गया था। लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से पहले पांच चरण में जम्मू-कश्मीर में मतदान होगा। उधमपुर में 19 अप्रैल, जम्मू में 26 अप्रैल, अनंतनाग-राजौरी में सात मई, श्रीनगर में 13 मई और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा।

### यहां होगा कड़ा मुकाबला

**उधमपुर :** केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह यहां भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत की हैट्रिक बनाना चाहेंगे। पेशे से चिकित्सक सिंह ने 2019 में पूर्व महाराजा हरि सिंह के पोते और कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 3,53,272 मतों के भारी अंतर से हराकर उधमपुर लोकसभा सीट बरकरार रखी थी।

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला 2017 में हुए उपचुनाव में जीत हासिल कर इस सीट से सांसद बने थे, तब से वह यहां से सांसद हैं। इस सीट से पीडीपी सांसद तारिक हमीद कर्रा इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, जिसके बाद उपचुनाव हुआ था।

**अनंतनाग-राजौरी :** इस संसदीय क्षेत्र में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, शोपियां और कुलगाम जिलों व जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के अधिकांश हिस्से आते हैं। भाजपा जम्मू-कश्मीर में लोकसभा सीटों की अपनी संख्या में सुधार करना चाहती है, इसलिए इस सीट पर उसका खासा ध्यान है। परिसीमन आयोग ने इस सीट का बड़े पैमाने पर पुनर्निर्धारण किया है।

# कांग्रेस ईवीएम के नहीं बल्कि उनमें हो रहे हेरफेर के खिलाफ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नहीं बल्कि उनमें हेरफेर के खिलाफ है। पार्टी ने मतदान प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए वीवीपैट पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती की मांग की।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्पष्ट किया कि पार्टी मतपत्रों के फिर से इस्तेमाल की मांग नहीं कर रही है, बल्कि 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट' (वीवीपैट) पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती चाहती है ताकि मतदाताओं का विश्वास बहाल हो सके। रमेश ने कहा, 19 दिसंबर 2023 को आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के दौरान, सभी दलों ने यह कहा कि हम ईवीएम के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसमें हेरफेर के खिलाफ हैं। हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए नहीं कह रहे हैं, हम सिर्फ वीवीपैट की 100 प्रतिशत गिनती और मिलान का अनुरोध करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दल 100 प्रतिशत वीवीपैट की गिनती को लेकर अपनी बात रखने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांग रहे हैं, लेकिन आयोग उन्हें समय नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने निर्वाचन आयोग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, हम निर्वाचन आयोग के सामने अपने दावों के समर्थन में अपने दस्तावेज पेश करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। हम स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं। आयोग क्यों डर रहा है, और वह इस संबंध में हमसे मुलाकात भी नहीं कर रहा है।

# संभल में यादवों के सिर सजता था जीत का सेहरा

● भीष्म सिंह देवल, संभल

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा सीट यादव बिरादरी का मजबूत गढ़ माना जाता था कि यहां जीत दर्ज कराने वाली पार्टी कोई भी हो लेकिन विजेता उम्मीदवार यादव ही होता था। 1977 में सीट सृजन से 2009 में परिसीमन बदलने तक संभल सीट पर जीत दर्ज कराने वाले सभी उम्मीदवार यादव जाति के ही थे। मुलायम सिंह यादव, रामगोपाल यादव और डीपी यादव संभल से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2009 में नए परिसीमन के बाद यादव मतों की संख्या घटी तो बाजी पलट गई और मुलायम परिवार ने संभल से किनारा कर लिया। वहीं यहां जीत का सेहरा गैर यादवों के सिर सजने लगा।

संभल लोकसभा सीट 1977 में वजूद में आई। तब इस लोकसभा क्षेत्र में संभल, बहजोई, गंगेश्वरी के साथ ही उस समय जनपद बदायूं का हिस्सा रही गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीटें शामिल थीं। गुन्नौर व बिसौली में यादव मतदाताओं की संख्या 65 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती थी तो बहजोई में भी यादव मतों का बाहुल्य था। 1977 के चुनाव में संभल लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल की प्रत्याशी शांति देवी यादव ने जीत दर्ज कराई थी। 1980 के लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस इंदिरा के टिकट पर चुनाव लड़े बिजेंद्र पाल सिंह यादव संभल के सांसद चुने गये। 1984 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर एक बार फिर से शांति देवी यादव संभल की सांसद बनीं तो 1989 और 1991 में जनता दल के श्रीपाल सिंह यादव को संभल की जनता ने अपना सांसद चुना। डीपी यादव की निगाह संभल पर पड़ी तो धनारी में फार्म हाउस बनाकर वह संभल लोकसभा की राजनीति में सक्रिय हो गये। 1991 में डीपी यादव जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े तो हार गए, लेकिन 1996 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर संसद पहुंच गए। 1998 में मुलायम ने संभल से कभी न टूटने वाला रिश्ता जोड़ने का एलान करते हुए संभल सीट से चुनाव लड़ा रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की। 1999 में मुलायम ने संभल से दोबारा जीत दर्ज की तो 2004 में रामगोपाल यादव संभल से चुनाव लड़कर संसद पहुंचे।

### 2009 के बाद मुलायम परिवार ने संभल से मुंह मोड़ा

मुलायम सिंह यादव के संभल से नाता जोड़ने की वजह यह थी कि उस समय संभल सीट उनके लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट थी। यहां उनके लिए केवल जीत नहीं बल्कि भारी मतों से जीत दिलाने वाले समीकरण थे। 2009 में नये परिसीमन में पहला चुनाव हुआ तो उम्मीद यह थी कि रामगोपाल यादव चुनाव मैदान में उतरेंगे मगर उन्होंने संभल से किनारा कर लिया। तब से अब तक मुलायम परिवार का कोई सदस्य संभल सीट पर चुनाव लड़ने के लिए नहीं आया।

### नए स्वरूप के बाद सपा, बसपा और भाजपा के गैर यादव प्रत्याशी जीत

संभल लोकसभा सीट पर परिसीमन के बाद 2009 में हुए चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी के इकबाल महमूद दूसरे नंबर पर रहे थे। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सतपाल सैनी संभल से चुनाव लड़कर सांसद निर्वाचित हुए। 2019 में सपा, बसपा गठबंधन के हालात में चुनाव हुआ तो एक बार फिर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को जीत मिली।

### नये परिसीमन में घटी यादव मतों की संख्या तो पलट गई बाजी

2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संभल लोकसभा सीट का परिसीमन बदला तो यादव बाहुल्य गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीट संभल से हटाकर बदायूं लोकसभा सीट में जोड़ दी गईं। इसके साथ ही बहजोई व गंगेश्वरी विधानसभा सीट खत्म कर दी गईं। असमोली के नाम से नई विधानसभा सीट का सृजन हुआ तो संभल, असमोली व चंदौसी के साथ ही मुरादाबाद जनपद की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा सीटें संभल लोकसभा सीट का हिस्सा बन गईं। नये स्वरूप में संभल सीट यादव बाहुल्य नहीं रही तो बाजी पलट गई। नये परिसीमन में गैर यादव संभल सीट पर जीत दर्ज कराने लगे।




**1977** में सीट सृजन के बाद से 2009 में परिसीमन बदलने तक यादव उम्मीदवारों ने दर्ज कराई जीत

**1998** व 1999 में मुलायम सिंह यादव संभल से चुनाव लड़कर बने सांसद

**2004** में रामगोपाल यादव संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीते

**2009** में परिसीमन बदला तो यादव परिवार का संभल से हो गया मोह भंग

**मुरली मनोहर जोशी लोकदल से जीते, जनता पार्टी व भाजपा से हारे, भाजपा के बची सिंह रावत ने लगातार सर्वाधिक चार जीत हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया, कांग्रेस के हरीश रावत तीन बार जीते तो चार बार हारे**

# अल्मोड़ा से सियायत के शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में अल्मोड़ा का राजनीतिक इतिहास काफी रोचक रहा है। आजादी की लड़ाई लड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समेत देश की राजनीति में शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर नेताओं के भविष्य की नींव इसी लोकसभा सीट से पड़ी। 1952 के चुनावों के बाद हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद यह संसदीय सीट स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आई। जिसके बाद से यहां लगातार कांग्रेस और भाजपा के बीच ही टक्कर देखने को मिली है।

आजादी के बाद देश में पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनावों की बात करें तो इस उस समय अल्मोड़ा लोकसभा सीट दो भागों में बंटी हुई थी। पहली नार्थ ईस्ट और साउथ वेस्ट। पहले चुनावों में इन दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। नार्थ ईस्ट से देवी दत्त और साउथ वेस्ट से सीडी पांडे विजयी हुए। 1957 में कांग्रेस उम्मीदवार हरगोविंद पंत यहां से सांसद चुने गए। जबकि 1962 के चुनाव में कांग्रेस ने एक नए उम्मीदवार जंग बहादुर को यहां से मैदान में उतारा। यह चुनाव वह जीते और उन्होंने 1967 के चुनावों में भी दोबारा इस सीट पर जीत हासिल की।

1971 में कांग्रेस ने फिर से एक नए उम्मीदवार नरेंद्र सिंह को मैदान में उतारा और उन्होंने भी यहां बाजी मार ली। लंबे समय से अल्मोड़ा सीट पर राज कर रही कांग्रेस को 1977 के चुनावों में पहली बार यहां से हार का सामना करना पड़ा। जब लोकदल के चर्चित नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस के नरेंद्र सिंह को करीब 77,476 मतों से परास्त कर दिया। 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने युवा और उभरते नेता हरीश रावत को यहां से उम्मीदवार बनाया। हरीश रावत ने इस बार जनता पार्टी के मुरली मनोहर जोशी को करारी मात दी।1984 में हरीश रावत के सामने फिर से मुरली मनोहर जोशी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे। इस चुनाव में भी कांग्रेस के हरीश रावत ने उन्हें परास्त कर दिया। 1989 में हुए चुनाव में हरीश रावत ने जीत की हैट्रिक बनाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार काशी सिंह को हरा दिया। इस तरह हरीश रावत लगातार तीन बार सांसद रहे। लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए जीत का यह सिलसिला लगातार कायम नहीं रख सकी।

### 1991 के बाद भाजपा ने जमाया कब्जा, सिर्फ एक बार जीती कांग्रेस

वर्ष 1991 में भाजपा ने इस सीट पर जीवन शर्मा को मैदान में उतारा। जिन्होंने कांग्रेस के हरीश रावत के तिलिस्म को तोड़ते हुए इस सीट पर जीत हासिल की। इसके बाद भाजपा के बची सिंह रावत ने 1996, 1998 व 1999 के चुनाव लगातार जीतकर हैट्रिक बनाई। इन तीनों ही चुनाव में बची सिंह रावत ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को पटखनी दी। 2004 में बची सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत से हुआ। इस चुनाव में भी बची सिंह रावत को जीत मिली और उन्होंने सर्वाधिक चार बार जीतने का रिकॉर्ड बनाया। लगातार शिकस्त का सामना कर रही कांग्रेस ने वर्ष 2009 में प्रदीप टम्टा को मैदान में उतारा और उन्होंने जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा के अजय टम्टा को परास्त किया। 2014 में 16 वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में मुकाबला फिर से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा और भाजपा के अजय टम्टा के बीच हुआ। इसमें भाजपा के अजय टम्टा ने बाजी मार ली और पार्टी को जीत दिला दी। 2019 में भी भाजपा के अजय टम्टा ही इस सीट से सांसद चुने गए। अब 2024 के चुनाव में बीजेपी के अजय टम्टा और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा फिर आमने सामने हैं। इन चुनावों में अब कौन सी पार्टी इस ऐतिहासिक सीट पर कब्जा जमाएगी। यह तो भविष्य ही तय करेगा।




**अल्मोड़ा सीट पर कब कौन रहे सांसद**

| वर्ष | पार्टी | सांसद |
|---|---|---|
| 1957 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1960 | कांग्रेस | हरगोविंद पंत |
| 1962-67 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1971 | कांग्रेस | नरेंद्र सिंह |
| 1977 | लोक दल | मुरली मनोहर जोशी |
| 1980-84 व 89 | कांग्रेस | हरीश रावत |
| 1991 | भाजपा | जीवन शर्मा |
| 1996-98,99 व 2004 | भाजपा | बच्ची सिंह रावत |
| 2009 | कांग्रेस | प्रदीप टम्टा |
| 2014 व 19 | भाजपा | अजय टम्टा |

### लोकसभा में हैं 14 विधानसभाएं

अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चौदह विधानसभाएं धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, लोहाघाट, चंपावत, द्वाराहाट, सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर, अल्मोड़ा, जागेश्वर, कपकोट व बागेश्वर आती हैं। जिनमें से नौ सीटों पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं।

## सार-संक्षेप

### भाजपा की सूची पर आज लगेगी मुहर

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की सोमवार को नई दिल्ली में अहम बैठक होगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश की बची हुई 24 सीटों पर प्रत्याशियों को चयन को लेकर मंथन होगा। बाद में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम मुहर लगाएंगे। कोरग्रुप की बैठक में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री मौजूद रहेंगे। उप्र की बची हुई सीटों को लेकर मंथन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृह मंत्री अमित शाह के साथ केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी, जहां पीएम मोदी प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगाएंगे।

### भाजपा प्रत्याशी की चुनाव आयोग से शिकायत

**लखनऊ, अमृत विचार :** कन्नौज के भाजपा सांसद और लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा कथित रूप से वोट खरीदने का विडियो वायरल हुआ है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उक्त विडियो में वोट खरीदे जाने की बात स्वीकार किए जाने के संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होने रविवार को बताया कि उन्हे 30 सेकंड का एक वीडियो प्राप्त हुआ है, बातचीत में जब स्थानीय लोग उनके प्रति नाराजगी व्यक्त करते हैं तो सुब्रत पाठक कहते हैं कि उन्हें वोट मिले नहीं है, उनके द्वारा वोट खरीदा गया है। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि किसी भी प्रत्याशी द्वारा वोट खरीदा जाना गंभीर आपराधिक कृत्य है और वोट खरीदे जाने की बात को स्वीकार करना भी उतना ही गंभीर अपराध और आचार संहिता का खुला उल्लंघन है।

### समाजवादी पार्टी ने पदाधिकारी नामित किये

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की जिला कार्यकारिणी में रविवार को सुनील सिंह भदौरिया निवासी बक्शी का तालाब लखनऊ को जिला उपाध्यक्ष और डॉ. प्रमोद कुमार यादव निवासी बलिया को बलिया का जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है। वहीं, मुलायम यादव एडवोकेट निवासी प्रयागराज को युवजन सभा प्रयागराज (गंगापार) का जिलाध्यक्ष और प्रिन्स सिंह बागी निवासी झूंसी को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। इसी कड़ी में विनय प्रकाश अंचल निवासी बलिया को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष और हाजी मिर्ज़ा ज़फ़र हुसैन निवासी सआदतगंज लखनऊ को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि, संतोष कुमार यादव निवासी कानपुर नगर को पार्टी की युवजन सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

### योगी ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व रक्षामंत्री और गोवा के पूर्व रहे मनोहर परिकर की पुण्यतिथि पर भी उन्हें यादकर विनम्र श्रद्धांजलि दी है। योगी ने लिखा– भारतीय राजनीति में ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के पर्याय रहे, पद्म भूषण मनोहर परिकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपका सादगी एवं शुचितापूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है।

### 16 मनरेगा लोकपाल का बढ़ा कार्यकाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** 16 जिलों में तैनात मनरेगा लोकपालों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है जबकि छह के कार्यकाल पर विचार नहीं किया गया है। मनरेगा कार्यों में जांच, शिकायतों का निस्तारण व भ्रष्टाचार रोकने के लिए केंद्र से 24 जिलों में 22 लोकपाल रखे गए थे। इनका कार्यकाल खत्म होने पर 16 लोकपालों का एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। इनमें विजय कुमार प्रयागराज, धन्नजय कुमार राय बलिया, दिवाकर त्रिवेदी लखीमपुर खीरी, पवन कुमार लाल संतकबीर नगर, विनीता पांडेय मऊ, नवीन कुमार गोरखपुर, आनन्द उपमन्यु बलरामपुर, गंगा सिंह सेंगर जालौन, वीरेंद्र सिंह चंदेल हमीरपुर, राकेश कुमार श्रीवास्तव कुशीनगर, लक्ष्मी श्रीवास्तव बाराबंकी, अरविंद प्रताप सिंह सीतापुर, महेंद्र विक्रम सिंह सुलतानपुर, राज कुमार श्रीवास्तव अयोध्या, गीता देवी गाजीपुर व शिव पूजन सिंह चित्रकूट हैं। वहीं, अन्य ने गाइडलाइन के विपरीत रोकने का आरोप लगाया।

### पूर्व मंत्री के पौत्रों पर चाकू से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बगिया गांव में मामूली बात पर पूर्व मंत्री के दो पौत्रों को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। आनन-फानन में परिजन घायलों को सीएचसी ले गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने घायलों को राजकीय मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। एक की गंभीर हालत देख ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेजा गया। पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। बगियागांव निवासी पूर्व मंत्री रहे स्व. राम रतन यादव के दो पौत्र शुभम यादव (20) पुत्र राम भोर व इंद्रमणि यादव (28) पुत्र राम विशाल के ऊपर मामूली विवाद के चलते एक युवक ने चाकू से हमला बोल दिया। जब दोनों युवक लहूलुहान होकर गिर पड़े तो आरोपित युवक भाग निकला। चाकूबाजी की घटना से चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल युवकों को लेकर सीएचसी जयसिंहपुर गए।

### अरोग्य मेले में मिले दो कोविड मरीज

**अमृत विचार, अमृत विचार :** रविवार को संपन्न 140 वें आरोग्य मेलें में कोविड के दो मरीजों की पुष्टि हुई है। जबकि 1157 टेस्ट में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं 3045 रैपिड टेस्ट में दो मलेरिया के मरीजों की पहचान हुई है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि मेलें में कुल एक लाख 77 हजार 512 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया, इनमें से 1448 गंभीर मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया है।

### शैलेन्द्र दुबे तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

**लखनऊ, अमृत विचार :** अभियंता नेता शैलेंद्र दुबे ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर तीसरी बार निर्वाचित हुए। फेडरेशन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चेन्नई में हुई आम सभा में वह निर्वाचित हुए। तेलंगाना प्रान्त के पी रत्नाकर राव को सेक्रेटरी जनरल के पद पर निर्वाचित किया गया।

### भारती त्यागी कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अल्का लांबा ने भारती त्यागी को उप्र महिला कांग्रेस पश्चिम का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। लांबा ने आशा की है कि त्यागी पूरी ताकत के साथ पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

---

राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग के बाद से सपा विधायक अपने खेमे से हैं बाहर, भाजपा की सूची में मनोज पांडेय को टिकट का भरोसा

# सपा के सात बागी विधायकों को भाजपा में मौके का इंतजार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- कईयों को चुनाव बाद समायोजित होने की है उम्मीद

**अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने वाले सपा के सात बागी बागी विधायक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उनको न पार्टी पूछ रही है, न ही भाजपा से कोई काम सौंपा जा रहा है।

सपा के मुख्य सचेतक रहे डॉ. मनोज पांडेय को भरोसा है कि रायबरेली से भाजपा की अगली सूची में उनका नाम हो सकता है। जबकि अन्य विधायकों को भाजपा से आश्वासन मिला है कि प्रत्याशी को विजयी बनाने में पूरी ताकत लगाएं, चुनाव बाद उन्हें समायोजित किया जाएगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सपा से बगावत करने वाले मुख्य सचेतक रहे ऊंचाहार के विधायक डॉ. मनोज पांडेय, जलालपुर के विधायक राकेश पांडेय, गौरीगंज के राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज के अभय सिंह, कालपी विनोज चतुर्वेदी, चायल की पूजा पाल व बिसौली आशुतोष मौर्य की हालत त्रिशंकु जैसी हो गई है। अब लखनऊ में न सपा संगठन से ही कोई हाल-चाल ले रहा है, न इलाके में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को फूटी आंख सुहा रहे हैं। सिर्फ अपने चहेतों के बीच दिनचर्या बीत रही है।

भाजपा भी इनके साथ बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसा बर्ताव कर रही है। सपा से बगावत करने के पीछे रामलला के दर्शन से वंचित करने का तर्क भी कोई खास सहानुभूति नहीं दे रहा है, कारण कि इसका सारा श्रेय इलाके में भगवा फहराती भाजपा नेताओं की टोली ले रही है।

इसके पीछे खास वजह है कि बगावत करने वाले सभी विधायक अपने क्षेत्र में भाजपा के धुर विरोधियों में टॉप पर रहे हैं। रायबरेली में जन्मे मनोज पांडेय भी अखिलेश यादव के बेहद करीबी रहे हैं। वे 2012 के विधानसभा में पहली बार चुनाव जीते। इसके बाद सपा सरकार में मंत्री बनाया गया था। साल 2017, 2022 में भी चुनाव लड़ा और इसमें भी बड़े अंतर से उन्होंने जीत दर्ज की। अभय सिंह भी सपा के झंडाबरदार रहते अयोध्या में तमाम अवसरों और आंदोलनों में भाजपाईयों को ललकारने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। कमोवेश यही हाल बाकी विधायकों का भी रहा है। भाजपा के दबाव में आने के पीछे का गणित तो सपा प्रमुख अखिलेश ने बगावत के दिन ही सरकार के डर से भयभीत होने से जोड़ दिया था।

#### न निकाल रही सपा, न बागी दे रहे इस्तीफा

सपा से बगावत करने वाले सभी सातों विधायकों को सपा निकालकर उनकी विधायकी सुरक्षित नहीं रखना चाहती हैं। जबकि बागी विधायक भी इस्तीफा देकर विधायकी गंवाने से परहेज कर रहे हैं। मनोज पांडेय ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से नाराजगी दिखाते हुए सिर्फ मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिया। उनकी मंशा है कि भाजपा से रायबरेली का सांसद बनने के बाद ही विधानसभा सदस्यता से इस्ताफा देंगे। अभय सिंह को उम्मीद है कि गोरखपुर मठ में लगातार हाजिरी से मंत्री का दर्जा मिलने की साध पूरी हो जाए, तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें। ऐसे ही अन्य विधायकों को भी भाजपा से समायोजन का इतंजार है।

# आजमगढ़ में 30 पीजी व मेरठ में 100 एमबीबीएस की सीटें बढ़ेंगी

## मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटों के लिए मानक पूरे करने को बजट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार :** मेरठ के लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें और आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 30 सीटें बढ़ेंगी। कॉलेज प्रशासन की मांग को स्वीकृत देते हुए राज्य सरकार ने बिल्डिंग विस्तार एवं अन्य संसाधनों के लिए करोड़ों का बजट जारी कर दिया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें थीं। 2013 में सीटों की संख्या 150 कर दी गई। एमसीआई की टीम को 2019 में मेडिकल कॉलेज में मानक पूरे न नहीं मिले। इस पर 50 सीटें कम कर दी गईं थी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 100 एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए परीक्षा ब्लॉक परिसर के विस्तार की मांग शासन से की थी। कॉलेज प्रशासन की मांग को शासन ने स्वीकृति देकर 3 करोड़ से ज्यादा का बजट भी जारी कर दिया है। अब मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीटों की संख्या 200 हो जाएगी। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि बजट मिलने के बाद नवनिर्मित बिल्डिंग में छात्र-छात्राओं को बैठने की व्यवस्था के साथ मरीजों के लिए उपयोगी संसाधन जुटाए जायेंगे। मेरठ में कॉलेज प्रशासन का कहना है कि एमबीबीएस सीट बढ़ाने के लिए 2 करोड़ रुपये शासन से जारी किये जा चुके हैं। इसी प्रकार आजमगढ़ स्थित आमजगढ मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने के लिए पीजी की 30 सीटें बढ़ाई जायेंगी। इसके लिए भी शासन ने 36 करोड़ स्वीकृत कर दिये हैं।

#### प्रशिक्षण केन्द्र खुलेगा

बहराइच में नया एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र खुलेगा। इसमें एएनएम के लिए चयनित छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसके बाद उन्हें तैनाती मिलेगी। प्रशिक्षण केन्द्र के लिए स्वीकृत 13.16 करोड़ रुपये से पहली किस्त जारी हो चुकी है।

## लखीमपुर खीरी में खुलेगा सरकारी नर्सिंग कॉलेज

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहराइच व गोंडा के बाद लखीमपुरखीरी में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए शासन ने 10 करोड़ रुपये भी स्वीकृत कर दिये हैं। जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज और एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की योजना चला रही है। नर्सिंग कॉलेज राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर या दूसरी जगह भूमि की उपलब्धता पर अलग भी स्थापित किये जा रहें हैं। नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से स्थानीय स्तर पर छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अस्पतालों को प्रशिक्षित नर्सेस उपलब्ध होंगी। उक्त क्रम में ही स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में नर्सिंग कॉलेज शुरू करने के लिए 2 करोड़ रूपये की किस्त जारी कर दी गई है।

# खराब चरित्र के आधार पर सेनानी सम्मान से वंचित करना अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम, 2016 के तहत लाभ का दावा करने वाली याचिका पर विचार करते हुए कहा कि केवल खराब चरित्र होने का आरोप किसी व्यक्ति को उक्त सम्मान के लाभ का दावा करने से वंचित नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने मोहम्मद राशिद खान की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। याचिका में आयुक्त, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा और डीएम, हमीरपुर के आदेश को चुनौती दी गई थी।

कोर्ट ने आगे कहा कि अधिनियम की धारा 3 के तहत राजनीतिक आधार के अलावा हिरासत में लिए गए किसी भी व्यक्ति पर यह अधिनियम लागू नहीं होता है। यह आंतरिक सुरक्षा रख रखाव अधिनियम, 1971 (मिसा) के तहत हिरासत में लिए गए लोगों पर ही लागू होगा। उक्त अधिनियम के तहत याची का दावा इस आधार पर खारिज किया गया कि वह राजनीतिक बंदी नहीं था बल्कि खराब चरित्र के लिए आंतरिक सुरक्षा रखरखाव अधिनियम 1971 के तहत हिरासत में लिया गया था। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि प्रतिवादी याची के दावे को खारिज करने को उचित ठहराने के लिए कोई भी सामग्री प्रस्तुत नहीं कर सका है। क्योंकि यह किसी साक्ष्य द्वारा सिद्ध नहीं होता है कि याची को किसी अन्य आपराधिक आरोप में हिरासत में लिया गया था, कोर्ट ने माना कि याची को आपातकाल (1975-1977) के दौरान विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के कारण एक राजनीतिक बंदी बनाया गया था। अतः कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए याची को उक्त सम्मान के लाभों से वंचित करने का आधार रद्द कर दिया।

## 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन से होगी सूखे की मॉनीटरिंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** सूखे की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में ज्यादा प्रभावित रहने वाली 100 तहसीलों में इसकी स्थापना के लिए चुनाव की घोषणा से पहले शासन से 10 करोड़ की धनराशि जारी करते हुए अपर जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में हर साल सूखे के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए पहले चरण में विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की समस्त तहसीलों में टीडब्ल्यूएस को स्थापित किया जाएगा। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पहले चरण में भी हर साल सूखे से ज्यादा प्रभावित होने वाले बुंदेलखंड के 7 जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) की सभी तहसीलों में प्राथमिकता के आधार पर वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

# योगी से मिलीं मुलायम की बहू अपर्णा यादव



सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू और बीजेपी नेता अपर्णा यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात करते हुए। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की बहू और भाजपा नेता अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को मुलाकात की। माना जा रहा है कि मुलायम सिंह अपर्णा यादव किसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है।

अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री सीएम योगी से मुलाकात की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी शेयर की है। इससे पहले अपर्णा यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से मुलाकात की थी। हालांकि अपर्णा यादव पहले ही साफ कर चुकी हैं कि वह अपने परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ेंगी। विधानसभा चुनाव से पहले अपर्णा यादव भाजपा में शामिल हुई थीं। माना जा रहा था कि वह लखनऊ सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि उन्हें टिकट नहीं मिला। राज्यसभा और एमएलसी चुनाव के लिए भी अपर्णा का नाम आया था, अब लोस चुनाव के लिए अपर्णा यादव का नाम चर्चा में है।

#### भाजपाः कुछ सांसदों के कट सकते हैं टिकट

प्रदेश में भाजपा की दूसरी सूची में 24 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का एलान होना है। इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। माना जा रहा है कि मौजूदा कुछ सांसदों के टिकट पर खतरा मंडरा रहा है। भाजपा मिशन-80 के लिए जमीनी स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है।

## वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3. 1. बधाई, मुबारक कहने की क्रिया 2. शुभकामना, बधाई गीत।
4. 1. पत्नी, शादीशुदा स्त्री, जोरू 2. वह स्त्री जिसने बच्चे को जन्म दिया हो।
5. 1. फेंका हुआ 2. नष्ट किया हुआ, विनष्ट 3. जो मार डाला गया हो 4. जड़ा हुआ, संलग्न।
7. हृदय, जीव, मन, जी।
9. गोताख़ोर, समुद्र तल पर पड़ी हुई वस्तु निकालने वाला व्यक्ति।
10. अंग्रेज़ी टोपी, टोप।

**ऊपर से नीचे**

1. एक संदूकनुमा विलायती बाजा जो भारतीय संगीत के क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय है।
2. गूमट, गुमड़ा, माथे या सिर पर चोट लगने से उभर आने वाली गोल सूजन, गुलमा।
3. 1. उपलब्ध, मौजूद 2. तैयार, प्रस्तुत।
4. 1. जीवन का सहारा, प्राणाधार 2. प्रेयसी।
6. 1. गरमी, ताप 2. हलका बुख़ार।
8. संख्या '86' का सूचक।



### वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | जा | वा | ■ | ■ | 2 गँ | ■ |
| ला | ■ | ■ | 3 वै | ■ | द | ■ |
| कं | ■ | 4 अ | ध | 5 ज | ला | ■ |
| 6 द | शा | व | ता | र | ■ | 7 खं |
| ■ | ■ | गा | ■ | 8 क | रं | ड |
| 9 अ | गू | ढ़ | ■ | टी | ■ | सा |
| ल | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | री |

## सुडोकू -92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | | | 3 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | 7 | | 8 | | | 4 | | |
| 5 | | | 3 | | | 8 | 9 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| | | | | | | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |

### सुडोकू -91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 22.49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वसंत।
चन्द्रबल–मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–आर्द्रा 18.10 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने का विचार मन में आ सकता है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सोसाइटी में रहते हैं तो किसी आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा मन उत्साह से भरा हुआ रहेगा। व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

**वृष** – आज प्रेम संबंधों में ऊंच-नीच का भाव उत्पन्न होगा। कुछ बातों को लेकर निराशा का भाव उत्पन्न होगा तो कुछ बातों को लेकर मन प्रसन्न भी रहेगा। ऐसे में अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें। ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है।

**मिथुन** – आज स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। समय का प्रबंधन काम आएगा तथा अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। मन पहले की अपेक्षा खुश होगा तथा कुछ नया करने का विचार मन में आ सकता है।

**कर्क** – आज लंबे समय से किसी कार्य को करने की योजना बना रहे थे तो वह पूर्ण हो जाएगा। सिंगल लोगों को सोशल मीडिया पर किसी के प्रति आकर्षण का भाव आएगा। पुराने मित्रों के साथ गेट-टुगेदर कर सकते हैं।

**सिंह** – आज मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे, जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें और मन लगाकर काम करें।

**कन्या** – आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिन का समय तो सामान्य रहेगा, लेकिन शाम होते-होते कुछ ऐसा घटित हो सकता है जिससे मन में बेचैनी का भाव उत्पन्न होगा। संतान को लेकर भी चिंता रह सकती है।

**तुला** – आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जो आपका करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कारोबार में बड़ी साझेदारी के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** – आज नौकरी करते हैं तो कार्यक्षेत्र में सम्मान के भागीदार बनेंगे। आपके काम की प्रशंसा की जाएगी तथा प्रमोशन से जुड़ी बात आगे बढ़ेगी। भाई या बहन का साथ मिलेगा जो मन को आनंदित करेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**धनु** – आज परिवार में किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद सामने आएगा। ऐसे में अपनी बातों को तार्किक तरीके से रखेंगे तो स्थिति बेहतर रहेगी। सभी के साथ मेलजोल बनाकर रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर** – आज आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। सरकारी अधिकारियों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक कार्यों को करने में मन लगेगा तथा समाज में भी आपकी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**कुंभ** – आज आपके मन में व्यापार को लेकर नए-नए आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। अस्थमा के रोगियों को विशेष रूप से अपना ध्यान रखने की आवश्यकता है। संतान की जॉब संबंधी परेशानी का समाधान होगा।

**मीन** – आज किराना व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलने का प्रबल योग हैं। यदि आपने पैसों को शेयर बाजार में निवेश किया हुआ है तो वहां से उचित लाभ भी मिलेगा। पेट में मरोड़ और दर्द की शिकायत हो सकती है। कहीं की यात्रा कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
क्यों की – सुबह : 11.00
सरफरोश – रात : 07.00

**Sony Pix**
एनाबेल – सुबह : 10.46
ज़ॉम्बीलैंड – रात : 09.00

**Sony Max**
पागलपंती – सुबह : 10.43
वाटला हाउस – रात : 07.00

**Zee Cinema**
सड़क – सुबह : 10.30
फटा पोस्टर निकला हीरो – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
कभी खुशी कभी गम – दोपहर : 12.51
भोला शंकर – रात : 07.57

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से–कैसे हो?
पति – ठीक हूं
पत्नी– जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति – तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी– मैं भी 'रॉयल स्टेज' काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)– आप काम क्या करते हैं?
दामाद– जी मैं पायलट हूं।
सास– अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद– अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

# कांग्रेस का एजेंडा गठबंधन सहयोगियों का इस्तेमाल करो और फेंक दो : मोदी

## प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले की चुनावी सभा में विपक्षी दल पर किया हमला

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर देश की प्रगति के लिए काम कर रहा है तथा चुनाव के बाद तीसरे कार्यकाल के दौरान देश कई और बड़े फैसले लेगा। मोदी ने पलनाडु जिले के बोप्पुडी गांव में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत', 'विकसित आंध्र प्रदेश' बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकाला गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा।


आंध्र प्रदेश में बैठक के दौरान टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का एजेंडा अपने गठबंधन सहयोगियों का 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' है। मोदी ने कहा-कल लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की गई। पूरा देश कहता है कि चार जून (मतगणना के दिन) को (राजग की कुल सीटें) 400 पार हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र प्रदेश' का निर्माण है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में 'डबल इंजन' वाली राजग सरकार राज्य का त्वरित विकास सुनिश्चित करेगी। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में राजग नीत सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा-एनडीए की ताकत बढ़ रही है, चंद्रबाबू नायडू और पवन दोनों कल्याण लंबे समय से यहां के लोगों के अधिकारों का समर्थन कर रहे हैं। हमारी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात आपके लिए काम कर रहे हैं।

### नई सरकार के पहले सौ दिनों की बनाएं रूपरेखा : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने आज सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की।

शुरू हो गई लोकसभा चुनाव की तैयारी...


लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रविवार को भोपाल में सेना और पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। ● एजेंसी

## एक नजर

### तरनतारन में ड्रोन से गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद

**जालंधर।** पंजाब के ज़िला तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है और इस खेप को लेने के लिए आए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफके सैनिकों ने सफलतापूर्वक एक पैकेट बरामद किया जिसमें 610 ग्राम हेरोइन थी।

### मणिपुर में हथियार जमा कराने का निर्देश

**इंफाल।** निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद मणिपुर में जिलाधिकारियों ने एक आदेश जारी कर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को नजदीकी पुलिस थानों में अपने हथियार जमा कराने का आदेश दिया है ताकि चुनावों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। थौबल के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि थौबल जिले के सभी लाइसेंस धारक 18वें आम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने लाइसेंसी हथियार तथा कारतूस 23 मार्च से पहले नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराएं।

## छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विदेशी छात्रों से मारपीट

अहमदाबाद (गुजरात),एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय में लोगों के एक समूह ने किया हमला
- श्रीलंका व ताजिकिस्तान का एक एक छात्र अस्पताल में भर्ती

अहमदाबाद में लोगों के एक समूह ने गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास की इमारत में नमाज अदा करने पर विभिन्न देशों के छात्रों से कथित तौर पर मारपीट की, जिनमें से दो को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को हुई इस घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के एक-एक छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, घटना शनिवार रात ए-ब्लॉक हॉस्टल में हुई और कथित हमलावरों में से एक की पहचान अभी हो पाई है।

पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने बताया कि 20 से 25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और घटना की जांच के लिए सुरक्षाकर्मियों के नौ दल गठित किए गए हैं। मलिक ने कहा कि गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें मामले में सख्त व न्यायिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मलिक ने बताया कि घटना की सूचना शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मिली जब करीब 20-25 लोग गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में घुस गए और उन्होंने अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान तथा अन्य देशों के छात्रों के छात्रावास में नमाज अदा करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि गुजरात विश्वविद्यालय में अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, श्रीलंका और अफ्रीकी देशों के छात्रों समेत करीब 300 अंतर्राष्ट्रीय छात्र पंजीकृत हैं। करीब 75 अंतर्राष्ट्रीय छात्र विश्वविद्यालय के ए-ब्लॉक छात्रावास में रहते हैं जहां यह घटना हुई। मलिक ने बताया-करीब 20-25 लोग छात्रावास के परिसर में घुसे और उन्होंने नमाज पढ़ने पर आपत्ति जताते हुए उनसे मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए कहा। उनकी इस मुद्दे पर बहस हुई और उन्होंने उनसे मारपीट की तथा पथराव किया।

### छात्रों के साथ हुई झड़प मामले में दो गिरफ्तार

गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात यूनिवर्सिटी के छात्रावास में नमाज पढ़ने पर विदेशी छात्रों के साथ कथित तौर पर हुई मारपीट मामले में क्राइम ब्रांच अहमदाबाद ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में अहमदाबाद निवासी हितेशभाई रा. मेवाडा और भरतभाई दा. पटेल को गिरफ्तार भी किया गया है।

## न्यायालय से सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

- केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

केरल सरकार ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की है और दलील दी कि ये नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं।

केंद्र ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद गत 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। केरल सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार देते हुए कहा कि धर्म और देश के आधार पर वर्गीकरण भेदभावपूर्ण, मनमाना, अतार्किक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

## संदेशखालि में शाहजहां के अवैध कब्जे वाली भूमि के उपयोग पर राय देने को समिति गठित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि में शाहजहां द्वारा कथित तौर पर ग्रामीणों की अवैध रूप से कब्जाई गई और मछली फार्म में तब्दील कर दी गई जमीनों का अध्ययन करने और उनके उपयोग के तरीके सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विषय के विशेषज्ञों ने बताया है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर छीनी गई और अब मूल मालिकों को लौटाई गई कृषि भूमि की ऊपरी मिट्टी मछली पालन के लिए खारे पानी की निकासी के कारण अनुपयुक्त हो गई है।

### राजस्थान के बूंदी में नहर में डूबने से दो लड़कों की मौत

**कोटा।** राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार को दो लड़कों की एक नहर में डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य को बचा लिया गया। पुलिस के मुताबिक यह घटना केशोरायपाटन पुलिस थाना क्षेत्र के सेन्था गांव में सुबह चार लड़के नहर के किनारे सेल्फी ले रहे थे और उनमें से एक लड़का आदित्य (14) नहर में फिसल गया। पुलिस ने बताया कि अपने दोस्त को डूबते और गहरे पानी में बहता देख तीनों दोस्त भी उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़े लेकिन वे भी डूबने लगे। उनकी चीखें सुनकर एक राहगीर वहां पहुंचा और उनमें से दो को बचा लिया गया जिनकी पहचान यथार्थ (14) और सिद्धांत (13) के रूप में हुई। जबकि आदित्य (14) और पीयूष (16) गहरे पानी में बह गए।

## भाजपा में संविधान को बदलने का साहस नहीं

मुंबई, एजेंसी

न्याय संकल्प पदयात्रा

- राहुल गांधी बोले-सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ''शोर बहुत मचाती'' है लेकिन उसमें संविधान को ''बदलने'' का साहस नहीं है। राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है।

भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। इसके बाद भाजपा ने हेगड़े की टिप्पणियों से पैदा हुए विवाद को शांत करने की कवायद में इसे उनका ''निजी विचार'' बताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक 'न्याय संकल्प पदयात्रा' करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति मैदान में ही ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष के दौरान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा-भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो ''अभिव्यक्तियों'' के बीच है।

### पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव से साबित होता है निर्वाचन आयोग सरकार का हिस्सा: कपिल सिब्बल



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने से यह बात साबित होती है कि निर्वाचन आयोग "सरकार का एक अंग" है। सिब्बल ने हाल ही में दो निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी उस समिति का सदस्य होना चाहिए जो नियुक्तियों के नामों की सिफारिश करती है। उन्होंने बताया, "जहां तक सात चरणों (देश में लोकसभा चुनाव) का सवाल है, इसकी उम्मीद थी।" सिब्बल ने आरोप लगाया, "वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों निर्वाचन आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### अडाणी समूह 2024-25 में 14 अरब डॉलर निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने कहा कि समूह ने अगले 7-10 वर्षों में कारोबार बढ़ाने के लिए अपने निवेश पूर्वानुमान को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है। विश्लेषकों के अनुसार 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय लगभग 10 अरब डॉलर का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

### केरोसिन की खपत 26 प्रतिशत घट गई

**नई दिल्ली।** देश में केरोसिन या मिट्टी के तेल की खपत में 2013-14 और 2022-23 के बीच साल-दर-साल आधार पर 26 की भारी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण सरकार की स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की नीतियां हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2024' में कहा गया है, ''हाल के समय की ऊर्जा नीतियों का प्रभाव देश में ईंधन के रूप में केरोसिन की खपत पर स्पष्ट दिखता है।'' आंकड़ों से पता चलता है कि केरोसिन की खपत में 2013-14 से 2022-23 तक सालाना आधार (सीएजीआर) पर 25.78 प्रतिशत की की गिरावट आई है। इसमें लगातार गिरावट देखने को मिली है।

## आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा पेट्रोल

### उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक भाजपा शासित मध्य प्रदेश और बिहार भी पीछे नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इससे पहले करीब दो साल से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ऊंचे मूल्य वर्धित कर की वजह से कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं हैं-भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, पटना में 105.16 रुपये (जेडी-यू के साथ गठबंधन में बीजेपी), जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है। ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है।

### अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता




डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है। ओडिशा और झारखंड में भी डीजल का दाम इतना ही है। अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता है जहां यह लगभग 78 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। महानगरों में दिल्ली में वैट सबसे कम है। दिल्ली में डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है, जबकि गोवा में इसकी कीमत 87.76 रुपये प्रति लीटर है। ईंधन कीमतों में कटौती पर गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों विपणन कंपनियों का शुद्ध विपणन मार्जिन 1.7-2.7 रुपये प्रति लीटर से घटकर 80-90 पैसे प्रति लीटर रह जाएगा।

### अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान स्मार्टफोन के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दो प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही भारत, अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर वियतनाम हैं।

## खाताधारकों के हितों की रक्षा करें बैंक : विवेक जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीएफएस सचिव ने कहा शिकायतों के चलते दिए निर्देश



सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि ऐसे में बैंकों को इस मामले पर संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा, ''बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है।'' ऐसे उदाहरण हैं, जहां दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गईं। आमतौर पर, बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पादों को बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी कहते हैं कि उनपर ऊपर से दबाव है। जब ग्राहक किसी प्रकार का ऋण लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है।

### स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश की इच्छुक

**नई दिल्ली।** चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण करने का है। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि चॉकलेट निर्माता बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी विनिर्माण इकाई चालू करने के लिए तैयार है।

## बारिश से फसल नुकसान की बीमा कंपनियों ने नहीं दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 दिन के अंदर देनी थी रिपोर्ट मांगे और 10 दिन

**अमृत विचार:** पिछले सप्ताह बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की रिपोर्ट बीमा कंपनियों ने नहीं दी है। कंपनियों ने सर्वे तो किया लेकिन, नुकसान का आकलन और क्षतिपूर्ति तय नहीं की है। कृषि विभाग सख्त हुआ तो 10 दिन का समय मांगा है।

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से रबी की खड़ी व कटी फसलों को नुकसान हुआ था। अधिकांश क्षेत्रों में फसलें जलमग्न होने के साथ तेज हवा से खेतों पर बिछ गई थीं। इस दौरान आठ हजार से ज्यादा किसानों ने क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। इस पर गंभीरता दिखाते हुए कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों से 10 दिन में सर्वे कर नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मांगी थी। जो कंपनियों ने नहीं दी है। आशंका है कि क्षतिपूर्ति से बचने के लिए दावे ज्यादातर निरस्त किए हैं। क्योंकि व्यक्तिगत दावा में एक माह के अंदर जितना नुकसान उतना क्लेम देय होता है। वहीं उपनिदेशक उमा शंकर सिंह ने बताया कि कंपनियों के अनुरोध पर रिपोर्ट देने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए साप्ताहिक आंकड़े से यह खुलासा हुआ है।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.23 लाख करोड़ रुपये घट गया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिलायंस व एलआईसी को उठाना पड़ा सबसे ज्यादा नुकसान



सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उठाना पड़ा।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,475.96 अंक या 1.99 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 81,763.35 करोड़ रुपये घटकर 19,19,595.15 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 63,629.48 करोड़ रुपये घटकर 5,84,967.41 करोड़ रुपये और एसबीआई का 50,111.7 करोड़ घटकर 6,53,281.59 करोड़ रुपये रह गया है।

## पापा का सपना बना अराइजीत की प्रेरणा

नई दिल्ली, एजेंसी



दादा ने हॉकी खेली, पिता और उनके तीनों भाइयों ने भी हॉकी खेली, लेकिन कोई भारतीय टीम में जगह नहीं बना सका और अब इस खानदान में हॉकी खेलने वाले अकेले खिलाड़ी अराइजीत सिंह हुंदल ओलंपिक के लिए, राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर अधूरा सपना पूरा करना चाहते हैं।

अराइजीत ने कहा कि अगर मैं ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर त्योहार जैसा माहौल होगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी। मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और अपनी ओर से जान लड़ा दूंगा। ओलंपिक तैयारियों के सिलसिले में आस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर हुंदल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीनियर टीम में पदार्पण किया। हुंदल ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक समेत भारत के लिए सर्वाधिक चार गोल किये थे। उन्होंने कहा कि पूरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं।

### नीदरलैंड के पोल को भारत ने किया गोलकीपिंग कोच नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल को फिर से सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है। वान डी पोल इससे पहले भी भारतीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। वह पहली बार 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे। भारतीय टीम अभी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ काम करेंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की देखरेख में 10 दिवसीय विशेष गोलकीपिंग शिविर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम के रवाना होने से एक सप्ताह पहले 26 मार्च को समाप्त होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण चरण है।

## अश्विन ने चुनौतियों को प्रगति पर अंकुश नहीं लगाने दिया: कुंबले

चेन्नई, एजेंसी



रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतर्राष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आई, लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट हैं और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं थे। कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं। उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए, एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है। इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है। कुंबले ने कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं। कुंबले ने कहा कि जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब हमने एक साल तक एक साथ काम किया था। वह पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरते है। जिन खिलाड़ियों के खिलाफ उनका मुकाबला था उनके बारे में वह पूरी जानकारी रखते थे।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अश्विन ने देश में स्पिन गेंदबाजी का स्वरूप बदल दिया। मैं उस विरासत के बारे में सोच रहा हूं जो अश्विन जैसा खिलाड़ी खत्म होने के बाद छोड़ेगा। अभी उसे अपने करियर में लंबा सफर तय करना है। द्रविड़ ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी के बारे में सोचते ही, उन्होंने स्पिन गेंदबाजी के बारे में हमारी समझ और ज्ञान को आगे बढ़ाया है, जो एक महान विरासत है। उन्होंने स्पिन गेंदबाजी की कला और विज्ञान को बहुत बेहतर बनाया है।

### रविचंद्रन अश्विन बहुत ही शानदार क्रिकेटर हैं: गावस्कर



**चेन्नई।** सुनील गावस्कर और के श्रीकांत ने रविचंद्रन अश्विन को बहुत शानदार क्रिकेटर करार करते हुए कहा कि अपने आत्मविश्वास और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के समर्थन की बदौलत यह गेंदबाज सफलता हासिल करने में सफल रहा। श्रीकांत ने कहा कि अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट लिए हैं तो इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार है और वो एन श्रीनिवासन है। उन्होंने कहा कि यह अश्विन के लिए शानदार उपलब्धि है। उनकी सफलता का मुख्य कारण उनका खुद पर भरोसा है। गावस्कर ने कहा कि मैं अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट लेने की उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेंगे लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं। अश्विन ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ की। वह 2015 तक इसी फ्रैंचाइजी के साथ रहे और दो खिताब जीते। सीएसके का मालिकाना हक इंडिया सीमेंट्स का है और श्रीनिवासन कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं।

## खेल डायरी

### अमेलिया-सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरू के मैच नहीं खेलेंगी



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा भारत में चल रहे डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी। वहीं सोफी डिवाइन आरसीबी के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उनको उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

### ओलंपिक के चयन ट्रायल में दीपिका शीर्ष पर

**सोनीपत, एजेंसी।** दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को आगामी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल खेल से बाहर रहीं। दीपिका ने भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। भारत को ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में कोटा हासिल करना बाकी है। वहीं अंताल्या में 18-23 जून तक होने वाला विश्व कप का तीसरा चरण अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे।

### दीक्षा ने गोल्फ क्लासिक के कट में बनाई जगह

**लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), एजेंसी।** भारत की दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में छह बर्डी और इतनी ही संख्या में बोगी लगाकर इवन पार 71 का कार्ड खेला, जिससे वह आईओए गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने एप्सन टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन ओवर पर है। टूर्नामेंट में कट भी तीन ओवर पर गया। लेडीज यूरोपियन टूर की दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में जगह बनाकर यहां पहुंची दीक्षा अगले सप्ताह भी एप्सन टूर में भाग लेगी। इसके बाद वह लेडीज यूरोपियन टूर में लौट जाएगी। गोल्फ क्लासिक में दूसरे दौर के बाद लिंडसे मैक्कर्डी एक शॉट से आगे थीं। लिंडसे ने 65 का कार्ड खेला, जबकि डेवी वेबर (66) दूसरे और चीनी ताइपे की विवियन होउ (63) तीसरे स्थान पर हैं।

### सिन्नर को हराकर अल्कराज इंडियन वेल्स के फाइनल में



**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी।** कार्लोस अल्कराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिन्नर के 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई तथा बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिन्नर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है, जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है। फाइनल में अल्कराज का मुकाबला रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने भी दूसरे सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके टॉमी पॉल को 1-6, 7-6, 6-2 से पराजित किया। अल्कराज के खिलाफ सिन्नर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश से खेल रोकना पड़ा। तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया। इस बीच महिला युगल के फाइनल में ताइवान की सीह सु-वेई और बेल्जियम की एलीस मर्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और चेक गणराज्य की कटेरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

# आईपीएल के लिए लौटे विराट आरसीबी से जुड़ने की तैयारी

## कोहली ने बेटे के जन्म के लिए भारत और इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला से हटने का किया था फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने के लिए तैयार हैं।

कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया ताकि ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ वह रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया कि विराट कोहली लौट आए हैं। रेड किंग भारत में 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसमें लिखा था, किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइये क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें। कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है। आरसीबी अभी तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। कोहली ने पिछले आईपीएल सत्र में 639 रन बनाए थे।



### आईपीएल से पहले केकेआर से जुड़े श्रेयस अय्यर



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल सत्र से पहले टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर के टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। यह बल्लेबाज पीठ के ऑपरेशन से पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाया था। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, लेकिन पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन इसके बाद उनकी पीठ में दर्द होने लगा था। उन्हें बाकी बचे तीन मैच के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था। अय्यर मुंबई से रणजी के क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए थे लेकिन सेमीफाइनल और फाइनल में वह टीम का हिस्सा थे। विदर्भ के खिलाफ फाइनल में वह पीठ दर्द से परेशान रहे। इस कारण वह मैच के अंतिम दो दिन मैदान पर नहीं उतरे।

### चोटिल मदुशंका के शुरुआती सत्र में खेलने की संभावना कम



**ढाका।** श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ चल रही वन डे सीरीज में चोटिल होने के बाद बाहर हो गए और उनके आईपीएल के शुरुआत सत्र में खेलने की संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बाए पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका टीम के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा कि हमें उनकी चोट के बारे में रविवार सुबह रिपोर्ट मिली है। यह नई चोट है। हमें नहीं पता कि इससे उबरने में उन्हें कितना समय लगेगा। वह चिकित्सक दल की निगरानी में उच्च प्रदर्शन सेंटर में रिहैब करेंगे। वह वन डे से तो बाहर हो गए हैं।

## डब्ल्यूपीएल का नया चैंपियन बना बेंगलुरु

नई दिल्ली, एजेंसी



श्रेयंका पाटिल, सोफी मोलिन्यू और सोभना आशा की घातक गेंदबाजी के बाद एलिस पेरी के नाबाद 35 और सोफी डिवाइन के 32 रन की पारी के दम पर आरसीबी ने रविवार को खेले गए डब्ल्यूपीएल के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा किया।

114 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी पहले विकेट के लिए 49 रन जोड़े। पहले विकेट के रूप में सोफी डिवाइन को शिखा पांडे ने पगबाधा किया। सोफी ने 27 गेंदों में 32 रन बनाए। दूसरे विकेट के रूप में कप्तान स्मृति मंधाना 31 रन बनाकर आउट हुई। एलिस पेरी ने 37 गेंदों में नाबाद 35 रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेली और ऋचा घोष 17 रन पर नाबाद रहीं। बेंगलुरु ने 19.3 ओवर में 115 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। दिल्ली की शिखा पांडे और मिन्नू मनी ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले दिल्ली ने बेंगलुरु को 114 रन का लक्ष्य दिया था। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान मेग लानिंग और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। आठवें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने वेयरहम के हाथों शेफीली वर्मा कैच आउट कराया। शेफाली ने 27 गेंदों में 44 रन रन बनाए। अगले ओवर में श्रेयंका पाटिल ने कप्तान मेग लानिंग को 23 रन पर पगबाधा किया। इसके बाद दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज बेंगलुरु की फिरकी का सामना नहीं कर सका। मैरिजेन कप्प 8 रन, जेस जॉनसन 3 रन, राधा यादव 12 रन, मिन्नू मनी 5 रन और अरुंधति रेड्डी 10 रन बनाकर आउट हुई। जेमिमा रॉड्रिग्स, ऐलिस कैप्सी और तानिया भाटिया खाता भी नहीं खोल पाईं। शिखा पांडे 5 रन पर नाबाद रही। बेंगलुरु की श्रेयंका पाटिल ने 4, सोफी मोलिन्यू ने 3 और सोभना आशा ने दो विकेट लिए।

## गुलवीर ने 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान पाया।

इस खिलाड़ी ने स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकेंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए 28 मिनट, 2.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकेंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकेंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है। भारतीय एथलीट अविनाश साबले अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे। महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में भारत की पारूल चौधरी 32 मिनट, 0 2.08 सेकेंड का समय लेकर 20वें स्थान पर रही।

## मैनचेस्टर सिटी छठी बार सेमीफाइनल में



एफए कप

**लंदन, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी ने बर्नार्डो सिल्वा के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से न्यूकासल को 2-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैनचेस्टर सिटी ने इस तरह से एफए कप के 153 साल के इतिहास में लगातार छठी बार सेमीफाइनल में पहुंचकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। इस बीच दूसरी श्रेणी की टीम कोवेंट्री ने स्टॉपेज टाइम में दो गोल करके वॉल्वरहैम्प्टन को 3-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। कोवेंट्री ने तब खिताब जीता था। एलिस सिम्स ने 10 मिनट के अतिरिक्त समय में पहला गोल करके कोवेंट्री को बराबरी दिलाई जबकि अमेरिका के स्ट्राइकर हाजी राइट ने उसकी तरफ से विजयी गोल दागा।



# बॉलीवुड हलचल

## मनोरंजन के साथ लोगों को प्रेरित भी करती है जहांकिला: कपिल



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव का कहना है कि फिल्म जहांकिला मनोरंजन के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है। पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की एक दिलचस्प कहानी जहांकिला के प्रीव्यू के अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और इरफान पठान मौजूद थे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा, मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेरे साथ जुड़ा हुआ है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है बल्कि प्रेरित भी करती है, और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है। विक्की कदम द्वारा निर्देशित फिल्म जहांकिला एक साधारण पृष्ठभूमि के युवक शिंदा की यात्रा का वर्णन करती है, जो पारिवारिक बलिदानों से प्रेरित होकर पुलिस बल में शामिल होता है।

## करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म क्रू के ट्रेलर में तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन के साथ दिलजीत दोसांझ की झलक देखने को मिली है। ट्रेलर के शुरुआत में एक ऑफिसर कहती हैं 'सोना कहां है?' बस इस डायलॉग के बाद से करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की एक उथल-पुथल वाली जर्नी की शुरुआत हो जाती है इसमें कोहिनूर नाम की एक एयरलाइन कंपनी है, जिसके इर्द-गिर्द फिल्म क्रू की कहानी घूमती रहती है। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### चिंटू की फिल्म शूरवीर के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म 'शूरवीर' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है जो लखनऊ में हो रही है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक योद्धा का किरदार निभाने रहे हैं, जिसने जिन्दगी हर उतार-चढ़ाव के बेहद संजीदगी से जिया है और हर मुश्किलों का सामना किया है। इस किरदार को निभाने के लिए चिंटू ने अपनी फिटनेस को काफी इम्प्रूव किया है और शूरवीर के जैसा दिखने के लिए मेहनत की है। शिवराम फिल्म एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' के निर्माता शिवराम हैं , वहीं लेखक एवं निर्देशक आर. के. शुक्ला हैं। सह निर्माता राकेश देवा पांडेय हैं। कार्यकारी निर्माता शेखर यादव है। छायांकन विजय आर. पांडेय व संगीत मधुकर आनंद और सावन कुमार ने तैयार किया है। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और मनोज गुप्ता हैं। एक्शन मास्टर हीरा यादव और मल्लेश हैं।

## नवरत्न और अंजली का गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय का होली गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज हो गया है। होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को नवरत्न पांडेय ने गाया है। गाने के वीडियो में नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय नजर आ रही है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि नवरत्न पांडेय हाथ मे रंग अबीर लिए अपनी प्रेमिका अंजली का इंतजार कर रहे हैं। अंजली जैसे ही उनके पास पहुंचती है तो नवरत्न पांडेय काफी खुश हो जाते हैं, लेकिन उनका दिल तब टूट जाता है जब उनकी प्रेमिका अंजली पांडेय उन्हें अपनी शादी कार्ड देती है। किसी दूसरे से अपनी प्रेमिका की शादी होने की बात जानकर नवरत्न बहुत दु:खी हो जाते हैं और उनका सारा अरमान चूर चूर हो जाता है। नवरत्न अपनी प्रेमिका अंजली से कहते हैं कि 'असहु फीका फीका लागे असो के ई होलिया ये जान... तू जात तारू चढ़िके डोलिया ये जान, दे दा एगो जहर के गोलिया ये जान...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकाश यादव हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# मालदीव की निगरानी से बाहरी पक्ष न हों चिंतित

माले, एजेंसी

- हिंद महासागर में पहली बार सुरक्षा के लिए तैनात किए ड्रोन



राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि मालदीव के क्षेत्र की निगरानी से किसी भी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए, जिसमें हिंद महासागर द्वीप समूह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए ड्रोन की पहली तैनाती भी शामिल है। दरअसल, उन्होंने विशाल समुद्री क्षेत्र की निगरानी के लिए अपने रक्षा बलों को बढ़ावा देने के उपायों की घोषणा की है।

राष्ट्रपति कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) एयर कोर और मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) को लॉन्च करने के लिए एक समारोह में बोलते हुए मुइज्जू की नवीनतम टिप्पणियां आईं। मुइज्जू ने समारोह में मालदीव की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए नई पहल की घोषणा की।

चीन समर्थक मालदीव के नेता की टिप्पणी मुइज्जू द्वारा भारत विरोधी बयानबाजी तेज करने के बाद भारत द्वारा उपहार में दिए गए हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले बैच के द्वीप राष्ट्र छोड़ने के कुछ दिनों बाद आई है।

मुइज्जू ने कहा कि देश अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि मालदीव कोई छोटा देश नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह द्वीप राष्ट्र नौ लाख वर्ग किलोमीटर तक फैला है और अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा, "मालदीव एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है और मालदीव के अधिकार क्षेत्र की निगरानी से किसी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे मालदीव के सभी देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों में बाधा नहीं आएगी। मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार तटरक्षक बल की क्षमता को दोगुना करेगी। इसके अलावा, एयर कॉर्प्स बेड़े का विस्तार करेगी और भूमि आधारित वाहनों और प्लेटफार्मों को बढ़ाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पद संभालने के बाद मुइज्जू ने भारत से द्वीप राष्ट्र से लगभग 90 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लिए कहा था।

## दवाओं की ऑनलाइन बिक्री की नीति बनाने को केंद्र ने मांगा समय

नई दिल्ली। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाने को लेकर केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट से और समय मांगा है।

केंद्र ने कहा- मुद्दा जटिल है और दवाओं की बिक्री के तरीके में किसी भी संशोधन के दूरगामी परिणाम होंगे। बता दें, हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नीति तैयार करने के लिए चार महीने का और समय दिया है। मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि सुनवाई की अगली तारीख से पहले मसौदा नीति तैयार नहीं होती है, तो अदालत के पास मामले को आगे बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

# इस समय फ्लैक्सी-कैप फंड या हाइब्रिड फंड में से क्या बेहतर

*इस समय स्मॉल और मिड कैप शेयरों का वैल्युएशन काफी हाई है। ऐसे में निवेश एक्सपर्ट इनसे जुड़े म्यूचुअल फंड्स में भी निवेश से बचने की सलाह दे रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में हाइब्रिड फंड और फ्लेक्सी-कैप फंड निवेश का बेहतर विकल्प हो सकते हैं।*

### इन बातों का रखें ध्यान

निवेश से पहले विभिन्न मार्केट साइकिल में फंड के प्रदर्शन का आकलन करें। फंड मैनेजर का ट्रैक रिकॉर्ड भी देखना चाहिए कि उसने कितनी सफलतापूर्वक किसी साइकिल का सामना किया है और बेंचमार्क या अन्य फंड के मुकाबले कितना रिटर्न दिया है। निवेशकों को फ्लेक्सी-कैप स्कीम के निवेश उद्देश्य को समझना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि यह उनके निवेश लक्ष्यों के अनुरूप हो।



### क्या है हाइब्रिड या फ्लेक्सी-कैप फंड

हाइब्रिड फंड ग्रोथ और इनकम के बीच संतुलन हासिल करने के लिए इक्विटी और डेट जैसी एसेट क्लास के मिश्रण में निवेश करते हैं। ऐसे फंडों का आम तौर पर इक्विटी में लार्ज-कैप का तरफ झुकाव होता है। इससे बेहतर रिटर्न देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। मौजूदा मार्केट कंडीशन में फ्लेक्सी-कैप फंड लॉन्ग टर्म लक्ष्य रखने वाले निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हैं जो इक्विटी मार्केट के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं। चूंकि फंड मैनेजर बिना किसी प्रतिबंध के लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करते हैं, ऐसे फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न देते हैं और मुख्य एलोकेशन के लिए आदर्श हैं।

### कौन निवेश कर सकता हैं

इक्विटी एसेट क्लास के लिए, रिस्क प्रोफाइल अधिक होता है। यदि आपके पास बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान होने वाले नुकसान को सहन करने की क्षमता है, चाहे आप फ्रेशर हों या वरिष्ठ नागरिक हों, तो आप निवेश कर सकते हैं। अगर आपका लक्ष्य लंबी अवधि के लिए पूंजी बचाना है, तो इस तरह के फंड में आपके लिए एसेट एलोकेशन नहीं हो सकता है। इसलिए यह उन लोगों के लिए एक अच्छी श्रेणी है जो उच्च जोखिम वाले हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है जैसा कि हमने दो वर्षों में देखा है, जहां निवेशकों के सब कुछ खोने की संभावना होती है।

## एक नजर

### आज से 10 दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू करेंगे भारत-सेशेल्स

नई दिल्ली। भारतीय सेना हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रमकता के खिलाफ चिंताओं की साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए सेशेल्स के एक सैन्य अड्डे में द्वीपीय राष्ट्र के सैनिकों के साथ 10 दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास करेगी। भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अनुरूप अभ्यासों के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण भी करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग 115 द्वीपों का एक रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपसमूह है और भारत देश के साथ रक्षा सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### गोवा में ट्रक घाटी में गिरा, एक की मौत, पांच बच्चों समेत 13 जख्मी

पणजी। दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक घाटी में गिर गया। घटनामें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी हुए हैं। वहां से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी पीड़ितों की मदद की। सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और उन्होंने अपनी कारों से उतरकर पीड़ितों की मदद की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया और वह घाटी जा गिरा। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से जख्मी है। घायलों को गोवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

### अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन के बंदरगाह पर किए हवाई हमले

सना। यमन के बंदरगाह शहर होदेइदाह पर अमेरिका और ब्रिटेन ने शनिवार देर रात चार हवाई हमले किए। हूती नियंत्रित मीडिया ने बताया है कि, हमलों में शहर के दक्षिणी जिले दुरयहीमी को निशाना बनाया गया। हमलों में हताहत और क्षति की कोई सूचना नहीं है। बता दें, अमेरिका-ब्रिटेन इससे पहले भी कई बार कार्रवाई कर चुका है। हूति विद्रोही लाल सागर में लगातार मालवाहक जहाजों पर हमला कर कर रहे हैं। भारतीय नौसेना भी नजर रखे हुए है, कई हमलों को विफल भी किया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने जनवरी के मध्य से यमन में हूती ठिकानों के खिलाफ जवाबी हवाई और मिसाइल हमले किए हैं।

### अफगानिस्तान: बस और तेल टैंकर के बीच टक्कर, 21 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के हेरात-कंधार राजमार्ग पर रविवार सुबह बस और तेल टैंकर के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 से अधिक लोग घायल हैं। हादसे घायल लोगों में से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हेलमंद प्रांत के सूचना और संस्कृति निदेशालय ने कहा कि यह घटना रविवार सुबह हेलमंद प्रांत के ग्रिश्क जिले के यखचल में हुई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना एक बस के मोटरसाइकिल से टकराने और फिर तेल से भरे टैंकर से टक्कर के कारण हुई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

# पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय, युद्ध के बीच संपन्न हुआ मतदान

## तीन नेताओं ने दी राष्ट्रपति को चुनौती, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों के समर्थक

मॉस्को, एजेंसी

रूस में शुक्रवार से शुरू हुए राष्ट्रपति चुनाव रविवार को थम गया। पहली बार रूस में राष्ट्रपति के लिए 3 दिनों तक मतदान हुआ है। साथ ही, यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है, जिसमें डिजिटल वोटिंग हुई है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद हो रहे पहले राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय हो गया है, क्योंकि उनके सामने उतरे तीनों प्रत्याशी उन्हीं के समर्थक हैं। वे यूक्रेन युद्ध सहित सभी मुद्दों पर पुतिन के साथ हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन 6 साल तक यानी 2030 राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे। पुतिन और उनके विरोधी दोनों के लिए यह चुनाव रेफरेंडम (जनमत संग्रह) जैसा है। लेकिन, यह विपक्ष रहित चुनाव है, क्योंकि पुतिन या यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले किसी प्रत्याशी को चुनाव ही नहीं लड़ने दिया गया। पिछले 20 साल में पुतिन का विरोध करने वाले 16 नेताओं की हत्या हो चुकी है। दो बड़े विपक्षी नेताओं इल्या याशिन 8 साल और व्लादिमिर कारा मुर्जा को 25 साल की जेल की सजा हुई है। कई विरोधियों को रूस से भागना पड़ा है। 2018 के चुनाव के बाद रूस में विपक्ष का दमन जारी है। 2018 में पुतिन के खिलाफ एलेक्सी नवेलनी ने चुनाव लड़ने की कोशिश की थी लेकिन उनका दावा खारिज कर दिया गया। 16 फरवरी को आर्कटिक जेल में उनकी मौत हो गई। करीब सवा लाख रूसियों को राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा है।

### पुतिन के सामने पहले चुनाव में 14 प्रत्याशी थे



रूस में राष्ट्रपति की रेस में पुतिन सहित 4 प्रत्याशी हैं। अन्य तीनों प्रत्याशी पुतिन समर्थक हैं और यूक्रेन मुद्दे पर भी पुतिन के साथ हैं। वर्ष 2000 में जब पुतिन ने पहला चुनाव लड़ा, तो सामने 14 प्रत्याशी थे। अब पुतिन की ताकत बढ़ने के साथ-साथ प्रत्याशियों की संख्या 3 पर आ गई। बता दें, पुतिन रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। 1999 में रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने पुतिन को कार्यकारी राष्ट्रपति बनाया था। एक सर्वे के मुताबिक, पुतिन को 75 फीसदी वोट मिल सकते हैं। बता दें, पुतिन रिकॉर्ड जीत चाहते हैं ताकि कह सके कि यूक्रेन पर पूरा रूस उनके साथ है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन चाहते हैं कि 70 फीसदी वोटिंग हो और 80 फीसदी वोटों के साथ उनकी रिकॉर्ड जीत हो। पहले चरण में किसी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट न मिले, तो दूसरे चरण की वोटिंग का नियम है।

### बड़े पदों पर आसीन नेताओं ने दी पुतिन को चुनौती

लियोनिड स्लट्स्की रूस की प्रमुख राजनीतिक पार्टी लिबल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ रूस यानी एलडीपीआर के शीर्ष नेता हैं। वह साल 2022 से पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और स्टेट ड्यूमा कमेटी के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के चेयरमैन हैं। दूसरे व्लादिस्लाव दावनकोव रूस की न्यू पीपल पार्टी के नेता हैं और रूस की स्टेट ड्यूमा में साल 2021 से उपाध्यक्ष हैं। वहीं रूसी कम्युनिस्ट नेता निकोलाई खारितोनोव भी स्टेट ड्यूमा के सदस्य हैं और 1994 से ड्यूमा का हिस्सा हैं। निकोलाई आर्कटिक क्षेत्र के विकास के लिए बनी समिति के अध्यक्ष हैं।

## जनादेश चुराने वालों के खिलाफ हो देशद्रोह की कार्रवाई



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फरवरी में हुए आम चुनाव में कथित तौर पर जनादेश चुराने वाले अधिकारियों के खिलाफ देशद्रोह की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।

खान की यह टिप्पणी तब आई जब उन्होंने शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात की। इस मामले में इमरान के अलावा उनकी पत्नी बुशरा बीबी, सहयोगी फराह गोगी और दिग्गज कारोबारी मलिक रियाज भी शामिल हैं। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित 90 से अधिक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में अधिकतम सीट जीती थीं, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन और भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने चुनाव के बाद समझौता किया और देश में गठबंधन की सरकार बनाई।

# सीएए का विरोध करने वालों को भारतीय इतिहास की समझ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की आलोचना पर की टिप्पणी



अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की आलोचना करने वालों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है।

शनिवार देर रात कार्यक्रम में जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए। जयशंकर ने कहा 'आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिका की राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा। जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि 'मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं।

मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए।

## ब्रिटेन में भाजपा के समर्थन में कार रैली का आयोजन

लंदन। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके ने लंदन में एक कार रैली का आयोजन किया। कार रैली का आयोजन भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया है।

हैरो सांसद और पद्मश्री विजेता बॉब ब्लैकमैन ने कहा-भारतीय चुनाव दुनिया में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद है। भारत में जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब से भारत और ब्रिटेन के बीच दोस्ती और मजबूत हुई है। भाजपा सरकार के कारण भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है। हम यूके और भारत के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं।



यातायात ठप...

शिमला: हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में हुई बर्फबारी और बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कुल 259 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं। स्थानीय मौसम कार्यालय ने राज्य को प्रभावित करने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के आज से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की आशंका है, जबकि ऐसा ही एक और विक्षोभ बुधवार की रात से इस क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

# पुणे: एनआईए की कार्रवाई, आतंकियों से जुड़ी संपत्तियों को किया कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएसआईएस मॉड्यूल मामला: संपत्तियों का आतंकी मकसद के लिए किया जा रहा था इस्तेमाल

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में 11 आतंकियों की चार अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। एनआईए ने रविवार को कहा कि कोंढवा पुणे (महाराष्ट्र) में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आतंकियों से जुड़ी हुई हैं। एनआईए ने बताया कि इन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकवादी मकसद के लिए किया जा रहा था।

यह कार्रवाई देश में वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए की गई है। इन चारों संपत्तियों का इस्तेमाल आईईडी बनाने, इसके प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। बता दें कि एनआईए इस मामले में पहले ही सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आवासीय घर और फ्लैट हैं। ये संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन के नाम पर थी। यह मामला महाराष्ट्र, गुजरात और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर आईईडी फैब्रिकेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप के माध्यम से आतंकवादी फैलाने की साजिश से जुड़ा है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने अपने देश की समुद्री सीमा में मछली पकड़ रहे 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों को शनिवार को जाफना के पास से गिरफ्तार करने के बाद कांकेसनथुरै बंदरगाह ले जाया गया। नौसेना ने उनकी दो नौका भी जब्त कर ली है।

इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को 15 भारतीय मछुआरों को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कारैनगर तट के पास हिरासत में लिया था। इस वर्ष अभी तक लगभग 146 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 2023 में श्रीलंकाई नौसेना ने 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी 35 नौका जब्त की।

# अगर मैं राष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना गया तो होगा खून-खराबा

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप ने रैली में दी खुली चेतावनी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इस साल के आखिर में होने वाले चुनावों में वह नहीं चुने जाते हैं तो देश में 'खून-खराबा' होगा। एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता तो यहां खूनखराबा होगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय है।

दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस समय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं।



### खून-खराबा वाले बयान पर भड़की बाइडन की पार्टी

डोनाल्ड ट्रंप के खून-खराबा वाले बयान पर अब राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रचार अभियान के प्रवक्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। साल 2021 में जब डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में जबरन घुस आई थी। इस पूरी घटना में कम से कम 100 पुलिस कर्मी घायल हुए थे। साथ ही दंगे के दौरान और दंगे के बाद कम से कम नौ लोगों की मौत हुई थी।

शोध — अमेरिका के ड्यूक विवि ने किया अध्ययन, पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया बढ़ने की आशंका

# पड़ोसी की वजह से दिमाग उम्र से 3 साल हो जाता है बूढ़ा

वाशिंगटन, एजेंसी

आपकी जिंदगी पर दोस्तों और पड़ोसियों का गहरा असर होता है। यही नहीं आप जिस जगह रहते हैं, वहां के हालात से तय होता है कि आपकी याद्दाश्त कैसी होगी। अमेरिका के ड्यूक विश्वविद्यालय में हुई शोध के मुताबिक, अगर आपके पड़ोसी अच्छे नहीं हैं तो आपका दिमाग 3 साल जल्दी बूढ़ा हो जाएगा।

यह शोध करने वाले ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ता कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया-सिजोफ्रेनिया जैसी चीजों को भूलने की बीमारी होने की आशंका 43 फीसदी तक बढ़ जाती है। दरअसल 45 साल की उम्र से ही उनका दिमाग पड़ोस के खराब माहौल के दबाव को झेलने की क्षमता खोने लगता है। ऐसे इलाकों में रहने वाले लोगों के दिमाग में नर्व पूरी सूचना नहीं पहुंचा पाता।

क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबेन कहते हैं- डिमेंशिया से बचने की तैयारी डायग्नोज होने से 20 साल पहले करने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि डिमेंशिया की शुरुआत तभी हो चुकी होती है। डायग्नोज बाद में होता है।

पिछड़े इलाकों में सबसे ज्यादा मरीज होते हैं। रोजाना कुछ देर की एक्सरसाइज से आप बॉडी के साथ माइंड को भी फिट एंड फाइन रख सकते हैं। एक्सरसाइज से ब्रेन में हैप्पी हॉर्मोन्स रिलीज होते हैं, जो आपको स्ट्रेस फ्री रखने में मदद करते हैं। इससे अल्जाइमर, डिमेंशिया का खतरा काफी हद तक कम होता है। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे मोटापा, हार्ट प्रॉब्लम्स और कैंसर की खतरा बढ़ जाता है और ये दिमाग और तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित करते हैं। जिससे बढ़ती उम्र के साथ डिमेंशिया हो सकता है। गौरतलब है कि, इस सर्वे को करने वाले क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबन कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल खराब है, तो सिजोफ्रेनिया-डिमेंशिया जैसी बीमारियों के होने की संभावना 43% तक बढ़ जाती है। ऐसा टॉक्सिक एन्वॉयरमेंट 45 साल की उम्र से ही आपके दिमाग को प्रभावित करने लगता है।

### दैनिक जीवन में करें ये जरूरी बदलाव



लगातार बढ़ता वजन और मोटापा ब्लड प्रेशर से लेकर टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ा सकता है। ये दोनों ही डिमेंशिया से कनेक्टेड हैं, तो इससे बचे रहने के लिए बैलेंस डाइट लेना जरूरी है। डाइट में ताजे फल, सब्जियों, मेवों, बीज, दालें और साबुत अनाज को खासतौर से शामिल करें। इसके साथ ही जंक, प्रोसेस्ड और डिब्बाबंद फूड आइटम्स अवॉयड करें।

# ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट में खुलासा, फरवरी तक दो हजार घुसपैठ की कर चुके हैं कोशिश

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी हो गई है। ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या 5 हजार से ज्यादा हो गई है, जो 2022 में 2,612 थी। इसी तरह ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल को पार कर अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीयों की संख्या भी एक साल के दौरान बढ़ गई है।

2022 में 748 भारतीयों ने जान जोखिम में डालकर इंग्लिश चैनल को पार करने का खतरा उठाया था, जबकि 2023 में से संख्या 1192 हो गई। मालूम हो, 2023 में अमेरिका में अवैध रूप से घुसने वाले भारतीयों की संख्या भी रिकॉर्ड एक लाख को पार कर गई, जबकि 2022 में 65 हजार भारतीय ही अवैध रूप से अमेरिका में घुसे थे। ब्रिटेन में 2023 में अवैध रूप से घुसने वाले 1192 भारतीयों में से 60 फीसदी युवा हैं। ये 18-29 की आयु वर्ग के हैं। ये डावर, प्लेमाउथ से घुसने की कोशिश करते हैं। सबसे ज्यादा 5 हजार अफगान लोगों ने घुसपैठ की।

इस साल फरवरी तक कई देशों के लगभग दो हजार लोग घुसपैठ की कोशिश कर चुके हैं। 2023 में ब्रिटेन में शरण मांगने वाले 5 हजार से ज्यादा भारतीयों में से 140 की अर्जियों पर ही प्रारंभिक चरण पर विचार किया गया। ब्रिटेन में शरण मांगने के लिए 5 साल में तीन बार अर्जियां लगाई जा सकती हैं।